हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

**हेड कोच का ऋषभ पंत को जोरदार समर्थन, बोले- चैंपियन ज्यादा देर तक नहीं रुकते**

Page 09



देश

**राम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना के चैत्र नवरात्र के पहले दिन अयोध्या आएंगी राष्ट्रपति**

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • सोमवार • 16 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 103 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,46,350 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1910** : भारत और इंग्लैंड, दोनों के लिए खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर इफ्तिकार अली खान पटौदी का जन्म।

**2013** : भारत के मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

## न्यूज बाइट्स

### एआई तकनीक से बिहार में भूमि सर्वेक्षण कार्य होगा पारदर्शी : विजय सिन्हा

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा कि राज्य में भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के उपयोग से अधिक पारदर्शी, तेज और विश्वसनीय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक को अपनाकर राजस्व प्रशासन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को जमीन से जुड़े मामलों में सरल, त्वरित और बेहतर सेवाएं मिल सकें। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि एआई आधारित कार्यप्रणाली से विभाग की दक्षता बढ़ेगी और भूमि सर्वेक्षण के कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीक के इस्तेमाल से भूमि अभिलेखों के रख-रखाव और सत्यापन की प्रक्रिया अधिक सटीक और व्यवस्थित होगी, जिससे जमीन से जुड़े विवादों को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

### टीआरई-4 की अधिसूचना जारी करने की मांग को लेकर 18 मार्च को आंदोलन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा टीआरई-4 की अधिसूचना जारी नहीं किए जाने से शिक्षक अभ्यर्थियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसे लेकर 18 मार्च को आंदोलन करने की घोषणा की गई है। छात्र नेता दिलीप कुमार ने रविवार को राजधानी के वीरचंद पटेल पथ में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि टीआरई-4 के लाखों अभ्यर्थी पिछले दो वर्षों से रिक्तियों उन्होंने कहा कि आयोग को अधियाचना मिले एक महीने से अधिक समय बीत चुका है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में आयोग ने सूचना जारी कर बताया था कि अधियाचना प्राप्त हो चुकी है और जल्द ही टीआरई-4 की अधिसूचना जारी की जाएगी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इससे लाखों अभ्यर्थियों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभ्यर्थियों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। अब आंदोलन ही एकमात्र रास्ता बचा है। उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर 18 मार्च को पटना कॉलेज से बिहार लोक सेवा आयोग कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा और टीआरई-4 की अधिसूचना जल्द जारी करने की मांग की जाएगी।

# पांच राज्यों में चुनावी बिगुल

**बंगाल में दो चरण और बाकी चार राज्यों में एक चरण में मतदान**

**एजेंसी | नई दिल्ली**



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान कराया जाएगा, जबकि असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में एक ही चरण में मतदान होगा। सभी राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

चुनाव आयोग के अनुसार असम, केरल और पुडुचेरी की सभी विधानसभा सीटों पर 9 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा, जबकि तमिलनाडु की सभी विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल और दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को कराया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इन पांच राज्यों में कुल 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन राज्यों में कुल 824 विधानसभा सीटें हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए लगभग 25 लाख कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी और करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इन राज्यों में प्रति मतदान केंद्र औसतन 750 से 900 मतदाता होंगे। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार असम में लगभग 2.25 करोड़, केरल में 2.7 करोड़, पुडुचेरी में 9.44 लाख, तमिलनाडु में 5.67 करोड़ तथा पश्चिम बंगाल में 6.44 करोड़ मतदाता हैं। चुनाव आयोग ने हाल ही में इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयोग ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता उत्साह और जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

चुनाव आयोग के अनुसार असम विधानसभा का कार्यकाल 20 मई, केरल विधानसभा का 23 मई, तमिलनाडु विधानसभा का 10 मई, पश्चिम बंगाल विधानसभा का 7 मई और पुडुचेरी विधानसभा का कार्यकाल 15 जून को समाप्त हो रहा है। इससे पहले ही इन राज्यों में नई विधानसभा का गठन कर लिया जाएगा।

### चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए नई पहल

भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने, मतदाताओं के अनुभव को बेहतर करने और सभी संबंधित पक्षों को समय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए नई पहल शुरू की हैं।

उन्होंने बताया कि इन पहलों में सबसे महत्वपूर्ण विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत मतदाता मतदान केंद्र के द्वार के बाहर अपना मोबाइल फोन जमा कर सकेंगे, फिर अंदर जाकर मतदान करेंगे और बाहर निकलने के बाद अपना मोबाइल वापस ले सकेंगे। इसके अलावा मतदाताओं की सुविधा के लिए इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन पर सभी उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मतदाताओं को उम्मीदवार की पहचान करने में आसानी होगी।

### किन सीटों पर होगा उपचुनाव?

गोवा की पोंडा विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा।

कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ विधानसभा सीट पर भी मतदान होगा।

नागालैंड की कोरिडांग और त्रिपुरा की धर्मनगर सीट भी इस उपचुनाव में शामिल हैं।

गुजरात और महाराष्ट्र की सीटें

गुजरात की उमरेठ विधानसभा सीट पर 23 अप्रैल को मतदान होगा।

महाराष्ट्र की राहुरी और बारामती विधानसभा सीट पर भी इसी दिन वोट डाले जाएंगे।

इन सभी आठ सीटों की मतगणना 4 मई को की जाएगी और उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। इसी दिन देश के अलग-अलग राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के नतीजे भी घोषित किए जाएंगे।

# नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, सात लोगों की मौत, सात घायल

**एजेंसी | काठमांडू(नेपाल)**



नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार की रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई, जिससे 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य यात्री घायल हो गए। सभी श्रद्धालु मनकामना मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक छोटी यात्री बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी। इसी दौरान बस सड़क से फिसलकर करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। घायल सात यात्रियों को इलाज के लिए भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। प्रशासन के मुताबिक बस मनकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी क्षेत्र की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक बचाव और राहत कार्य जारी रहा। पुलिस ने बताया कि हादसे के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। गोरखा जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है। स्थानीय समाचार पत्र हिमालयन टाइम्स के अनुसार बस का चालक सुरक्षित बच गया, जबकि उसका सहायक इस हादसे में घायल हुआ है। विश्व बैंक की एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाला आर्थिक नुकसान 2007 के बाद तीन गुना बढ़ चुका है और यह अब देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद का लगभग 1.5 प्रतिशत हो गया है।

## बिहार में भीषण सड़क हादसे, छह लोगों की मौत

**निज संवाददाता | पटना/गयाजी**

बिहार के तीन अलग-अलग जिलों में हुए सड़क हादसों में कुल छह लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ताजा घटना गयाजी की है, जहां सिविल कोर्ट अटेंडेंट की परीक्षा देने आए दो छात्रों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया। वहीं भोजपुर के आरा और जमुई में हुए अलग-अलग हादसों में चार अन्य लोगों की जान चली गई।

गयाजी के कोतवाली थाना क्षेत्र में सिविल कोर्ट अटेंडेंट की परीक्षा देने आए तीन छात्र परीक्षा केंद्र का पता कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पहले एक ठेले को टक्कर मारी और फिर पास खड़े दो छात्रों को कुचल दिया। इस हादसे में भोजपुर जिले के भसडरा निवासी आशुतोष कुमार (25) और मुजफ्फरपुर के रमेश कुमार (27) की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था। घटना के बाद पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर जब्त कर लिया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। वहीं भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के तिवारीडीह ओवरब्रिज के पास शनिवार रात एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के गौंडाढ़ निवासी मनीष भट्ट (27) और तरारी थाना क्षेत्र के बगसांडा गांव निवासी लव कुमार (22) के रूप में हुई है। घायलों में राजू कुमार, सोनू शर्मा, आशीष कुमार, नीरज कुमार और हरी ओम शर्मा शामिल हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार मनीष अपनी बहन को पीरो बस स्टैंड पर छोड़ने गया था। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ तिवारीडीह गांव में चल रहे यज्ञ में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर अचानक आए एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सामने खड़े ट्रक से टकरा गई। इधर जमुई जिले के जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो में टक्कर मार दी। इस हादसे में चौड़ीहा निवासी सौदागर पासवान (26) और प्रदीप पासवान (27) की मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना के समय स्कॉर्पियो चालक टॉयलेट के लिए वाहन से नीचे उतरा हुआ था, जिससे उसकी जान बच गई।

## घरेलू एलपीजी उत्पादन में लगभग 31 प्रतिशत की वृद्धि : केंद्र सरकार

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने बताया है कि देश में घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तेल शोधन कारखानों में एलपीजी उत्पादन में लगभग 31 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह जानकारी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित चौथे अंतर-मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में दी गई।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी स्थिति को देखते हुए देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता घरों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को बिना किसी बाधा के जारी रखना है। मंत्रालय के अनुसार वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए एलपीजी की आपूर्ति पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हालांकि देश में कहीं भी एलपीजी वितरकों के पास आपूर्ति बंद होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। घबराहट में की जा रही खरीदारी के कारण एलपीजी की बुकिंग में अचानक वृद्धि देखी गई है। सामान्य दिनों में जहां प्रतिदिन औसतन 55.7 लाख बुकिंग होती थी, वहीं हाल के दिनों में यह संख्या बढ़कर लगभग 88.8 लाख तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने बताया कि उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति उपलब्ध करा दी गई है। वर्तमान में सिलेंडरों की लगभग 84 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की भूमिका भी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर निगरानी रखने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हरियाणा और गोवा के मुख्यमंत्रियों ने राज्य में एलपीजी की मांग और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं।

## ईरान में फंसे करीब 1000 भारतीय छात्रों की वापसी लायेगी सरकार

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** ईरान में जारी तनाव के बीच वहां फंसे करीब एक हजार भारतीय छात्रों को सुरक्षित भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस दिशा में केंद्र सरकार स्तर पर पहल की जा रही है। भारतीय संसद के भारत–ईरान संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष और सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी को लेकर सरकार गंभीर है और उन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने तिरहुत क्षेत्र के स्नातक और शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ संवाद के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि भारत में शिया समुदाय के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं और उनका ईरान से धार्मिक व सांस्कृतिक संबंध रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान सांसद ने बताया कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशी अभिषेक झा की ओर से एक सहायता दूरभाष संख्या जारी की गई है। इस सहायता संख्या के माध्यम से शिक्षक सोमवार से शनिवार तक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

# सीओ 24 घंटे में काम पर लौटें तो नहीं होगी कार्रवाई : विजय सिन्हा

**निज संवाददाता | पटना**



उपमुख्यमंत्री एवं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल पर गए चलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे 24 घंटे के भीतर काम पर लौट आते हैं तो उनके खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर काम पर लौट आएंगे, उनकी दोनों हड़ताल अवधि का समायोजन कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि मार्च का महीना राजस्व विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इस समय कई जनहितकारी अभियान चल रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा, राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों का निष्पादन तथा मुख्यमंत्री के निर्देश पर चल रहे ई-मापी अभियान जैसे महत्वपूर्ण कार्य जारी हैं। ये सभी कार्य सीधे जनता से जुड़े हुए हैं और इनका लक्ष्य 31 मार्च तक पूरा करना है।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने संवाद और समन्वय का रास्ता अपनाया है। अंचल कार्यालयों से जुड़े कार्य आम लोगों की जमीन, प्रमाण पत्र और राजस्व सेवाओं से सीधे संबंधित होते हैं, इसलिए वर्ष के अंतिम माह मार्च में इन सेवाओं पर आंशिक प्रभाव भी उचित नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि सुधार उप समाहर्ताओं से जुड़ा मामला सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित है। यदि अधिकारी काम पर लौटते हैं तो उनकी मांगों पर उदारतापूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दबाव की राजनीति से किसी समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता का काम करते हुए परिणाम देने से ही किसी भी अधिकार या मांग को पूरा कराया जा सकता है। सरकार जायज समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील है, लेकिन प्रशासनिक अनुशासन और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है।




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### नशा उन्मूलन कानून पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पटना**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर माननीय श्री आशुतोष कुमार झा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा तथा श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में दिनांक 15.03.2026 को नवादा प्रखंड अंतर्गत भगवानपुर ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में नशा उन्मूलन कानून एवं नशा पीड़ितों को उपलब्ध विधिक सहायता के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अमन कुमार, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा ने बताया कि समाज में नशा से पीड़ित लोगों को नशामुक्त बनाने तथा उन्हें उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता की जानकारी देने के उद्देश्य से इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशा से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समाज से नशा उन्मूलन के लिए आम लोगों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे स्वयं नशा से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज—तीनों के लिए विनाश का कारण बनता है। आज के युवा वर्ग में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस अवसर पर प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारीगण, जिले के गणमान्य व्यक्ति, श्री अमन जैन, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, नवादा तथा पारा विधिक स्वयंसेवक श्री रामानुज कुमार उपस्थित थे।

### अग्निशमनकर्मियों द्वारा लोगों को आगजनी से बचाव को लेकर किया जा रहा जागरूक


ग्रामीणों से बातचीत करते अग्निशमनकर्मी

**रजौली**। रजौली प्रखंड के विभिन्न गांवों में अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सैकड़ों महिलाओं और ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में सावधानी बरतने और उससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं, इसलिए घरों में खाना बनाते समय, बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय और खेतों में पराली या कचरा जलाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं को रसोईघर में गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, आग लगने पर तुरंत क्या करना चाहिए और आग बुझाने के प्राथमिक उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया। मौके पर मौजूद अग्निक प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की आग लगने की घटना होने पर तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें और घबराने के बजाय सतर्कता के साथ बचाव के उपाय अपनाएं। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान से लोगों में सुरक्षा के प्रति समझ बढ़ेगी और आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव में मदद मिलेगी। इस अवसर पर चालक तुना कुमार, कौलेंद्र कुमार और आनंद दुबे ने भी ग्रामीणों को आग से बचाव के व्यावहारिक तरीके समझाए और छोटे-छोटे उपायों से बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने की जानकारी दी। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने भी सवाल पूछकर जानकारी प्राप्त की।

### कोटवा ओवर ब्रिज पर तीन ट्रक आपस में भिड़े बड़ा हादसा टला,चालक घायल



**कोटवा**। थाना क्षेत्र के कोटवा चौक एन एच 27 ओवर ब्रिज पर एक बड़ी दुर्घटना होते होते टली। बताया जाता है कि दिल्ली जाने वाली एक बस को बचाने में तीन ट्रक आपस में टकड़ा गए।जिसमें एक ट्रक तो असंतुलित हो कर ओवर ब्रिज की रेलिंग पर चढ़ गया और आगे का टायर ब्लास्ट हो कर रुक गया।अगर टायर नहीं फटता तो ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए ओवर ब्रिज के दूसरी तरफ जाती जिससे कई लोग उसके चपेट में आ जाते।दुर्घटना में घायल ट्रक चालक सुरेश यादव ने बताया आगे चल रही एक बस के अचानक रुकने से उसके पीछे चल रही ट्रक अनियंत्रित हो कर एक दूसरे से टकरा गए।हालांकि उक्त बस दुर्घटना के बाद भाग निकला ।सूचना पर पहुंची स्थानीय थाना के एसआई बालेश्वर राय और डायल 112 टीम के अधिकारी बालिस्टर सिंह चालक मनोज सिंह ने आवागमन शुरू कराया।मामले में तीनों दुर्घटना ग्रस्त ट्रकों को फिलहाल पुलिस निगरानी में रखा है।थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# करिगांव में आयोजित ट्रैक्टर प्रदर्शन में पहुंचे सैकड़ों किसान, दर्जनों ने की खरीदारी

## रजौली अनुमंडल क्षेत्र के किसानों ने मेसी फ़र्गशन ट्रैक्टर के प्रति जताया विश्वास


दीप प्रज्वलित करते किसान व कर्मी


प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर के साथ किसान व आयोजक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के करिगांव में रविवार को एलएनभी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर विनय साव के नेतृत्व में मेसी फार्गशन के पदाधिकारियों द्वारा ट्रैक्टर प्रदर्शनी किया गया। इस दौरान मेसी फ़ार्गशन के बिहार-झारखंड मार्केटिंग हेड अनिल यादव,टीएम नवादा राकेश यादव,डिमांस्ट्रेटर रमेश कुमार,फील्ड ऑफिसर ज्ञान प्रकाश व सर्विस इंजीनियर बीरेंद्र कुमार बिस्वाल के साथ शोरूम के हेड मैनेजर प्रशांत कुमार व राम कुमार भी मौजूद रहे। ट्रैक्टर प्रदर्शनी के दौरान पदाधिकारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि फ़ार्गशन की स्थापना वर्ष 1960 में हुई थी और बीते 65 वर्षों से मेसी फ़ार्गशन किसानों और व्यापारियों को उनकी जरूरत के अनुसार सेवा देते आ रही है। साथ ही कहा कि अन्य कंपनियों के ट्रैक्टरों के अपेक्षाकृत मेसी फ़ार्गशन की ट्रैक्टरें कम डीजल खपत करती है,जिससे किसानों व व्यापारियों को आर्थिक बचत होती है। इस दौरान मेसी ट्रैक्टरों के विभिन्न मॉडलों के बारे में डेमो देते हुए उसकी उपयोगिता व क्षमता का प्रदर्शन किया गया। वहीं शोरूम के हेड मैनेजर प्रशांत कुमार ने कहा कि जो किसान व व्यापारी अपनी उपयोगिता के अनुसार मेसी फ़ार्गशन की ट्रैक्टर मार्च में बुकिंग करवाते हैं,उन्हें शोरूम की ओर से एक कूलर निःशुल्क उपहार स्वरूप भेंट किया जाएगा। ट्रैक्टर प्रदर्शनी के दौरान मोहनपुर गांव निवासी सुबोध यादव व भेलाटांड़ निवासी ने 7250, करिगांव निवासी बालमुकुंद सिंह ने 7250 चैलेंजर, बहादुरपुर निवासी कृष्ण मुरारी रविदास व लोहसिंघना निवासी महेंद्र सिंह ने 8055,भट्ट बिगहा निवासी मुशर्रफ खान ने 244 फोरविल ड्राइव एवं बहादुरपुर के टुनटुन साव ने 1035 मॉडल के ट्रैक्टर की बुकिंग करवाई। इस मौके पर रजौली, सिरदला, अकबरपुर, गोविंदपुर, मेसकौर समेत अन्य प्रखंडों से टुटू राय,राजू यादव,शैलेश सिंह,भारतीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रूपेश धनराज, दीपू यादव, कैलाश यादव, लाली राजवंशी, संतोष चौधरी, प्रमोद सिन्हा, कामेश्वर पासवान, साधु यादव, दिलीप मिस्त्री समेत सैकड़ों किसान व व्यापारी मौजूद रहे।

## ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन


दावते इफ्तार में मौजूद नेता एवं अन्य

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। नवादा के माखर में स्थित ब्लेस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में रविवार की शाम आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देने के उद्देश्य से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मसीह उद्दीन और फसीह अहमद द्वारा किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए।

दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा, जदयू नेता अजय कुमार रविकांत, मंजूर आलम, डॉ राकेश कुमार, रोहित सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी सद्भाव व एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, तपस्या और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ता है तथा विभिन्न समुदायों के बीच रिश्ते मजबूत होते हैं। उन्होंने कहा कि दावत-ए-इफ्तार केवल एक धार्मिक परंपरा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और मेल-मिलाप का भी महत्वपूर्ण अवसर होता है।

आयोजकों सैयद मसीह उद्दीन और फसीह अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने देश और समाज में अमन-चैन तथा तरक्की की दुआ की। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस आयोजन में मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय प्रतियोगिता में कौआकोल की छात्राओं ने दिखाया जज्बा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। शिक्षा विभाग के सौजन्य से इक्विटी संभाग अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कौआकोल प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालय की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर जिला स्तर पर विद्यालय का मान बढ़ाया है। गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सन्दीप कुमार ने बताया कि नोडल शिक्षिका अंशु माला के नेतृत्व में विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा साधना ने नवादा टीचर ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित जिलास्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत हुई। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक निशा कुमारी ने बताया कि उनके विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा नाजमीन सदफ एवं नवमीं कक्षा की छात्रा रीता कुमारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने पुरस्कृत हुई बच्चियों के सफलता पर हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अफवाहों के धुएं के बीच राहत की आंच, रजौली में होम डिलीवरी से थमी गैस की किल्लत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। मध्य पूर्व के युद्ध की आहट ने जब सोशल मीडिया के जरिए रजौली की रसोई तक दस्तक दी, तो अचानक उपजी किल्लत की अफवाह ने उपभोक्ताओं के बीच अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। पिछले कई दिनों से निशा भारत गैस एजेंसी के गोदाम पर अहले सुबह से ही उमड़ने वाली भारी भीड़ इस बात का प्रमाण थी कि लोग भविष्य की अनिश्चितता को लेकर कितने सशंकित थे। आपूर्ति में आई आंशिक बाधा और केवल ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली ने इस बेचैनी को और हवा दी, जिससे घंटों कतार में खड़े होने के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। हालांकि, रविवार का सूरज एक राहत भरी खबर लेकर आया जब एजेंसी ने विभिन्न इलाकों में सक्रियता दिखाते हुए सीधे घरों तक सिलेंडर पहुंचाने की व्यवस्था शुरू की, जिससे सड़कों पर उमड़ी भीड़ में कमी आई और आम जनमानस ने राहत की सांस ली। लेकिन इस सकारात्मक पहल के समानांतर एक दूसरी चुनौती अब भी सिर उठाए खड़ी है, जहां डिजिटल इंडिया के दौर में तकनीकी खामियां उपभोक्ताओं की परेशानी का सबब बनी हुई हैं। तकिया मोहल्ला से लेकर बभन टोली तक के कई निवासी, जिनमें मुकेश कुमार जैसे उपभोक्ता शामिल हैं, आज भी ऑनलाइन बुकिंग की पेचीदगियों और सर्वर की विफलता से जूझ रहे हैं। विडंबना यह है कि एक ओर जहां सड़क पर लगने वाली कतारें होम डिलीवरी से खत्म हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर 'ऑनलाइन नंबर' न लग पाने की तकनीकी दीवार ने कई चूल्हों को ठंडा रहने पर मजबूर कर दिया है, क्योंकि बिना सफल बुकिंग और ओटीपी के एजेंसी चाहकर भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इस संबंध में गैस सिलेंडर वितरक एजेंसी संचालिका निशा कुमारी ने बताई कि गैस उपभोक्ताओं को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बुकिंग होने में थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,किंतु बुकिंग होने के बाद उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर डिलीवरी दिया जा रहा है। रविवार को पांच ऑटो,पिकअप,मैक्सिमो आदि से गैस सिलेंडर का वितरण किया किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा गैस सिलेंडर का स्टॉक किए जाने की होड़ में परेशानी उठानी पड़ रही है।

### तकनीकी बाधाएं अब भी बरकरार


गैस कनेक्शन धारियों के घरों तक सिलेंडर पहुंचाते वाहन

## काराकाट के राम रूप स्टेडियम में साइबर क्राइम जागरूकता मैच में पत्रकारों ने 2 विकेट से हराया पुलिस को, अमित कुमार बने हीरो

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**काराकाट/रोहतास**। साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रविवार संध्या राम रूप स्टेडियम गोडारी में आयोजित क्रिकेट महामुकाबले में पत्रकारों की टीम ने पुलिस टीम को रोमांचक दो विकेट से हरा दिया। करकट नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद रविश रंजन के सौजन्य से आयोजित इस मैच ने दर्शकों को अंतिम गेंद तक बांधे रखा।पुलिस टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 14 ओवरों में 152 रन बनाए। सीडीपीओ अनुमंडल बिक्रमगंज के रीडर शाहरुख ने धुंआधार शतकीय पारी खेली, जिसमें करीब पांच छक्के शामिल थे। उनके योगदान से पुलिस ने पत्रकारों को 153 रनों का लक्ष्य दिया। पत्रकारों की ओर से राहुल मिश्रा (प्रभात खबर) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हासिल किए, जबकि अभिषेक कुमार सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई।लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार टीम को पहले ही ओवर में शून्य पर पहला विकेट गंवाना पड़ा। मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने शानदार साझेदारी कर 100 रन जोड़े, लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे। पुलिस के गेंदबाज निशांत कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी से 3 विकेट लिए और अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए। 7 विकेट गिरने के बाद दैनिक भास्कर डिजिटल काराकाट के पत्रकार अमित कुमार मैदान पर उतरे। उन्होंने चार ओवर में नाबाद 42 रन ठोके और शेष तीन गेंद बाकी रहते ही मैच पलट दिया, जिससे पत्रकार टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज की।मैच समाप्ति पर विजेता पत्रकार टीम को ट्रॉफी प्रदान करने आगंतुक का पहुंचे, जबकि उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने टीम को सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच अमित कुमार को मुख्य पार्षद रविश रंजन ने पुरस्कार दिया। उपविजेता पुलिस टीम के कप्तान, काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार को भी सम्मानित किया गया। यह मैच न केवल मनोरंजन का साधन बना, बल्कि साइबर क्राइम जागरूकता का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया।

## लहरिया कट के दौरान हुआ हादसा

### खड़े टोटो में अनियंत्रित बाइक सवार ने मारी टक्कर,नवादा रेफर,पुलिस ने जब्त की बाइक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में बाइकों के साथ स्टंटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। इस स्टंटबाजी से नवयुवक अपनी जान के साथ-साथ दूसरे की जान को भी खतरे में डालते हैं। रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे ड्योढ़ी स्थित रजवरिया टोला के गोरे राजवंशी के छोटे पुत्र सन्नी कुमार बाइक संख्या बीआर56बी3572 पर स्टंटबाजी करते हुए कन्या मध्य विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा युवक बाइक को लहरिया कट से नचा रहा था,इसी बीच बाइक का संतुलन बिगड़ा और सड़क किनारे खड़े टोटो में जा टकराया। इस सड़क दुर्घटना में युवक के सिर और पैर में गम्भीर चोटें आई है,जबकि आम जनमानस बाल-बाल बच गए। सड़क दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 की टीम को दी गई एवं घायल युवक को उपचार हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अभिप्राय चौधरी ने बताया कि घायल युवक का प्राथमिक इलाज कर बेहतर ईलाज हेतु सदर नवादा रेफर किया गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद घायल युवक के पिता गोरे राजवंशी ने बताया कि वे मजदूरी करने गए हुए थे,उन्हें जानकारी नहीं थी कि उनका बेटा दूसरे के बाइक से स्टंट कर रहा है। वहीं डायल 112 में पदस्थापित एसआई दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना पर वे घटनास्थल पर पहुंचे एवं दुर्घटनाग्रस्त बाइक को सड़क से किनारे किया। उन्होंने बताया कि घायल युवक द्वारा बाइक के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है,इसलिए बाइक को थाना परिसर में सुरक्षित लगाया गया है। स्थानीय लोगों में मनीष सोनी, बब्लू पंडित ,रौशन कुमार, सुमित कुमार,मंटू सिंह समेत दर्जनों ने कहा कि रजौली मुख्यालय में सुबह और शाम के अलावे स्कूलों और कोचिंगों में छात्राओं के आवागमन के दौरान कुछ नवयुवकों द्वारा धड़ल्ले से बाइकों द्वारा स्टंटबाजी करते देखा जाता है।


दुर्घटनाग्रस्त बाइक को थाना ले जाती पुलिस

कई बार स्थानीय लोगों द्वारा नवयुवकों को पकड़ कर हिदायत भी दी जाती है,तो मामला झगड़े तक बढ़ जाता है। इस स्थिति में स्थानीय लोगों द्वारा ऐसे बाइक सवारों के विरुद्ध पुलिस व प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार में चलने वाले बाइक सवारों के विरुद्ध पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जब्त बाइक के कागजातों की जांच कर जुर्माना राशि वसूल की जाएगी। प्रभारी थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि बाइक से स्टंट करनेवालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# मॉडर्न टैलेंट सर्च एग्जाम 2026 हुआ संपन्न, परिणाम 18 को

- सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा दे चुके 353 विद्यार्थी हुए शामिल, मिलेगी शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति
- कम खर्च में नवादा में ही आईआईटी, नीट, क्लैट और एनडीए आदि परीक्षाओं की बेहतरीन तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बिहार-झारखंड के सीबीएसई बोर्ड के वैसे प्रतिभावान विद्यार्थी, जो अभी-अभी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 10वीं की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं और आगे सीबीएसई बोर्ड से 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई के साथ-साथ आईआईटी, नीट, क्लैट, एनडीए आदि प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षाओं की बेहतरीन तैयारी करने का लक्ष्य बनाए हुए हैं, उन सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, नवादा के द्वारा मॉडर्न टैलेंट सर्च एग्जाम 2026 (MTSE) का आयोजन रविवार को कुंती नगर स्थित विद्यालय में किया गया। इस परीक्षा में नवादा ,शेखपुरा ,लखीसराय, नालंदा सहित झारखंड के 353 विद्यार्थी शामिल हुए।परीक्षाफल 18 मार्च 2026 बुधवार को विद्यालय के सूचनापट्ट एवं विद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। विद्यार्थीगण इस परीक्षा में उत्तीर्ण होकर शत-प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का लाभ उठाकर स्थानीय शहर नवादा में ही सीबीएसई की +2 की पढ़ाई के साथ-साथ आईआईटी/नीट/क्लैट/एनडीए की बेहतरीन तैयारी कर सकते हैं।सर्वविदित है कि मॉडर्न इंगलिश स्कूल मगध क्षेत्र का एकमात्र ऐसा विश्वसनीय संस्थान है, जहां सीबीएसई की 11वीं एवं 12वीं की नियमित पढ़ाई के साथ-साथ आईआईटी, नीट, क्लैट, एनडीए आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की उच्चस्तरीय तैयारी राष्ट्रस्तरीय शिक्षकों द्वारा करवाई जाती है। मॉडर्न इंगलिश स्कूल अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन के लिए प्रसिद्ध है। परीक्षा 11:00 बजे पूर्वाह्न शुरू की गई, उसके बाद आगंतुक अभिभावकों को सभागार में बैठाया गया। जहां अभिभावकों को परीक्षा के संबंध में बात करते हुए मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि हमारे क्षेत्र से 10वीं की पढ़ाई करके बहुत अधिक संख्या में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं पटना, दिल्ली या कोटा आदि जाकर अपने समय, स्वास्थ्य एवं अनुशासन सबकुछ बर्बाद कर अवसादग्रस्त एवं असफल होकर वापस लौट रहे थे। अपने बेहतरीन विद्यार्थियों की ऐसी दशा हमारे लिए अत्यंत पीड़ादायी एवं चिंतित करने वाली थी। हमने ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक सशक्त स्थानीय विकल्प उपलब्ध कराने का संकल्प लेकर 2011 में एक पहल के रूप में मॉडर्न स्कूल में ही सीबीएसई की +2 की पढ़ाई के साथ-साथ आईआईटी, मेडिकल आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करवाने का शुभारंभ किया, जिसके अत्यंत सुखद परिणाम प्राप्त हुए। आज मॉडर्न स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थी नवादा में ही रहकर, अपने घर से पढ़ाई करके न केवल अपने माता-पिता के पैसे बल्कि अपना स्वास्थ्य एवं चरित्र भी बचाते हुए 12वीं की परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त कर रहे हैं और साथ ही साथ आईआईटी एवं मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करके देशभर के विभिन्न आईआईटी एवं मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई करके लाखों-करोड़ों का पैकेज प्राप्त कर रहे हैं। हर वर्ष आयोजित होने वाले इस टैलेंट सर्च एक्जाम में शामिल होने वाले साधारण परिवार के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अत्यंत कम खर्च में आईआईटी, मेडिकल आदि में आशातीत सफलता नवादा में ही रहकर प्राप्त कर सकते हैं, जिसके लिए अन्य लोग कोटा, दिल्ली, पटना जाकर अपने लाखों रुपये लुटा रहे हैं । हर वर्ष मॉडर्न विद्यालय के छात्र दशमी एवं बारहवीं की परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को विश्वास दिलाया कि मॉडर्न कभी भी छात्रों के हित से समझौता।विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास, धर्मवीर कुमार सिन्हा,मणिकांत मिश्रा आदि ने उपस्थित सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं उनकी हौसला अफजाई की। शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के द्वारा अभिभावकों को हर तरह की जानकारी दी गई।परीक्षा के संचालन में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर के प्राचार्य गोपाल चरण दास, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर के उप प्राचार्य एम. के. विजय, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया के उप प्राचार्य सुजय कुमार, न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य सुशील कुमार तथा शिक्षकों में से, मनीष कुमार पांडेय,रौशन मिश्रा, अखिलेश्वर सिंह, धर्म प्रकाश, उमेश पाण्डेय, मुकेश कुमार, विजय अकेला, विपुल कुमार, सुनील कुमार वर्मा,लक्की, हनी, अंजना दीक्षित, अनुमेहा कुमारी, विपुल कुमार इंद्रजीत मिश्रा चंद्रदीप प्रसाद दीपक पुष्टि एवं मुख्य अकाऊंटेंट समीर सौरभ सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### युवक की मिली लाश, हाथ-पैर टूटे थे, एक दिन पहले दोस्त के साथ घर से निकला था



**नालन्दा।** नालंदा में रविवार को एक युवक की लाश तलाब में मिली है। मृतक मो. फैजान (25) है। जो शनिवार शाम से ही लापता था। मृतक के पिता मो. शमीम उर्फ फेंकू ने कहा कि शनिवार को शाम 4 बजे मो. महफूज का बेटा आया और फैजान को अपने साथ ले गया। देर रात तक फैजान घर नहीं लौटा तो हमने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस बीच जानकारी मिली कि फैजान का दोस्त भी लापता है। रविवार की सुबह दोस्त घायल स्थिति में अपने घर पहुंचा। उसकी निशानदेही पर फैजान का शव बरामद हुआ। लाश मिलने के बाद फैजान का दोस्त फरार हो गया। शव की स्थिति देखकर परिजनों ने क्रूरता का आरोप लगाया है। मोहम्मद शमीम ने बताया कि बेटे की बेरहमी से पिटाई की गई है। शव पर चोट के गहरे निशान हैं, पूरा शरीर लाल पड़ा हुआ है और हाथ-पैर भी टूटे हुए हैं। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र के दक्षिणी मलाहविघा मोहल्ले की है। इस्लामपुर थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। हिलसा डीएसपी-2 कुमार ऋतू राज सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। डीएसपी कुमार ऋतू राज ने बताया कि पुलिस को केवाई रोड के पास एक शव सूचना मिली थी। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (FSL) की टीम को भी बुलाया गया है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के सही कारणों का खुलासा हो सके। पुलिस ने बताया कि परिजन से आवेदन प्राप्त कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। मृतक मोहम्मद फैजान की शादी महज डेढ़ साल पहले हुई थी और उसकी एक बच्ची भी है। वह पहले चूड़ी की फेरी का काम करता था और वर्तमान में अपने पिता की फल की दुकान में हाथ बटाता था।

### बिहारशरीफ में दो दिवसीय जॉब कैंप का होगा आयोजन बेरोजगार युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर




**नालन्दा।** नालंदा के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में आगामी 17 मार्च (मंगलवार) और 18 मार्च (बुधवार) को जिला नियोजनालय, नालंदा (ब्लॉक कैंपस, बिहारशरीफ) में दो दिवसीय विशेष जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि इस कैम्प में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां हिस्सा लेंगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर युवाओं का चयन किया जाएगा। जॉब कैम्प में फ्लिपकार्ट, स्वीगी, प्रथम फाउंडेशन, एलआईसी और पटेल एग्रो जैसी करीब 9 प्रमुख कंपनियां शामिल हो रही हैं। इसमें डिलीवरी एजेंट, सेल्समैन, मैनेजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, एचआर, केमिस्ट और बीमा सखी जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। फ्लिपकार्ट में डिलीवरी एजेंट के 50 पदों पर 15,000 से 30,000 रुपये मासिक वेतन और साप्ताहिक भुगतान की सुविधा दी जा रही है। वहीं, इलीट नेचुरल लिमिटेड की ओर से हेल्पर के 120 पदों के लिए 16,000 रुपये वेतन के साथ तीन समय का भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस कैम्प में शामिल होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास से लेकर स्नातक, बी.कॉम, बी.एससी और एमबीए निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को उनके पद और योग्यता के अनुसार 12,000 से लेकर 45,000 रुपए तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। कार्यस्थल बिहारशरीफ, राजगीर, पटना समेत दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहर भी हो सकते हैं। नियोजन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चूंकि नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, इसलिए नियोजन की शर्तों के लिए वे ही जिम्मेदार होंगे और नियोजनालय केवल एक सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 17 और 18 मार्च को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे के बीच अपने दस्तावेजों के साथ संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय में पहुंच सकते हैं।

### हरसिद्धि में पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 6 वारंटी और 3 पियक्कड़ गिरफ्तार

**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नौ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।गिरफ्तार लोगों में छह वारंटी और तीन शराब के नशे में पकड़े गए पियक्कड़ शामिल हैं। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में लंबित वारंटियों की गिरफ्तारी तथा शराबबंदी कानून के सख्त पालन को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। सभी को आवश्यक जांच-पड़ताल और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार वारंटियों में कुड़ी पाकड़ गांव निवासी बिकाऊ देवान (पिता करीम देवान), संतोष कुमार राम, मुख्तार देवान के पुत्र बैरिस्टर देवान, सिपाही देवान तथा झूना देवान, समसुल देवान (पिता अदालत देवान) शामिल हैं। ये सभी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के कुड़ी पाकड़ गांव के निवासी बताए गए हैं। वहीं शराब के नशे में पकड़े गए लोगों में गुड्डू कुमार (पिता दुखा दास) रितेश कुमार (पिता टुनटुन दास) निवासी अनसलवा थाना मुजफ्फरपुर तथा ललन कुमार (पिता सुरेंद्र प्रसाद) निवासी दुदही, हरसिद्धि थाना क्षेत्र शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में लागू शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही लंबित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस छापेमारी अभियान में एसआई अविनाश कुमार, पीएसआई अंकित कुमार, पीएसआई वनपाल अक्षय कुमार, पीएसआई शिखा कुमारी, पीएसआई नीलम कुमारी समेत अन्य पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

### चोरी गई बाइक दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये की ठगी

**तुरकौलिया।** जयसिंहपुर दक्षिणी पंचायत के बड़हारवा गांव में चोरी की गई बाइक को दिलाने के नाम पर गांव के ही एक युवक मंटू शर्मा द्वारा मजदूर से 10 हजार रुपये ठगी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहां बताया गया है कि बड़हारवा गांव के ललन सिंह के पुत्र अमरेंद्र कुमार की बाइक गत वर्ष अक्टूबर 2025 में दरवाजे से चोरी हो गई थी। चोरी के बाद वे अपनी बाइक की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही हरेंद्र शर्मा के पुत्र मंटू शर्मा ने अमरेंद्र को फोन कर कहा कि यदि वे उसे 10 हजार रुपये दें, तो वह चोरी हुई बाइक दिला देगा। पीड़ित मजदूर ने भरोसा कर मंटू शर्मा को फोनपे के माध्यम से 10 हजार रुपये दे दिए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद मंटू शर्मा लगातार तीन महीने से बाइक दिलाने के नाम पर टालमटोल कर रहा है और बाइक नहीं दिलाई है। अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने मंटू शर्मा के साथ हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग भी कर ली है, जिसे उन्होंने पुलिस को उपलब्ध कराया है। पीड़ित का आरोप है कि मंटू शर्मा ने साजिश के तहत ही उनकी बाइक चोरी कराई है और अब विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। मंटू आपराधिक चरित्र का व्यक्ति है। इस संबंध में तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी ने बताया कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए ऑडियो क्लिप की जांच हो रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित मंटू शर्मा की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### कोटवा पुलिस ने अंग्रेजी शराब किया बरामद,कारोबारी चिन्हित

**कोटवा।** थाना क्षेत्र के कोटवा फ्लाई ओवर के समीप कझिया से एक खेत में छुपाकर रखे गए 16.44 लीटर अंग्रेजी शराब कोटवा पुलिस ने बरामद किया है।थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि कझिया के एक खेत में अंग्रेजी शराब छुपाकर रखी गई है।पुलिस उक्त जगह पर पहुंची और तलाशी ली,पुलिस को देख अंधेरे का लाभ उठा कर कारोबारी भागने में सफल रहा।हालाकि कि थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि कोटवा थाना क्षेत्र के टलवा गांव निवासी नंदू सहनी को कारोबारी के रूप में चिह्नित कर लिया गया है।

# गया में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन सख्त, कालाबाजारी और जमाखोरी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया जिले में घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। डीएम के निर्देश पर प्रशासनिक और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिया गया है कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी या निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में गैस एजेंसियों की लगातार जांच और छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार रमन ने मानपुर स्थित नारायणी गैस एजेंसी का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एजेंसी में 1282 सिलेंडर का बैकलॉग पाया गया, जबकि गोदाम में मात्र 25 सिलेंडर ही उपलब्ध थे। इस स्थिति पर एसडीओ ने एजेंसी संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा। एजेंसी संचालकों ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा आवश्यकता से अधिक बुकिंग किए जाने के कारण बैकलॉग की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस पर एसडीओ ने निर्देश दिया कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले बुकिंग कराई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। ऑनलाइन बुकिंग में आ रही तकनीकी परेशानियों को देखते हुए फिलहाल उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मैन्युअल बुकिंग की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है।



जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गया जिले में घरेलू एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। सभी गैस कंपनियों और डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर एक साथ अधिक बुकिंग न करें। अधिकारियों के अनुसार पैनिक बुकिंग के कारण ही कई जगह बैकलॉग की स्थिति बन रही है, जिससे वितरण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। गैस वितरण प्रणाली की निगरानी के लिए जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। अपर जिला दंडाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर रहे हैं।

वहीं प्रखंड स्तर पर आपूर्ति पदाधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक और सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। ये अधिकारी उपभोक्ताओं से फीडबैक लेकर शिकायतों का त्वरित समाधान कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कहीं भी गैस की जमाखोरी, ब्लैकमार्केटिंग या निर्धारित कीमत से अधिक वसूली की शिकायत मिलती है तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में घरेलू गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए पुलिस विभाग ने भी विशेष धावा दल का गठन किया है। एसएसपी सुशील कुमार के अनुसार टीम को गुप्त सूचना एकत्र कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जरूरी वस्तु अधिनियम के तहत दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिससे अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। घरेलू गैस से संबंधित समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 0631-2222253 जारी किया है। यह जिला नियंत्रण कक्ष सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक सक्रिय रहेगा। उपभोक्ता गैस आपूर्ति से जुड़ी किसी भी शिकायत या सूचना इस नंबर पर दे सकते हैं।

## नौहर गांव में हम पार्टी महिला प्रकोष्ठ का सदस्यता अभियान, बड़ी संख्या में महिलाओं ने ली सदस्यता

### बरहेता पंचायत के वार्ड 09 में आयोजित कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर दिया गया जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांकेबजार,गया।** बाँकेबाजार प्रखंड की बरहेता पंचायत के नौहर गांव में रविवार को हम पार्टी (से०) महिला प्रकोष्ठ की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। पंचायत के वार्ड संख्या 09 में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष रेणु देवी ने की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राजनीति के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ें तो समाज



में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से गांव-गांव में महिलाओं को संगठन से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पार्टी की नीतियों, विचारधारा और संगठन के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने महिलाओं से समाज में सक्रिय भूमिका निभाने और जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाने की अपील की।

इस मौके पर महिलाओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक विकास के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में नौहर गांव के रामस्वरूप मांझी और उनकी पत्नी सुनैना देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके प्रयासों से गांव की कई महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।हम पार्टी (से०) महिला प्रकोष्ठ की गया जिलाध्यक्ष रूबी देवी ने बताया कि जिले की विभिन्न पंचायतों में भी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ना और उन्हें सामाजिक व राजनीतिक रूप से जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को मजबूती मिलेगी और समाज के विकास में सकारात्मक बदलाव संभव हो सकेगा।

## नालंदा में 140 मरीजों की फ्री में हुई जांच



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के असहाय और जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा पहुंचाना था। इस दौरान शहर के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिससे कुल 140 लाभार्थी लाभान्वित हुए।

शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञों ने मरीजों की गहन जांच की और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। इसके अलावा, शिविर में 15 लोगों की मधुमेह (Diabetes) जांच भी निःशुल्क की गई। ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने भी मरीजों को परामर्श दिया।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर अब एक निरंतर प्रक्रिया है। प्रत्येक रविवार को इसी स्थान पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर में आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आर्थिक रूप

◆ **रेड क्रॉस सोसाइटी ने लगाया साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर, 15 लोगों का डायबिटीज टेस्ट**

से कमजोर वर्गों के लिए यह पहल एक वरदान साबित हो रही है।

**टीम वर्क से मिली सफलताः** शिविर के सफल संचालन में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों और आजीवन सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार सहित टीम ने मरीजों के पंजीकरण और कतार प्रबंधन की कमान संभाली।

**प्रमुख सदस्यों में ये रहे मौजूदः** ब्रज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, चंद्रमणि कुमार, प्रोफेसर स्वधर्म कुमार, आकाश रोशन, रागिनी कुमारी, शंभू कुमार कश्यप, डॉ. एसएम मुजफ्फर जमाल, एएनएम मुस्कान कुमारी, रीना कुमारी, कुणाल गौरव, अरुण कुमार और संजय कुमार। स्थानीय लोगों ने इन सदस्यों के समर्पण और सेवा भावना को शिविर की सफलता का मुख्य आधार बताया।

## शेरघाटी में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं को दिलाई गई नशा छोड़ने की शपथ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**शेरघाटी, गया।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया मदन किशोर कौशिक के निर्देश पर रविवार को शेरघाटी में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति शेरघाटी के तत्वावधान में यह कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं, नशा उन्मूलन तथा नशा मुक्त भारत (DAWN) कानून से संबंधित जानकारी देना था। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता



ओमप्रकाश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे की लत से मुक्त कर स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। अधिवक्ता ओमप्रकाश ने कहा कि शराब, ड्रग्स, तंबाकू, गांजा, अफीम और नशे वाली गोलियों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। इसके साथ ही इसका असर परिवार और समाज पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को अंधकारमय बना देती है और कई बार यह अपराध तथा सामाजिक समस्याओं को भी जन्म देती है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्राओं को नशा मुक्त रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, पारा विधिक स्वयंसेवक सोभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## गया में हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला बच्चों के बीच हुए एक मामूली विवाद के बाद हुई मारपीट से जुड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज दास (पिता स्वर्गीय चंद्रदेव दास) और राजकुमार दास (पिता महेंद्र दास) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा रोड के निवासी हैं। पुलिस ने रविवार को छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया।

पीड़िता (वादिनी) ने कोतवाली थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद को सुलझाने के लिए उनके पति पड़ोसियों के पास गए थे। इसी दौरान मनोज दास, राजकुमार दास और उनके कुछ अन्य सहयोगियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

**जान से मारने की नियत से किया हमलाः** आरोप है कि विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया और आरोपियों ने पीड़िता के पति पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उन्हें बेरहमी से पीटा गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया और घायल व्यक्ति को इलाज के



लिए अस्पताल भेजा। घटना के बाद पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और तथ्यों की पुष्टि होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

इसके बाद पुलिस ने संभावित ठिकानों पर छापेमारी करते हुए मनोज दास और राजकुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान भी कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने विश्वास जताया है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई जारी।

## जीतनराम मांझी बोले- बिना गारंटी मिलेगा कर्ज रसोई गैस की किल्लत को बताया अफवाह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री जीतन राम मांझी आज राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में पहुंचे। यहां उन्होंने दो दिवसीय 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रदर्शनी सह व्यापार मेला' का विधिवत उद्घाटन किया। एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय, पटना की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मांझी ने दीप प्रज्वलित कर और रिबन काटकर मेले की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और योजना की बारीकियों पर प्रकाश डाला।

**बिचौलिया मुक्त और सीधी मददः** मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक शिल्पकारों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति के 46 सालों के अनुभव में मैंने पहली बार ऐसी योजना देखी है, जहां बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं है। सहायता सीधे लाभार्थी तक पहुंचती है। हम कारीगरों को 15 हजार रुपये नगद देने के बजाय आधुनिक 'टूलकिट' दे रहे हैं ताकि वे अपने कौशल को निखार सकें।





**बिना गारंटी लोन और बैंक की जवाबदेहीः** योजना के तहत मिलने वाले वित्तीय लाभों की चर्चा करते हुए मांझी ने बताया कि टूलकिट मिलने के बाद यदि कारीगर आगे बढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें बिना किसी गारंटी के 1 लाख रुपये का ऋण दिया जाता है। इसके सफल भुगतान के बाद 4 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये का अतिरिक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बैंकों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि वित्त मंत्रालय का स्पष्ट आदेश है कि बैंक अधिकारी लाभार्थियों के घर जाकर लोन की प्रक्रिया पूरी करें, न कि कारीगरों को बैंक के चक्कर लगाने पड़ें।

**राजगीर और पूर्णिया में खुलेगा एक्सटेंशन सेंटर :** राजगीर में बुनियादी ढांचे की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि सात स्वीकृत एक्सटेंशन सेंटरों में से पांच शुरू हो चुके हैं, लेकिन राजगीर और पूर्णिया में उपयुक्त जगह (10,000 स्क्वायर फीट) न मिलने के कारण देरी हुई है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री जी ने इस देरी के लिए हमें डांटा भी है। मैं खुद जगह की तलाश कर रहा हूँ और जल्द ही यहां एक्सटेंशन सेंटर खुलेगा।

**गैस किल्लत और राजनीति पर प्रहारः** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने देश में गैस की किल्लत की खबरों को 'मानव निर्मित' और 'अफवाह' करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कूटनीतिक सफलता से ईरान के रास्ते आने वाले पोतों का मार्ग खुल गया है और दो दिनों में आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। वहीं, आने वाले राज्यसभा चुनाव पर आत्मविश्वास जताते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए के पास पूर्ण बहुमत है। महागठबंधन के दावों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पास संख्या बल (38 और उससे अधिक) है, जबकि विपक्ष के पास पर्याप्त वोट नहीं हैं।

**मेले का आकर्षणः** मेले में बढ़ई, लोहार, कुम्हार, दर्जी और सुनार जैसे 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों ने लगभग 110 स्टॉल लगाए हैं। उद्घाटन सत्र में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एमएसएमई-डीएफओ पटना के निदेशक आर.के. चौधरी, नालंदा डीडीसी शुभम कुमार समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। अंत में सहायक निदेशक घमंडी लाल मीणा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## डीजे बजाने वालो पर होगी कार्रवाई

**राजपुर**। ईद एवं रामनवमी पर्व को ले रविवार को बघैला थाना परिसर में थानाध्यक्ष करन कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई.जिसमें रामनवमी व ईद पर्व को आपसी सौहार्द पूर्ण बतावरण में मनाने की अपील की गई.बैठक में आए दोनों कमेटी के लोगों ने पर्व के दौरान साफ़ सफाई की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया. थानाध्यक्ष ने उपस्थित दोनों कमेटी के लोगों से कहा डीजे बजाना पुरी तरह प्रतिबंध हैं.जुलूस में डीजे बजाते या अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करने तथा शराब पीकर पर्व में व्यवधान उत्पन्न करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन पैनी नजर रख रही हैं.कही भी अशांति की खबर मिली उसे तत्काल थाना को सुचना दे. मौके पर पंडरिया पंचायत के मुखिया संतोष चौधरी, रोतवा मुखिया पंकज गुप्ता, रोतवा पैक्स अध्यक्ष श्रीकांत चौधरी, मुराली सिह, चितरंजन तिवारी तथा दोनों कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित थे.

## प्रखंड स्तरीय यूजीसी काले कानून के विरोध में एक दिवसीय धरना का आयोजन की घोषणा की गई है

**काराकाट /रोहतास**। कल दिनांक 17/02/26/ दिन मंगलवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय यूजीसी के विरोध में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय मानवता सेवा संघ ने लिया है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मानवता सेवा संघ के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने गांव गांव जा करके लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह कर रहे हैं तथा यूजीसी जैसे करने कानून को अभिलंब खत्म करने के लिए इस कार्यक्रम से जुड़ने का अपील जनता से किया जा रहा है । इस कार्यक्रम की सूचना लिखित रूप से प्रखंड पदाधिकारी राहुल कुमार को देखकर के परमिशन भी लिया गया है । धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम 11:00 बजे दिन से 3:00 बजे शाम तक प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में किया जाएगा तथा धरना के समाप्ति के समय एक मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार को दिया जाएगा उनके माध्यम से वरीय पदाधिकारी एवं सरकार तक भेजने का आग्रह किया जाएगा। चलो गांव की ओर कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे , सचिव अखिलेश तिवारी, महासचिव दशरथ मिश्रा, उपाध्यक्ष गुड्डू उपाध्याय, योगेंद्र तिवारी, श्रीकांत गिरी, संतोष उपाध्याय,ददन पाण्डेय,मनोज तिवारी,आशुतोष तिवारी अरविंद मिश्रा,बलिराम ओझा ,कौशल किशोर पाण्डेय,सहित संगठन के सभी सक्रिय सदस्यों ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा की दिया गया प्रशिक्षण



**राजपुर**। प्रखंड मुखयालय स्थित भाजपा कार्यालय पर रविवार को मण्डल अध्यक्ष रामजीत राय उर्फ पप्पू राय की अध्यक्षता में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसका उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल,नोखा विधानसभा प्रभारी सतेन्द्र सिंह ,पिछडा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया.प्रशिक्षण का प्रारंभ बंदे मातरम गीत गाकर प्रारंभ हुआ.प्रदेश व जिला से आए नेताओं ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को अनुशासन हिनता व कर्तव्य निष्ठा का पाठ पढ़ाया. मौके पर अनिल राय ,संजय पाण्डेय,मदन चौधरी,सुशीला कुअर,लक्षुमण पाठक सहित अन्य उपस्थित थे.

## किसानों का एक जत्था कृषि विज्ञान केन्द्र पूसा में आयोजित कृषि मेला में हुआ शामिल

**केसरिया, पू.च**। प्रखंड क्षेत्र के किसानों का एक जत्था बीटीएम दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र पूसा में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला में शामिल हुआ। इस दौरान किसानों ने आधुनिक खेती, उन्नत बीज, जैविक खेती, फसल प्रबंधन तथा नई कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। जत्था में अशोक सिंह, पूनम कुमारी, पूजा कुमारी, संतोष सिंह, अभिनंदन कुमार सहित कुल 32 किसान शामिल थे। किसानों को बीटीएम दिलीप कुमार, एटीएम अभिषेक कुमार तथा संग्रामपुर के बीटीएम धनंजय कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कराया गया। बीटीएम दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे मेलों से किसानों को नई तकनीक अपनाने और उत्पादन बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। बता दें कि 13 मार्च को भी किसानों का 15 सदस्यीय जत्था पटना में आयोजित एग्रो बिहार 2026 मेला का भ्रमण कर कृषि योजनाओं की जानकारी ले चुका है।

## दबंगों ने सड़क किनारे से जेसीबी से कबड़ा हरा पेड़

**केसरिया, पू.च**। थाना क्षेत्र के बेतिया वसंत गांव में सड़क किनारे लगे करीब एक दर्जन पेड़ों को जेसीबी से उखाड़ने और दो विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए बताया कि रात के समय जेसीबी मशीन से सड़क किनारे लगे पेड़ों को उखाड़ दिया गया। इस दौरान दो बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि जब कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उन लोगों के साथ दुर्व्यवहार भी किया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि इस संबंध में थाने में संबंधित विभाग के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 10 हजार के इनामी अपराधी चंदन गिरी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोटवा**। कोटवा थाने के एक वांछित अपराधी चंदन गिरी को कोटवा पुलिस एवं एसटीएफ टीम द्वारा छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और मुजफ्फरपुर जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने चंदन गिरी को साहेबगंज थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव से पकड़ा है।बताया गया है कि चंदन गिरी के खिलाफ कोटवा थाना में दर्ज कांड संख्या 270/25, दिनांक 19.07.2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। वह इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा दस हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। पुलिस के अनुसार 18 जुलाई 2025 को कोटवा थाना क्षेत्र के लाइन होटल पर ट्रक से तेल निकालने के दौरान ड्राइवर और होटल संचालक द्वारा विरोध किए जाने पर चंदन गिरी और उसके साथियों ने गोलीबारी कर दी थी। इस घटना में होटल संचालक कोटवा गाँव निवासी उपेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष कारण सिंह ने बताया की पुलिस आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# राष्ट्रीय सवर्ण कल्याण मोर्चा के बैनर तले निकाली गई जन चेतना रैली

### जय श्री राम, यूजीसी का काला कानून वापस लो, सनातन जिंदाबाद, भारत माता की जय हो के लगे नारे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी ऑन सोन/ रोहतास**। राष्ट्रीय सवर्ण कल्याण मोर्चा के बैनर तले रविवार को झारखंडी मंदिर के प्रांगण से विशाल जन चेतना रैली के माध्यम से सवर्ण ने हुकार भरी। हजारों की संख्या में सड़क पर जुलूस के रूप में उतरे राष्ट्रीय सवर्ण कल्याण मोर्चा के बैनर तले लोगों ने यूजीसी वापस के नारे लगाए । उन्होंने सनातन और ब्रह्मणवाद जिंदाबाद के भी नारे लगाए । रैली का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सक्रिय सदस्य राजन राज, मनीषा दुबे, गोपाल सिंह,ललित सिंन्हा, सम्राट कुमार उर्फ़ सोनू सिंह, मुन्ना सिंह सहित हजारों की संख्या में स्वर्ण समाज के सदस्य सम्मिलित हुए।रैली के दौरान हाथों में विभिन्न स्लोगन के तख्ती लिए जय श्री राम, स्वर्ण एकता जिंदाबाद, भारत माता की जय, यूजीसी का काला कानून वापस लो, सनातन जिंदाबाद, भारत माता की जय हो के नारे लगाए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ से पूर्व झारखंडी मंदिर में मोर्चा के सभी सदस्यों ने पूजा अर्चना कि तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

तत्पश्चात मोर्चा के सदस्यों ने भारत माता की जय, जय श्री राम-जय परशुराम कें नारों से शहर की सड़क गुंजायमान होती रही। रैली थाना चौक,अंबेडकर चौक, जखबी बीघा,स्टेशन रोड, पाली रोड, रामा रानी चौक होते हुए बाबा वीर कुंवर सिंह चौक पहुंचा जहां मोर्चा के सही पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी व राजन राज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि यूजीसी के द्वारा स्वर्णो के दमन का प्रयास किया जा रहा है, कभी ब्राह्मणवाद के नाम पर गाली तो कभी मनुवादी को अभिशाप बताया जाता है,भारत के स्वर्णो को विशेष उद्देश्यों से गाली देना या उनके अस्तित्व समाप्त करने का संयंत्र षड्यंत्र चल रहा है.हम यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगे। यूजीसी के काले कानून को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे,इसे वापस लेना होगा। यह कानून कहीं ना कहीं हमें नीचा दिखाने एवं हमारे आने वाली पीढ़ीयों एवं यूनिवर्सिटी मे पढ़ने वाले बच्चों के शोषण एवं उनके पारिवारिक अस्तित्व के दमन की नीति है। रैली के दौरान जगह-जगह समाज के लोगों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा मिष्ठान एवं पानी की व्यवस्था की गई थी। मौके पर संजय सिंह बाला, विनय मिश्रा उर्फ विजय बाबा, अकस के अध्यक्ष संतोष सिंह, सीमल सिंह, अधिवक्ता मनोज अज्ञानी, अधिवक्ता पंकज सिंह, अधिवक्ता अनूप सिंह,अनिल मिश्रा, मोनू पांडे, राणा प्रताप सिंह, अंबुज सिंह, आलोक सिंह, गोपाल सिंह, छोटू कुमार विशाल सिंह, परमहंस सिंह,श्रीकांत तिवारी, पारस दुबे, रंग विजय सिंह,अखिलेश तिवारी , फर्निंद्र त्रिपाठी ,आजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/रोहतास**। आज दिनांक 15/03/2026 को 10 बजे दिन में संत शरण पब्लिक स्कूल काराकाट में भारतीय जनता पार्टी कराकाट पूरबी, काराकाट उत्तरी, गोरारी नगर ,ग्रामीण, मंडल ,भाजपा मंडल, कार्यसमिति, पंचायत अध्यक्ष, बुद्ध अध्यक्ष,के कार्यकर्ताओं को पंडित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान के तथा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग पदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो बलिराम मिश्र ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर अपना विचार राखे। मदन प्रसाद वैश्य पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्य समिति भाजपा इतिहास विकास पर जनसंघ काल से आज तक विस्तार पर अपना विचार रखे । नवीन चंद्र शाह काराकाट विधानसभा प्रभारी जिला पूर्वकर्ता कार्य पद्धति पर विचार रखें। अजीत सिंह काराकाट विधानसभा संयुक्त बुथ प्रबंध पर विचार रखें। अखिलेश पांडेय कार्य विस्तार पर विचार रखे तो वहीं प्रशिक्षन शिविर में लक्ष्मण पासवान अनुसुचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, ललितमोहन सिंह, विनोद पासवान, राकेश कुशवाहा, सुनील सिंह, मोनेरमा देवी, इंदु देवी, अभिभावक प्रसाद हरी पंडित, बैद्यनाथ सिंह, श्रीनिवास सिंह, भिखारी राम, रामराज्य पासवान, बुटल सिंह, दीपक चौरसिया, हरी किशन पंडित, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सासाराम में तौफीक अहमद मकरानी ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन

### ♦ भाईचारे का दिया संदेश







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। शहर के यूरेका मैरेज हॉल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से रोजेदारों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की और रोज़ा खोलते हुए आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया।

इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। रोजेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। अज़ान के बाद सभी लोगों ने सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया और तत्पश्चात मगरिब की नमाज़ अदा की।

नमाज़ के बाद देश में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉक्टर शैलेश सागर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के आयोजक तौफीक अहमद मकरानी ने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत और बरकत का महीना है। इफ्तार पार्टी का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित अनिल सिंह यादव, जीएम अंसारी, सतेन्द्र शाह, डॉ जावेद अख्तर, दीपक शुक्ला, सुनील तिवारी, जय प्रकाश पाण्डेय, अशोक भारद्वाज, फूलन पाण्डेय, आलम भाई, हीरा राम, वकील चौहान, लुकमान फरान, सुहैल आलम ताजी, रामावतार रॉय, अजय चौबे, अमित सोनी, सुलतान मिर्ज़ा,मकसूद आलम, पतंजलि मिश्रा, अमित आर्या, अनिल सिंह, विनय सिंह, मंटू गुप्ता, चांद अशरफ, सर्वजीत सिंह खालसा, गुलरेज अंसारी, असलम अंसारी, काईनात गनी, लड्डू, दीपू, विवेक कुशवाहा, राजेश्वर कुशवाहा, राधा सिंह, बीडी शुक्ला, गौतम कुमार, बंटी, तेजू, शहजाद हुसैन, फिरोज खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## एलपीजी के जगह बॉयलर फर्नेस सिस्टम का उपयोग करने का एसडीएम ने दिया निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**बिक्रमगंज / रोहतास** : एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने तेंदुनी चौक समीप स्थित उमेश स्वीट्स कन्फेक्शनरी का एलपीजी सिलेंडरों के उपयोग के संदर्भ में औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रतिष्ठान द्वारा खाना बनाने के लिए बॉयलर फर्नेस सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है । इस प्रणाली में लकड़ी,प्रोसेस्ड धान का पुआल आदि को फर्नेस चेंबर में जलाकर भाप एवं फ्लेम उत्पन्न किया जाता है । जिसके माध्यम से भोजन तैयार किया जाता है । प्रतिष्ठान संचालक द्वारा बताया गया कि वे विगत लगभग 5 वर्षो से इस प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं । इस पूरे सिस्टम को स्थापित करने में लगभग 16 लाख रुपये की लागत आई है । यह आवश्यक नहीं है कि इसे बड़े स्तर पर ही स्थापित किया जाए । रेस्टोरेंट संचालक अपने बजट एवं ग्राहकों की संख्या कस्टमर ट्रैफिक के अनुसार छोटे स्तर पर भी इस प्रकार की व्यवस्था विकसित कर सकते हैं । यह व्यवस्था सुरक्षित, प्रभावी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रतीत हुई तथा एलपीजी पर निर्भरता कम करने का एक अच्छा उदाहरण है । अन्य होटल,रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों से अपील की जाती है कि वे भी अपने प्रतिष्ठानों में बॉयलर फर्नेस सिस्टम जैसे वैकल्पिक एवं अन्य सुरक्षित तकनीकों के उपयोग पर विचार करें ।सभी प्रतिष्ठानों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण एवं उपयोग से संबंधित सभी सुरक्षा मानकों और सरकारी नियमों का पालन सुनिश्चित करें ।

## चातुर्मास यज्ञ को ले गंगेश्वर नाथ मंदिर में कार्यकर्ताओं की बैठक



### लिए गए कई निर्णय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। नगर पंचायत अंतर्गत 2027 में आयोजित की गई चतुर्मास महायज्ञ की तैयारी को लेकर यज्ञ समिति की अहम बैठक शनिवार को गंगवलिया वन स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कामेश्वर दुबे उर्फ बागी जी ने किया। बैठक में कई अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। वहीं पूर्व में की गई बैठक की समीक्षा भी की गई। महायज्ञ के प्रचार प्रसार को लेकर संकल्प दोहराते हुए गांव-गांव तक संपर्क अभियान चलाने व ग्रामीण जनता की सहमति से प्रत्येक गांव में संख्या के आधार पर 7 से लेकर 11 सदस्यीय टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया। ताकि संगठनात्मक इकाई के माध्यम से एक बड़ा टीम तैयार किया जा सके।

इसके अलावा यज्ञ की सफलता व रूप रेखा की तैयारी के लिए गांव में जनसंपर्क अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके।बैठक में सर्व सम्मति से अगली बैठक 15 अप्रैल को गंगवलिया वन क्षेत्र में ही कराने का निर्णय लिया गया।

बैठक का संचालन पूर्व नगर पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ललन चौबे, अरविंद ओझा, दीनानाथ ओझा, निरंतर पाण्डेय, जोखन तिवारी, मनोज सिंह, जमुना सिंह , राज नारायण ओझा, कविद्र तिवारी, सुदामा राय, राजू सिंह सहित अन्य कई उपस्थित थे।

## पटेल सेवा संघ की बैठक में संगठन का पुनर्गठन करने का लिया गया निर्णय



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास**। पटेल सेवा संघ बिक्रमगंज की बैठक रविवार को लक्षुमनपुर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता घुसियां खुर्द पंचायत के मुखिया विनय प्रकाश चौधरी और संचालन जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजय वर्मा ने की। बैठक में पटेल सेवा संघ के पुनर्गठन पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की अगली बैठक में संगठन का नया रूप दिया जाएगा। इसके साथ बैठक में उपस्थित लोगों ने संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। कहा इसके लिए त्याग और सहयोग की प्रवृत्ति होनी चाहिए। मौके पर जिला पार्षद रेशमा कुमारी, जदयू नेता भाई मनोज पटेल, अरबिंद चौधरी, विजय चौधरी, नगर परिषद बिक्रमगंज के पूर्व वार्ड पार्षद राजा पटेल, अधिवक्ता सुधीर रंजन, सभाचंद चौधरी, अभिषेक पटेल, अनिल चौधरी, संजीव पटेल, सुधीर पटेल, सुरेश चौधरी, परशुराम चौधरी, मनोज चौधरी, आकाश आनंद, दिनेश पटेल, अधिवक्ता उपेंद्र पटेल, पप्पू पटेल, रंजीत कुमार, अधिवक्ता रबिन्द्र कुमार, अधिवक्ता अशोक कुमार, उदयपुर पंचयात के मुखिया संगीता कुमारी, राम अशिष सिंह, शैलेश पटेल, आभा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न, नवीन मिश्रा अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी**। बेतिया बाईपास रोड स्थित होटल सुमन रेसिडेंसी में रविवार को पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट एसोसिएशन की जिला कमेटी का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव में नवीन मिश्रा को जिला अध्यक्ष, अजय कुमार को जिला उपाध्यक्ष और रविराज को पुनः जिला सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं अय्याज अहमद को जिला संयुक्त सचिव तथा कन्हैया प्रसाद को जिला कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुना गया।

जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व जिला अध्यक्ष ने निजी कारणों से अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था, जबकि जिला उपाध्यक्ष का पद भी कुछ समय से रिक्त चल रहा था। साथ ही कोषाध्यक्ष की बैठकों और क्रिकेटीय गतिविधियों में लगातार अनुपस्थिति के कारण संगठन के कार्यों के संचालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही थी। ऐसी स्थिति में जिला कमेटी ने बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को इस समस्या से अवगत कराया और आगे एसोसिएशन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मार्गदर्शन मांगा। बीसीए ने इस मामले पर विचार करते हुए पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट एसोसिएशन को भंग कर दिया और जिले में क्रिकेट गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने तथा निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ कमेटी के गठन का निर्णय लिया। इसके बाद तदर्थ कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष बसंत जायसवाल, संयोजक अमित सेन और सदस्य विजय कुमार बनाए गए।तदर्थ कमेटी ने बीसीए के निर्देशानुसार चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए सिविल कोर्ट के अधिवक्ता दक्ष कायस्थ को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करने का प्रस्ताव भेजा। बीसीए से मंजूरी मिलने के बाद दक्ष कायस्थ ने चुनावी प्रक्रिया शुरू की। चुनाव में सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया, जिसे स्क्रूटनी के दौरान सही पाया गया। सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण निर्वाचन पदाधिकारी दक्ष कायस्थ ने 15 मार्च को सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। इस मौके पर पंजीकृत क्लबों के पदाधिकारी और वरिष्ठ खिलाड़ी प्रभाकर जायसवाल, अमित कुमार सेन, बसंत जायसवाल, विजय कुमार, शम्भू यादव, हरप्रीत सिंह प्रिंस, सुबोध कुमार, संजय कुमार टुन्ना, विश्वनाथ कुमार, रवि कुमार, मधुरेंद्र सिंह, सोनल सरस्वती, अमित कुमार गुड्डू, संत कुमार, रितेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी नेता स्वर्गीय सिपाही राय के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सांसद मनोज राम

### सभी ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से की प्रार्थना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। नगर पंचायत के महात्मा गांधी चौक स्मृति प्रांगण मे रविवार को समाजवादी नेता स्वर्गीय सिपाही राय की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में वर्तमान लोकसभा सांसद मनोज कुमार राम की उपस्थिति में लोगों ने स्वर्गीय सिपाही राय को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरारी ठाकुर व संचालन युवा नेता राजू उर्फ राजेश कुमार यादव ने की।श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सांसद मनोज कुमार राम ने कहा कि स्वर्गीय सिपाही राय जी एक संघर्षशील और जनहित के लिए समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका निधन पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवन भर क्षेत्र के विकास और आम लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी स्वर्गीय सिपाही राय जी के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।सभा मे पूर्व मुखिया जगमोहन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि जंग बहादुर सिंह, जिला महासचिव रामप्रवेश सिंह कुशवाहा,रविंद्र सिन्हा,सरपंच रामप्रवेश सिंह, युवा नेता सुनील कुमार यादव,खेदन सिंह,अरविंद यादव, दिनेश प्रसाद सिंह,जयप्रकाश सिंह,राजेंद्र सिंह,भूनेश्वर पहलवान यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉस्टल में सफाईकर्मियों में मारपीट

**भागलपुर**। पीजी गर्ल्स हॉस्टल में महिला सफाईकर्मियों ने आपस में मारपीट को लेकर विवि प्रशासन को आवेदन दिया है। घटना 10 मार्च को हुई थी। हॉस्टल नंबर 2 में सफाईकर्मी ने डीएसडब्लयू को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि ओबीसी हॉस्टल में तैनात कर्मी गार्ड से लड़ रही थी। समझाने का प्रयास किया तो भी गाली दी।

### सबमर्सिबल चोरी में तीन गिरफ्तार

**भागलपुर**। गंगा विहार कॉलोनी में रहने वाले अंकित कुमार के घर से सबमर्सिबल चोरी मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उस मामले में मीराचक के रहने वाले संतोष और रघुनंदन के साथ ही जियाउद्दीन चौका के रहने वाले राजू मंडल को गिरफ्तार किया है।

### केबल से महिला झुलसी, मांगा मुआवजा

**भागलपुर**। बरारी हलधर झा लेन निवासी अजय कुमार यादव ने बिजली कंपनी के सहायक अभियंता से मदद की गुहार लगायी है। उन्होंने कहा है, 11 मार्च को भिखारी यादव की पत्नी सुखो देवी बिजली के केबल से सटने से झुलस गयी। किसी तरह एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनकी जान बची।

### बांका ने मुंगेर को 115 रनों से रौंदा

**भागलपुर**। सीनियर मेंस अंडर-23 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बांका डीसीए ने मुंगेर डीसीए को 115 रनों के भारी अंतर से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते बांका ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 314 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। राघवेंद्र ने 115 गेंदों पर 123 रनों (14 चौके, 4 छक्के) की शतकीय पारी खेली। समीर सुराज (58) और विनीत चौहान (53) ने भी उपयोगी अर्धशतक जमाए। मुंगेर की ओर से प्रशांत कमल ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। मुंगेर की पारी 199 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंगेर के अनमोल रवि ने 63 रन बनाए, लेकिन बांका के राघवेंद्र ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 24 रन देकर 4 विकेट झटके।

### डीएम ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण



**भागलपुर**। भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिक री डॉ. नवल किशोर चौधरी ने शनिवार को इवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। वाणिज्य कर कार्यालय के समीप स्थित इस वेयर हाउस में मार्च माह के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा मानकों और तकनीकी रख-रखाव का जायजा लिया। इस दौरान उपनिर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित निर्वाचन शाखा के अन्य पदाधिकारी थे।

### समृद्धि यात्रा को लेकर प्रशासनिक हलचल तेज



**भागलपुर**। जिले के जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समृद्धि यात्रा के तहत 17 मार्च को मुख्यमंत्री के यहां आने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अभी तक जिला प्रशासन की ओर से आधिकारिक तिथि की पुष्टि नहीं की गई है। सभा को लेकर गांव में भव्य जर्मन हैंगर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जहां मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। इसके साथ ही सभा स्थल के ठीक बगल में हेलीपैड भी बनाया जा रहा है ताकि हेलीकॉप्टर से उनका आगमन सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को लेकर भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। भले ही कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी हो लेकिन स्थानीय स्तर पर 17 मार्च को मुख्यमंत्री के आगमन की चर्चा तेज हो गई है और लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

### जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर थाने में दिया आवेदन

**भागलपुर**। जिले के बाथ थाना क्षेत्र के करहरिया पंचायत के पिपरा ब्रमपुर गांव में जमीन कब्जा करने का मामला सामने आया है। जमीन मालिक के जमीन पर गांव के दबंगों ने अवैध कब्जा करते हुए उन्हें जान मारने की धमकी दिया है। इस मामले में पीड़ित प्रमोद शर्मा ने रविवार को बाथ थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि गांव के ही सुरेश शर्मा, तीरपोल शर्मा, प्रमानंद शर्मा, ध्रुव शर्मा और इनकी पत्नी किरण देवी, सुधा देवी और पुत्र सुमित कुमार ने दबंगई दिखाकर हमारे जमीन पर अबैध कब्जा करते हुए जान मारने की धमकी दिय है। जबकि पूर्व में इन लोगों के द्वारा जमीन का आपसी बंटवारा किया गया था।



इन लोगों ने अपने जमीन को गांव के ही गुरु प्रसाद मिस्त्री और निर्मला देवी को बेच दिया गया है। इनके पास रहने की जगह नहीं होने के कारण पूर्व गांव में आपसी समझौता करते हुए रहने के लिए दस दस धूर चारों भाइयों को दिया गया था। अब इन लोगों के द्वारा हमारे हमारे खाली जमीन पर दबंगई दिखाकर मकान, रास्ता और कुआं को बंद कर लेने और जमीन घेर लेने पर कहने पर यह सभी जान मारने की धमकी दे रहे हैं। उक्त सभी को ग्राम कचहरी बुलाने पर सरपंच महेंद्र कर्मा के साथ दुर्व्यवहार करते हुए जान मारने की धमकी दिया गया। आवेदन कर्ता द्वारा 144 धारा लगाने के लिए एसडीओ को देने पर घटना स्थल पर पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल किया गया। लेकिन दबंगों ने अभी भी जमीन पर अबैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं।

## नामांकन तिथि के दूसरे दिन मात्र एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

**अररिया** । फारबिसगंज केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के सत्र 2026 -29 के लिए 5 अप्रैल को होने वाले चुनाव में नामांकन तिथि के दूसरे दिन मात्र एक प्रत्याशी शंकर प्रसाद साह ने सचिव पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रस्तावक अमरेंद्र नारायण प्रसाद एवं समर्थक राज कुमार साह के साथ शंकर प्रसाद साह ने नामांकन किया। जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी संदीप डाबड़ी वाला एवं सहायक चुनाव पदाधिकारी मो. जासीम एवं अजीत कुमार झा द्वारा दी गई। उल्लेखनीय है कि कुल छह पदों के लिए होने वाले संगठनात्मक चुनाव में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि कल ही है। और यह उम्मीद की जा रही है की चुनाव लड़ने कै इच्छुक सभी उम्मीदवार कल सोमवार को ही अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।इस बीच निवर्तमान अध्यक्ष अवधेश कुमार साह ने पुरानी टीम के साथ सभी पदों के लिए अपना नामांकन सोमवार को दाखिल करने का ऐलान किया है।

# 26 मार्च को निकलेगी भव्य 'भगवा क्रांति शोभा यात्रा'

## भागलपुर में शहरवासियों से शामिल होने की अपील, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक मानी जाने वाली "भगवा क्रांति शोभा यात्रा" इस साल 26 मार्च को शहर में भव्य रूप से निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और आयोजकों के बीच उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी यात्रा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली जाएगी। आयोजक कुणाल सिंह शोभा यात्रा की शुरुआत शहर के ऐतिहासिक घंटाघर चौक से सुबह 11 बजे की जाएगी। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ेगी। यात्रा में भगवान श्रीराम की भव्य झांकी और विशाल प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा राम भक्ति से जुड़े भजन, कीर्तन और धार्मिक गीतों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बनेगा।

**बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवा ध्वज के साथ शामिल होंगेः** शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवा ध्वज के साथ शामिल होंगे और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठेगा। शहर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के सदस्य भी इस यात्रा में भाग लेंगे। यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। जगह-जगह जलपान और प्रसाद वितरण की भी तैयारी की जा रही है। आयोजन कुणाल सिंह के सदस्यों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह शोभा यात्रा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को भी दर्शाती है। यात्रा के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवकों की एक विशेष टीम तैनात की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन से भी आवश्यक सहयोग लिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## स्कूल में छात्रा का झाड़ू लगाते वीडियो हुआ वायरल



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। जिले के नारायणपुर प्रखंड में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बलहा में एक छात्रा द्वारा स्कूल परिसर में झाड़ू लगाने का वीडियो वायरल हुआ है। यह मामला शनिवार का बताया जा रहा है,जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया है। इस मामले की शिकायत विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद मंडल से की गई है। वीडियो में स्कूल यूनिफॉर्म पहने एक छात्रा सफाईकर्मी के साथ परिसर में झाड़ू लगाती दिख रही हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय विद्यालय का मुख्य गेट बंद था। बच्चों से इस तरह का कार्य करवाना शिक्षा के अधिकार अधिनियम का सीधा उल्लंघन माना जाता है, जिससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जब प्रधानाध्यापक विनोद मंडल से इस संबंध में बात की गई, तो पहले उन्होंने अनभिज्ञता जताई। उसके बाद मंडल ने कहा कि सफाई कर्मी का पोता पोती है। ऐसा मामला मेरे संज्ञान में पहली बार आया है। हो सकता है बच्चा दादी के साथ काम में हाथ बटाने लगी हो। वे हमारे यहां सफाईकर्मी हैं। अगर बच्चों से झाड़ू लगवाई जा रही है तो यह गलत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्टाफ से पूछताछ की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सख्त चेतावनी दी जाएगी।

## डॉ. अंकिता कुमारी ने एमडी (पैथोलॉजी) में जीता गोल्ड मेडल, क्षेत्र का बढ़ाया मान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सुपौल**। रेफरल अस्पताल राघोपुर में पदस्थापित प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता की पुत्री डॉ. अंकिता कुमारी ने एमडी (पैथोलॉजी) में गोल्ड मेडल हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। जानकारी के अनुसार डॉ. अंकिता कुमारी ने किशनगंज स्थित एम जी एम मेडिकल कॉलेज किशनगंज से वर्ष 2022 से 2025 सत्र में एमडी (पैथोलॉजी) की पढ़ाई पूरी की। अपने बैच (बैच-16) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्हें यह सम्मान 13 मार्च को किशनगंज में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस समारोह में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की उपस्थिति में उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। डॉ. अंकिता की इस सफलता पर उनके पिता डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी पुत्री बचपन से ही मेहनती और अनुशासित रही है। उन्होंने बताया कि लोगों की सेवा करते हुए उन्हें देखकर ही अंकिता ने भी चिकित्सा क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लिया था। कठिन परिश्रम और लगन के बल पर आज उसने यह उपलब्धि हासिल कर परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। डॉ. अंकिता की इस उपलब्धि पर उनके शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने भी खुशी जताते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है और यह साबित करती है कि समर्पण, कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# फोरलेन पुल निर्माण कार्य में तेजी, गंगा की धार में खड़े किए जा रहे सात पिलर

## 40 में से 30 पिलरों का फाउंडेशन तैयार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के विक्रमशिला सेतु के समानांतर गंगा नदी पर बन रहे फोरलेन पुल का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। गंगा की धार के बीच बनने वाले 12 पिलरों में से सात पिलरों का काम फिलहाल प्रगति पर है। तीन महीने पहले पिलर संख्या 14 की ड्राइंग को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) से मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य में तेजी आई है।

**30 पिलरों का फाउंडेशन तैयार, 10 बाकीः** परियोजना के तहत कुल 40 पिलर बनाए जाने हैं। इनमें से 30 पिलरों का फाउंडेशन तैयार हो चुका है, जबकि शेष 10 पिलरों पर वेल फाउंडेशन का काम जारी है। इसके अलावा चार पिलरों का हेमरहेड (कैप) भी बनकर तैयार हो चुका है। गंगा की तेज धार में पिलरों को खड़ा करने के लिए विशेष तकनीक और भारी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

**मुख्य सचिव ने किया था निरीक्षणः** फोरलेन पुल का निर्माण पिछले 33 महीनों से जारी है। पिछले वर्ष 28 मार्च को बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था। उस समय निर्माण एजेंसी एसपी सिंगला के अधिकारियों ने मार्च 2027 तक पुल को तैयार करने का दावा किया था। हालांकि, वर्तमान प्रगति को देखते हुए अब यह संभावना जताई जा रही है कि परियोजना का कार्य वर्ष 2028 तक पूरा हो सकता है।

**40 पिलरों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्यः** निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डीके राय ने बताया कि, इस वर्ष सभी 40 पिलरों का निर्माण कार्य पूरा कर लेने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद पुल के सिगमेंट चढ़ाने का काम



शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही मई-जून के दौरान दो से तीन पिलरों पर गर्डर चढ़ाने की योजना भी है।

**पुल निर्माण के लिए लेंगे कॉलेज की जमीनः** पुल के अप्रोच रोड के निर्माण में महिला आईटीआई कॉलेज की कुछ जमीन भी शामिल होगी। कॉलेज के प्राचार्य राजीव झा ने बताया कि, कॉलेज के सामने की जमीन पुल निर्माण के लिए ली जाएगी। योजना के अनुसार, पुल के नवगछिया की ओर 53 मीटर और भागलपुर की ओर 35 मीटर लंबा अप्रोच रोड बनाया जाएगा। इस पुल की ऊंचाई भागलपुर की ओर लगभग पांच मीटर और नवगछिया की ओर करीब 10 मीटर रखी जाएगी। फोरलेन पुल बनने के बाद भागलपुर और नवगछिया के बीच आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। साथ ही गंगा के ऊपर एक सुरक्षित, तेज और आधुनिक यातायात मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक और परिवहन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# मिलन समारोह का आयोजन, केसरवानी वैश्य सभा का कार्यक्रम, नृत्य-संगीत की हुई प्रस्तुति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर शहर के एक धर्मशाला परिसर में आज केसरवानी वैश्य सभा की ओर से भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर आपसी एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। समारोह का उद्देश्य समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ना और आपसी संबंधों को मजबूत बनाना बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के वरिष्ठ सदस्यों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी। मंच पर प्रस्तुत नृत्य और संगीत कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को उत्सव में बदल दिया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन को उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। समारोह के दौरान समाज के लोगों ने आपसी मेल-मिलाप और संवाद के माध्यम से एक-दूसरे से परिचय बढ़ाया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लोगों को जोड़ने का बेहतर माध्यम बनते हैं। इससे नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। मिलन समारोह में पारिवारिक माहौल देखने को मिला।

**पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का हिस्सा बनेः** समाज के बुजुर्गों से लेकर युवा और बच्चे तक पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का हिस्सा बने। आयोजन स्थल को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और बढ़ गयी राकेश केशरी ने कहा कि समाज की एकता और सहयोग ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे आयोजन से समाज के लोगों के बीच आपसी संवाद बढ़ता है और सामाजिक गतिविधियों को भी गति मिलती है।

## मालगाड़ी की चपेट में आया मवेशी, एक घंटे बाद शुरू हुआ परिचालन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर जमालपुर रेल खंड के नाथनगर रेलवे स्टेशन के समीप रविवार को मालगाड़ी के चपेट में आकर तीन भैंस के कट जाने से इस रेलखंड पर रेलगाड़ी की आवाजाही लगभग एक घंटे बाधित रही। बताया जा रहा है कि भागलपुर की तरफ से मालगाड़ी सुल्तानगंज की तरफ जा रही थी। तभी पश्चिम केबिन के पुरानी सराय गांव के पास तीन भैंस पटरी कर रही थी। इसी दौरान मालगाड़ी के चपेट में भैंसे आ गए। तीनों भैंस कटकर मालगाड़ी के अंदर ही रेलवे ट्रैक में फंस गई। उधर सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेल पुलिस एवम् रेलवे कर्मी ने काफी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक से भैंस को बाहर निकाला, तब जाकर रेलगाड़ी का परिचालन शुरू हो पाया। उल्लेखनीय है कि बीते साल भी नाथनगर रेलवे ट्रैक पर दस भैंस की कटने से मौत हुई थी। इस घटना के कारण रेल ट्रैक पर एक घंटे तक रेल का परिचालन बाधित रहा।

# महिला ने ससुराल वालों पर लगाया मारपीट का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर में पीड़िता बोली-कोर्ट के आदेश पर ससुराल पहुंची थी, पति, सास-ससुर ने मिल कर पीटा**

**भागलपुर**। भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र के कोयला घाट इलाके में एक महिला ने ससुरालवालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता संजना कुमारी का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद वह अपने बच्चे के साथ ससुराल पहुंची थी, लेकिन वहां उसके पति, सास और ससुर ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता संजना ने बताया कि वह अदालत के आदेश का पालन करते हुए अपने बच्चे के साथ ससुराल पहुंची थी। वहां पहुंचते ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि उसके पति समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान उसे चोटें भी आईं। संजना कुमारी ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब उसके साथ इस तरह की घटना हुई है। इससे पहले भी ससुराल पक्ष की ओर से कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है। लगातार हो रही प्रताड़ना से वह काफी परेशान और भयभीत है।

**पुलिस से लगाई न्याय की गुहारः** पीड़िता का कहना है कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वह कोई बड़ा कदम उठाने को मजबूर हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों की होगी। उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। बता दें कि पारिवारिक विवाद को लेकर लंबे समय से दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इधर, मामले को लेकर बरारी थाना में शिकायत की गई है। फिलहाल, पुलिस पीड़िता की ओर से आवेदन मिलने के बाद पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/02 दिनांक- 15.03.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**
**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

बिहार राज्य के सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (I.T.I.) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित की जाने वाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा-2026 के लिये निर्धारित प्रपत्रों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026 का आयोजन दिनांक 17.05.2026 को किया जायेगा।
3. Online आवेदन के लिये Registration करने की प्रारम्भिक तिथि 16.03.2026 और अंतिम तिथि 14.04.2026 निर्धारित है।
4. पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर ITICAT-2026 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता/ अर्हता एवं अन्य सम्बन्धित विस्तृत विवरण तथा आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है।
5. बिहार राज्य अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कुल सीटों में से 25% सीटों पर नामांकन के लिए राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थी पात्रता-प्राप्त हैं।
6. Online आवेदन प्रक्रिया / विशेष जानकारी के लिए विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/01 दिनांक 15.03.2026 पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर देखें।

परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार

### डुमरांव में ट्रेन से कटकर महिला की मौत



**बक्सर।** बक्सर के डुमरांव में शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना दानापुर–डीडीयू रेलखंड पर डुमरांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक के समीप हुई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए रेल परिचालन भी बाधित हो गया। फिलहाल मृत महिला की पहचान नहीं हो सकी है और जीआरपी मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार दोपहर करीब पोल संख्या 644/14 और 644/16 के बीच डाउन मेन लाइन पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला रेलवे ट्रैक पार करने का प्रयास कर रही थी, तभी अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव रेलवे पटरी पर पड़ा रह गया। महिला पीले रंग की साड़ी पहने हुई थी और उसकी उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। हादसे के बाद पटरी पर शव पड़े रहने के कारण कुछ समय के लिए रेल परिचालन प्रभावित हो गया। इसी दौरान पटना से मुंबई जाने वाली सुविधा एक्सप्रेस डुमरांव रेलवे स्टेशन पर पहुंची, लेकिन ट्रैक पर शव होने की वजह से ट्रेन को स्टेशन पर ही रोकना पड़ा। करीब 14 मिनट तक सुविधा एक्सप्रेस डुमरांव स्टेशन पर खड़ी रही। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी थानाध्यक्ष विकास कुमार पुलिस टीम और रेलकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को पटरी से हटवाया, जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया और रेल परिचालन फिर से सामान्य हो सका। इसके बाद जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृत महिला की पहचान कराने की कोशिश कर रही है। साथ ही रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि महिला के परिजनों का पता लगाया जा सके। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की मौत दुर्घटनावश हुई है या उसने आत्महत्या की है।जीआरपी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की पहचान होने के बाद ही घटना के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

### बक्सर पुलिस ने अवैध ट्रक एंट्री गिरोह का किया भंडाफोड़

**बक्सर।** बक्सर पुलिस ने अवैध रूप से ओवरलोड ट्रकों को शहर से बाहर भेजने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक बोलेरो वाहन और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग की बोलेरो में सवार कुछ लोग परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ओवरलोड ट्रकों को बिना वैध कागजात के शहर से बाहर निकलवाते हैं। इस सूचना पर बक्सर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) गौरव पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने आईटीआई मैदान के पास संदिग्ध बोलेरो को रोकने का प्रयास किया। हालांकि, चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी और भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर कॉलेज गेट के पास काफी मशक्कत के बाद वाहन को रोक लिया। वाहन में सवार दो युवकों की पहचान गंगादयाल (पिता- चंद्रहास सिंह, निवासी नरबतपुर, थाना मुफस्सिल, जिला बक्सर) और भरत सिंह (पिता- तेजनारायण सिंह, निवासी मिश्रवलिया, थाना मुफस्सिल, जिला बक्सर) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने उनके मोबाइल फोन की गहन जांच की, जिसमें "बक्सर मोबाइल एसआई ग्रुप" नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप सक्रिय पाया गया। इस ग्रुप में कई संदिग्ध नंबर जुड़े थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस नेटवर्क में दोनों आरोपियों के चाचा अरुण पहलवान सहित अन्य लोगों की भी संलिप्तता हो सकती है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बोलेरो वाहन और मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर लिया है। नगर थाना में कांड संख्या 139/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बक्सर गौरव पांडेय, नगर थाना के थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पु.अ.नि. शुभम कुमारी और नगर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।



### प्रशिक्षण कार्यक्रमों से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर, रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, परिवार की आय होगी दोगुनी



**बक्सर।** बक्सर में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कृषि विज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद सुधाकर सिंह ने किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाना और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर प्रशिक्षण के लिए चयनित महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण भी किया गया। इसका लक्ष्य यह है कि प्रशिक्षण के बाद महिलाएं सिलाई-कढ़ाई के माध्यम से अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें और अपने परिवार की आय में योगदान दे सकें। सांसद सुधाकर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि यदि महिलाओं को सही प्रशिक्षण और संसाधन मिलें, तो वे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को महिलाओं के लिए नए अवसर खोलने वाला बताया। इसी कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए भी एक पहल की गई। अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत सीमांत और भूमिहीन कृषकों को आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बकरियों का वितरण किया गया। किसानों को पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और उत्पादन संबंधी सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए ऐसी योजनाएं अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा, बल्कि सीमांत और भूमिहीन किसानों को भी आजीविका का स्थायी साधन प्राप्त होगा। यह पहल ग्रामीण महिलाओं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के पदाधिकारी, प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और किसान मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार ट्रक से टकराई हादसे में 2 दोस्तों की मौत

## बहन को बस स्टैंड छोड़ने के बाद यज्ञ देखने गए थे, लौटते समय ट्रक से टकराई कार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में अनियंत्रित कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं। घायलों की हालत नाजुक है। बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना पीरो थाना क्षेत्र के तिवारीडीह ओवरब्रिज के पास की है। मृतकों में शाहपुर इलाके के गौडाढ़ निवासी सुशील भट्ट के पुत्र मनीष भट्ट(27) और तरारी के बगसांडा गांव निवासी प्रियरंजन सिंह के पुत्र लव कुमार(22) शामिल है। घायलों की पहचान तरारी के बगसांडा गांव के रहने वाले ददन सिंह के पुत्र राजू कुमार, अशोक शर्मा के पुत्र सोनू शर्मा(22), जनार्दन सिंह के पुत्र आशीष कुमार(22), सतेंद्र सिंह के पुत्र नीरज कुमार(21) और श्याम बिहारी शर्मा के पुत्र हरी ओम शर्मा(23) के तौर पर है।



**दोस्तों के साथ कार से गया था:** मृतक मनीष के पिता सुशील भट्ट ने बताया कि अपनी बहन अंजनी कुमारी को उसके ससुराल टाटा जाने के लिए बस पर बैठाने के लिए पीरो बस स्टैंड आया हुआ था। छोड़ने के बाद अपने दोस्तों के साथ कार से कहीं निकल गया। फोन पर मां को बताया कि आने में थोड़ा समय लग जाएगा। कुछ देर बाद हादसे की जानकारी मिली।

**ट्रक से टकराई कार:** घायल हरी ओम ने बताया कि तिवारीडीह गांव में यज्ञ हो रहा था। यज्ञ में सभी लोग माला डालने के लिए गए हुए थे। तिवारीडीह से फतेहपुर की ओर बढ़ रहे थे, अचानक रात के अंधेरे में एक व्यक्ति सड़क के बीच में आ गया। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई।

**टक्कर के बाद कुछ होश नहीं रहा:** कार मनीष भट्ट चला रहा था। हादसे के दौरान सभी लोगों की आंखें बंद हो गई। जब आंख खुला तो देखा कि इधर-उधर गिरे हुए हैं। किसी को कोई होश नहीं था। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

**घर में मचा कोहराम:** मनीष तीन भाई-बहन में तीसरे स्थान पर था। घर में मां बिमला देवी और एक बुजुर्ग पिता हैं। जबकि लव दो भाइयों में सबसे बड़ा था। घर में मां संगीता देवी समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेटे को डॉक्टर से दिखाकर घर लौट रहा था, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर**

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में सड़क हादसे में घायल युवक की मौत हो गई। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा था। मृतक पहचान ज्ञानपुर निवासी गुप्तेश्वर पासवान(32) के तौर पर हुई है। घटना गीधा थाना क्षेत्र की है। पत्नी सुमन देवी ने बताया कि होली के दिन बेटे गुलशन को बुखार लगा था। मेडिकल शॉप से दवा खरीदकर उसे दिया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 5 मार्च को पति के साथ डॉक्टर से दिखाने के लिए अस्पताल गई थी। चेकअप के बाद ऑटो पकड़कर घर लौट रही थी। गांव के मोड़ पर उतरकर रोड क्रॉस कर रहे थे, अचानक तेज रफ्तार कार ने मेरे पति को धक्का मारकर भाग गया।

सड़क पर खून से लथपथ हालत में करीब 20 मिनट तक पड़े रहे। कई लोगों को आवाज भी लगाई, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इसके बाद दौड़कर गांव गई, वहां से परिवार को सदस्यों को बुलाय। इसके बाद सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने 14 मार्च को दम तोड़ दिया।

**परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल:** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। परिवार में पत्नी सुमन देवी, दो पुत्री स्वीटी, लीलावती और एक पुत्र गुलशन है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# छत की कुंडी से लटका मिला मजदूर का शव, बाजार से आने के बाद कमरे में सोने चला गया

## मां बोली- किसी से फोन पर बात कर रहा था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक मजदूर की मौत हो गई। छत की कुंडी से लटका हुआ शव मिला है। गले पर खरोंच के निशान है। आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अनाइठ मोहल्ला निवासी त्रिलोकी साव के पुत्र गोरेलाल कुमार(27) के तौर पर हुई है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के पांडा टोली बाजारी इलाके की है।



**बाजार से आने के बाद सोने चले गए:** मृतक की मां पुनीता देवी ने बताया कि शनिवार को बाजार से घर लौटा। किसी से फोन पर बात कर रहा था। खाना खाने पूछा को मना कर दिया, बोला की मन नहीं है। इसके बाद अपने कमरे में सोने चला गया। अंदर से दरवाजा लगा लिया। काफी देर बाद झाड़ू लगाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

दीवार में रहे छेद से झांक कर देखा तो गले में साड़ी बांधकर लटका हुआ था। तुरंत पुलिस और आसपास के लोगों को बुलाया। पुलिस की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतारा गया। घर में कोई टेंशन नहीं था। कभी किसी विवाद के बारे में भी नहीं बताए। क्यों फांसी लगाई, इसकी जानकारी नहीं है।

**घर में मचा कोहराम:** मृतक अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। परिवार में मां पुनीता देवी, तीन बहन गौरी कुमारी, शिवानी कुमारी और चांदनी कुमारी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ओवरटेक विवाद में ट्रक चालक को कुचला, मौत, आरोपी ड्राइवर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के नया भोजपुर थाना क्षेत्र में ओवरटेक को लेकर हुए विवाद में एक ट्रक चालक की दूसरे ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी गई। यह घटना पुराना भोजपुर में देर रात हुई, जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है और ट्रक को जब्त कर लिया है। पुराना भोजपुर में 'नो एंट्री' समाप्त होने के बाद ट्रकों का आवागमन शुरू हुआ था। इसी दौरान आगे निकलने और ओवरटेक करने को लेकर दो ट्रक चालकों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक चालक ने अपना ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लोहे की रॉड लेकर दूसरे ट्रक चालक की ओर बढ़ने लगा।



**स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही वह चालक रॉड लेकर दूसरे ट्रक की ओर बढ़ा, दूसरे चालक ने अपना वाहन नहीं रोका और उसे कुचल दिया। ट्रक की चपेट में आने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के निवासी रामायण यादव के बेटे पंकज यादव के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह मालवाहक ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।

**पुलिस ने ट्रक को किया जब्त:** सूचना मिलते ही नया भोजपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। नया भोजपुर थाना के थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि ओवरटेक को लेकर हुए विवाद के दौरान यह घटना हुई। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है ताकि घटना के सभी पहलुओं का पता लगाया जा सके। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बक्सर आईटीआई में 16 मार्च को अप्रेंटिसशिप मेला, टाटा मोटर्स करेगी आईटीआई पास युवाओं का चयन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में युवाओं के लिए रोजगार का अवसर सामने आया है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग द्वारा 16 मार्च 2026 को एक दिवसीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स की इकाइयां आईटीआई पास अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर के प्राचार्य से मिली जानकारी के अनुसार, इस मेले में टाटा मोटर्स लखनऊ और टाटा मोटर्स पंतनगर की टीमें भाग लेंगी। कंपनियों के प्रतिनिधि आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं की योग्यता और कौशल के आधार पर अप्रेंटिसशिप के लिए उनका चयन करेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी में प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं।



**बेरोजगार युवाओं के लिए लग रहा जॉब कैंप:** आईटीआई बक्सर के प्राचार्य मो. मसूद रशीद ने बताया कि यह मेला जिले के आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को उद्योगों से जोड़ने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ऐसे नियोजन मेले आयोजित किए जा रहे हैं। प्राचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से 16 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बक्सर परिसर में पहुंचने की अपील की है। अभ्यर्थियों को अपने साथ सभी आवश्यक शैक्षणिक और पहचान संबंधी दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। इनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो और अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र शामिल हैं।

**चयनित अभ्यर्थियों को जॉब का मिलेगा मौका**

**आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए अच्छा मौका:** उन्होंने बताया कि मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत करने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए, ताकि वे अपने करियर में आगे बढ़ सकें।

# प्रेम-प्रसंग में खुदकुशी की कोशिश:लड़के ने लगाई फांसी, गंभीर हालत में पटना रेफर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर में प्रेम-प्रसंग में 17 साल के लड़के ने गले में फांसी लगाकर खुदकुशी की कोशिश की है। हालत गंभीर बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया है। किशोर की पहचान कहथु निवासी गरीबन मुसहर के पुत्र मंडल उर्फ मढ़ई मुसहर के तौर पर हुई है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र की है।



मां फूलकुमारी देवी ने बताया कि गांव की एक लड़की से पिछले दो साल से प्रेम करता है। अक्सर मुलाकात होती थी, दोनों एक-दूसरे के बिना नहीं रहते थे। एक सप्ताह पहले उसी लड़की के साथ कोइलवर के पचैना गांव अपने ननिहाल भाग गया था। जानकारी मिलने पर लड़की के परिजन वहां पहुंच और जबरन उसे घर लेकर आ गए। लड़की अपने परिवार के साथ नहीं रहना चाहती थी। उसे कहीं छिपा दिया।

**घटना के समय घर में कोई नहीं था:** फुलकुमारी देवी ने आगे कहा कि मेरी बड़ी बहू का अनुमंडलीय अस्पताल में ऑपरेशन हुआ है। मैं अस्पताल में थी, इस बीच मेरे छोटे बेटे ने गले में गमछा लगाकर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही घर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से बेटे को अस्पताला पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन की जा रही है।

# लोक अदालत त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम-जिला जज:बक्सर लोक अदालत में 14.75 करोड़ रुपये के मामले निपटे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 1708 मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निपटारा किया गया और लगभग 14 करोड़ 75 लाख 55 हजार 951 रुपये की समझौता राशि तय हुई। लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार की अध्यक्ष काजल झाव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला, पुलिस अधीक्षक शुभम आर्या, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नेहा दयाल और स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह श्रीनेत सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पैनल अधिवक्ता विष्णु दत्त द्विवेदी ने किया। प्रधान जिला जज काजल झाव ने इस अवसर पर कहा कि लोक अदालत त्वरित और सुलभ न्याय का माध्यम है। उन्होंने बताया कि यहां एक ही दिन में मामलों का निपटारा संभव होता है और इसमें किसी पक्ष की हार-जीत नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान होता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नेहा दयाल ने बताया कि लोक अदालत को एक राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करना और आम लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। इस लोक अदालत में विभिन्न श्रेणियों के मामलों का निपटारा किया गया। इनमें बैंक से संबंधित 544 मामले, यातायात के 618 मामले, आपराधिक प्रकृति के 165 मामले, विद्युत के 265 मामले, वैवाहिक 13 मामले और एनआई एक्ट के 4 मामले शामिल थे। बैंकों के 98 रिकवरी मामलों में 1 करोड़ 12 लाख 81 हजार 51 रुपये की समझौता राशि पर सहमति बनी।



कुटुंब न्यायालय के प्रयासों से 14 वैवाहिक मामलों का भी सफल निपटारा हुआ। प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार की पहल पर धीरेंद्र कुमार-रीना सिंह, रविकांत सिंह-अनिता देवी और गायत्री कुमारी-विश्वामित्र वर्मा जैसे कई दंपतियों के बीच मध्यस्थता कराई गई। सुलह के बाद इन दंपतियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर साथ रहने का फैसला किया। इससे परिवारों में खुशी का माहौल रहा और बच्चों के भविष्य के लिए भी इसे सकारात्मक कदम माना गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज काजल झाव, सचिव नेहा दयाल, पैनल अधिवक्ता रामानंद मिश्रा, दीन दयाल कुंवर और राहुल नारायण मौजूद रहे।

वहीं लोक अदालत के माध्यम से 15 साल पुराने चेक बाउंस मामले का भी निपटारा किया गया। एसडीजेएम कोर्ट में लंबित इस मामले में मुक्तेश्वर रजक (परसिया, बक्सर) और राजीव कुमार कनौजिया (दिल्ली) के बीच विवाद चल रहा था। 80 हजार रुपये के चेक से जुड़ा यह मामला विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर पासपोर्ट-वीजा से संबंधित विवाद से जुड़ा था। गठित बेंच के न्यायाधीश अमित कुमार शर्मा ने दोनों पक्षों के बीच सुलह कराकर मामले का निष्पादन कराया। इस दौरान पैनल अधिवक्ता मधु कुमारी भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश उदय प्रताप सिंह, सुदेश कुमार श्रीवास्तव, संजीत कुमार सिंह, अमित कुमार शर्मा, सोनेलाल रजक, कमल कुमार, मानस कुमार वत्सल, अनुपमा सिंह, अवर न्यायाधीश भोला सिंह, महेश्वर नाथ पांडेय और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मान्वेंद्र सिंह सहित कई न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल बनाने का झांसा देकर महिला से 10 लाख की ठगी, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**पटना।** पटना के राजीव नगर इलाके में ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक जालसाज ने खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए एक महिला को राज्यपाल बनवाने का झांसा दिया और उससे 10 लाख रुपये ठग लिए। मामले की शिकायत मिलने के बाद राजीव नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता अनीता मिश्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपना नाम युवराज प्रताप सिंह बताया था। उसने महिला को भरोसा दिलाया कि उसकी सीधी पहुंच एक बड़े राजनीतिक दल के शीर्ष नेता तक है और वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर उन्हें राज्यपाल बनवा सकता है। महिला के अनुसार आरोपी ने उन्हें कई तरह के लालच दिए। उसने दावा किया कि वह उनके बेटे को फिल्म इंडस्ट्री में हीरो बना सकता है। इसके अलावा उसने शिमला में जमीन, पटना के एसके पुरी इलाके में मकान और दिल्ली में फ्लैट दिलाने का भी वादा किया। महिला का कहना है कि भरोसा दिलाने के लिए आरोपी ने उन्हें अशोक और शहनवाज नाम के दो लोगों से फोन पर बात कराई। इसके बाद एक ऐसे व्यक्ति से भी बात कराई गई, जिसकी आवाज किसी बड़े नेता जैसी लग रही थी। इन बातों से प्रभावित होकर महिला ने आरोपी को दो अलग-अलग किस्तों में कुल 10 लाख रुपये दे दिए। आरोपी ने दावा किया कि राज्यपाल बनाए जाने से संबंधित कागजात राष्ट्रपति के पास भेज दिए गए हैं और जल्द ही उस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। पीड़िता के अनुसार आरोपी उन्हें उन्हीं के पैसों से शिमला भी ले गया और वहां जमीन दिखाकर भरोसा दिलाया कि वही जमीन उन्हें दिलाई जाएगी। इस तरह आरोपी लगातार उन्हें विश्वास में लेकर पैसे ऐंठता रहा। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उनकी मुलाकात उनके घर के नीचे किराये पर चल रहे एक पार्लर में हुई थी, जहां से दोनों की पहचान हुई और धीरे-धीरे आरोपी ने उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजीव नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान और ठिकानों की जांच की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

### वैशाली इंजीनियरिंग कॉलेज में फ्री हेल्थ कैंपःछात्रों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने उठाया लाभ, डॉक्टरों ने दी सेवा

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत चकसिकंदर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में एक निःशुल्क बहुचिकित्सकीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय की एकेडमिक बिल्डिंग के भूतल पर स्थित चिकित्सा गृह में संपन्न हुआ, जिसमें शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। यह स्वास्थ्य शिविर डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. गौरव और डॉ. लव कुमार नीरज के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम तक चला। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों, कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों और आसपास के ग्रामीणों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि यह आयोजन महाविद्यालय की स्वास्थ्य जागरूकता पहल का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्यों के विशेष प्रयासों से यह शिविर सफल हो सका। प्राचार्य ने आगे बताया कि चिकित्सकों ने सभी मरीजों का गहन परीक्षण कर उचित निदान और परामर्श दिया। उन्होंने इसे केवल एक स्वास्थ्य जांच शिविर नहीं, बल्कि समाज के प्रति महाविद्यालय के उत्तरदायित्व की भावना का प्रतीक बताया। शिविर के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य के निर्देशन में एक विशेष समिति का गठन किया गया था। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की प्रो. प्रियम कुमारी कार्यक्रम की कन्वीनर थीं, जबकि प्रो. निशा, प्रो. रजनी, प्रो. प्रिया, प्रो. कुमार अभिनव, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. विवेक कुमार, प्रो. सुप्रिया, प्रो. श्वेता सुमन और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. आलोक कुमार ने कोऑर्डिनेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि शिविर में मरीजों की अच्छी भीड़ रही। छात्रों और स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिलती है। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य ने सभी स्वयंसेवी चिकित्सकों और आयोजन समिति के सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### राघोपुर में फ्री हेल्थ कैंप,स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने की जांच, सैकड़ों मरीजों पहुंचे,मुफ्त दवाइयां दी गईं

**हाजीपुर।** वैशाली के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के चकसिंगार पंचायत के वार्ड संख्या 2 स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल पटना और जिला स्वास्थ्य समिति वैशाली के सहयोग से लगाया गया था। वैशाली के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) कुंदन कुमार ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और मुफ्त दवाइयां प्राप्त कीं। इस अवसर पर वैशाली के सिविल सर्जन डॉ. श्यामनंदन प्रसाद सिंह, जिला स्वास्थ्य समिति के प्रबंधक डॉ. कुमार मनोज, राघोपुर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप पटेल, हेल्थ मैनेजर अभय राय और पंचायती राज पदाधिकारी विपुल विक्रम सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि सपना, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल कुमार, गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन कुमार और फिजिशियन डॉ. विनोद कुमार शामिल थे, जिन्होंने मरीजों को परामर्श और उपचार प्रदान किया। स्वास्थ्य कर्मियों रेणु कुमारी, डॉ. रवीना शर्मा, डॉ. शिल्पा सिंह, प्रभावती कुमारी, आंचल राज, नीतू कुमारी, वंदना कुमारी और जूही कुमारी ने भी शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

# पटना में 7.5 करोड़ की हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

## खगौल थाना क्षेत्र के नैनचक मुस्तफापुर में पुलिस की छापेमारी, 4.846 किलो मादक पदार्थ जब्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। खगौल थाना क्षेत्र के नैनचक मुस्तफापुर गांव में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को नैनचक मुस्तफापुर गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान आरोपी के घर से कुल 4.846 किलोग्राम हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद की गई। इसके अलावा मौके से एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 2400 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 7.5 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने खुलासा किया है कि मादक पदार्थ की यह खेप मुख्य रूप से नॉर्थ ईस्ट के इलाकों से लाई जाती थी। तस्करी के इस नेटवर्क में शामिल लोगों को खेप लाने के एवज में करीब एक लाख रुपये दिए जाते थे। पुलिस के मुताबिक नशे की खेप अधिकतर ट्रेन के माध्यम से बिहार लाई जाती थी। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। इस पूरे नेटवर्क का मुख्य सरगना फिलहाल फरार बताया जा रहा है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसएसपी ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति की भी जांच की जाएगी। एनडीपीएस एक्ट के तहत तस्करों की अवैध कमाई से बनाई गई संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना देने के लिए पुलिस ने जारी किया नंबरः** पटना पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके लिए पुलिस ने 8102488655 नंबर जारी किया है। पुलिस का कहना है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और तस्करों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार के रोहित कुमार सिंह को दिल्ली में सम्मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में एशिया इंडिया बिजनेस मीट एवं पीस कॉन्फ्रेंस 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एशिया के 12 देशों के राजनयिकों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता म्यांमार के राजदूत यू मोई क्यो आंग ने की, जो एशिया के 12 देशों के एंबेसडरों के चेयरमैन भी हैं। कार्यक्रम में एशियाई देशों के आपसी रिश्ते, व्यापारिक सहयोग और क्षेत्र में शांति को लेकर चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह को पिछले 14 वर्षों से सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। म्यांमार के राजदूत यू मोई क्यो आंग ने कहा कि जब उनके पास रोहित सिंह का प्रोफाइल पहुंचा तो उन्हें पता चला कि भारत में ऐसे युवा लगातार समाज में न्याय और मानवाधिकार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा अपनी पूरी ऊर्जा देश सेवा में लगा दे, उसे किसी सेनानी से कम नहीं आंका जाना चाहिए।

**कई देशों के राजनयिक हुए शामिलः** इस सम्मेलन में म्यांमार के अलावा इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, मलेशिया, कंबोडिया, लाओस, ब्रूनेई और मंगोलिया सहित कई देशों के फर्स्ट सेक्रेटरी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान एशियाई देशों के बीच व्यापारिक सहयोग, कूटनीतिक संबंध और क्षेत्रीय शांति को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसे भारत में एंबेसी की ओर से आयोजित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक माना जा रहा है। सम्मान मिलने के बाद रोहित कुमार सिंह ने कहा कि, यह उनके लिए बेहद खास और प्रेरणादायक क्षण है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि किसी एंबेसी के कार्यक्रम में उन्हें इस तरह आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

# 22 जिलों में बारिश-बिजली का अलर्ट समस्तीपुर, खगड़िया में कुहासा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** बिहार में मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। मौसम विज्ञान ने उत्तर-पूर्वी बिहार के 22 जिलों में बारिश-बिजली गिरने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों में 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। इधर, समस्तीपुर और खगड़िया में रविवार सुबह हल्का कुहासा छाया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस सीवान जिले के जीरादेई में दर्ज किया गया। वहीं, 37.3 डिग्री सेल्सियस के साथ कैमूर सबसे गर्म रहा।

**राज्य के पश्चिमी और मध्य क्षेत्र में सामान्य रहेगा मौसमः** वहीं, राज्य के पश्चिमी और मध्य हिस्सों के जिलों में फिलहाल कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। इनमें गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, समस्तीपुर, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और अरवल शामिल हैं। दूसरी तरफ मौसम विभाग के अनुसार उत्तर बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज, जबकि पूर्वी बिहार के कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर, बांका और जमुई में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों तक तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि जारी रह सकती है। कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। हालांकि उत्तर बिहार के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाने और मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है। कुछ जिलों में गरज के साथ हल्की बारिश को भी संभावना है। मौसम विभाग नै उत्तर और उत्तर-पूर्वी बिहार के कुछ जिलों में तेज हवा और हल्की बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे को रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि गरज-चमक हो या बिजली गिरे तो खुली जगहों में जाने से बचे। पेड़ या बिजली के खंभों के पास खड़े न हों। तेज हवा के दौरान कमजोर ढांचों या टिन शेड से दूरी बनाकर रखें।

# ईद से पहले बुझ गया घर का चिराग, तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो मासूम भाइयों को कुचला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**मसौढ़ी।** भगवानगंज–देवरिया पथ पर रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो मासूम सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा खैनिया गांव के समीप पुल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार से आ रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ने साइकिल सवार दोनों बच्चों को कुचल दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया, वहीं गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर अपना आक्रोश भी जताया। मिली जानकारी के अनुसार भगवानगंज थाना क्षेत्र के खैनिया गांव निवासी मोहम्मद मुस्तकिन के 10 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अरशद अहमद और 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अनश अहमद रविवार को घर से देवरिया मोड़ पर बाल कटवाने के लिए निकले थे। बाल कटवाने के बाद दोनों भाई साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भगवानगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बच्चे ट्रैक्टर के नीचे आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मासूम भाइयों की मौत से आक्रोशित लोगों ने भगवानगंज–देवरिया पथ को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद भी जब लोग नहीं माने तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर जाम हटवाया और यातायात को फिर से सुचारु कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था और तेज गति से वाहन चला रहा था। इसी लापरवाही के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें दो मासूम भाइयों की जान चली गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। उधर, इस हादसे के बाद बच्चों के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पड़ोसियों और रिश्तेदारों की भीड़ घर पर जुटी हुई है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि ईद के ठीक पहले इस हादसे ने परिवार की खुशियां छीन लीं और घर का चिराग हमेशा के लिए बुझ गया।

# बिहार विधान सभा के सभागार में धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती, प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** पटना स्थित बिहार विधानसभा के सभागार में रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा किया गया, जो पिछले दस वर्षों से बिहार में शिवाजी महाराज की जयंती मनाते हुए समाज सेवा के विविध कार्यों में सक्रिय रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री सम्मानित चिकित्सक डॉ. एस. एन. आर्या, समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल, आईएएस अधिकारी श्रीकांत शास्त्री (डीएम, बेगूसराय), आईआरटीएस अधिकारी शिव कुमार प्रसाद, आईएएस सी. जे. पटेल, प्रोफेसर अरविंद कुमार (दिल्ली विश्वविद्यालय) सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिवाजी महाराज के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित नाटकीय प्रस्तुति भी की गई, जिसने दर्शकों को उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति से प्रेरित किया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने "हिन्दवी स्वराज" की स्थापना कर भारत के पश्चिमी क्षेत्र को आक्रमणकारियों से सुरक्षित रखा और अपने साहस, रणनीति तथा गोरिल्ला युद्धकला के कारण विश्वभर में प्रसिद्ध हुए। उन्होंने हमेशा आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने की प्रेरणा दी—"अपना सिर कभी मत झुकाओ, हमेशा ऊँचा रखो।"

समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधीर पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान शासक ही नहीं बल्कि भारतीय अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक थे। वहीं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी ई. सतीश पटेल ने बताया कि समिति बिहार के विभिन्न जिलों में गरीब बच्चों को किताब, कॉपी और शैक्षणिक सामग्री वितरित करती है, साथ ही मेडिकल कैंप लगाकर जरूरतमंदों का मुफ्त इलाज भी कराती है। उन्होंने समिति के ड्रीम प्रोजेक्ट – छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल हॉस्पिटल की स्थापना का भी उल्लेख किया, जो भविष्य में गरीब और जरूरतमंद लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि बिहार के 38 जिलों के प्रमुख चौक-चौराहों पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही पटना के मरीन ड्राइव क्षेत्र में 100 फीट ऊँची भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी सरकार से की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भुमिका अजय सिंह आशीर्वाद इंजीकॉन प्रा. ली., डी. एन सिंह CMD सर्वोदय कंस्ट्रक्शन,डॉ दिलीप पटेल, राजीव कुमार उर्फ़ नीतीश डायरेक्टर, मगध ग्रीन होम्स, अजय पटेल डायरेक्टर सिरामिक जंक्शन, संजय कुमार सिन्हा CMD, नूतन कंस्ट्रक्शन, प्रमोद कुमार डायरेक्टर आर. डी. इको डेवलपर, अरुण कुमार सिन्हा CMD, कश्यप ग्रीन होम्स, सौरभ कुमार राजीव कुमार डायरेक्टर विद्या मंदिर वलासेज,राजु चम्पारण,प्रणव प्रकाश, डॉ बी बी भारती फोर्ड हॉस्पिटल, डॉ अशोक कुमार सिन्हा केशव हॉस्पिटल, कार्यकारी कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार एवं पप्पू पटेल शिवहर, रवि पटेल सीतामढ़ी, रामपुकार पटेल नेपाल, श्याम सुंदर पटेल, पवन पटेल नेपाल, नागेंद्र पटेल नेपाल, मुकेश पटेल, अरुजय कुमार जी की रही।

# 'रन फॉर नशामुक्त बिहार' थीम पर आयोजित हुई एसबीआई पटना मैराथन 2026

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## 10 हजार से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा



**पटना।** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को एसबीआई पटना मैराथन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। बिहार सरकार के मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से आयोजित इस मैराथन की थीम "रन फॉर नशामुक्त बिहार" रखी गई थी। कार्यक्रम में करीब 10 हजार से अधिक धावकों ने भाग लेकर नशामुक्त और स्वस्थ बिहार के संकल्प को समर्थन दिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु मौजूद रहीं। उनके साथ बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन का उद्देश्य राज्य में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सुबह से ही गांधी मैदान में बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी, फिटनेस प्रेमी और आम नागरिक जुटने लगे थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साह ने पूरे माहौल को ऊर्जा और जोश से भर दिया। इस अवसर पर बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव और आयुक्त उत्पाद-सह-निबंधन महानिरीक्षक अंशुल अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत एक ऊर्जावान जुम्बा सेशन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संगीत और फिटनेस गतिविधियों के बीच प्रतिभागियों ने जोश के साथ मैराथन के लिए खुद को तैयार किया। इसके बाद अतिथियों ने धावकों का उत्साहवर्धन करते हुए नशामुक्त बिहार के संदेश को मजबूत किया। मैराथन की शुरुआत सुबह 3:30 बजे गांधी मैदान के गेट नंबर 1 से की गई। दौड़ का निर्धारित रूट गांधी मैदान से शुरू होकर जेपी गंगा पथ होते हुए अटल पथ तक रखा गया था। वहां से यू-टर्न लेकर प्रतिभागी वापस गांधी मैदान पहुंचे, जहां फिनिशिंग लाइन पर दौड़ का समापन हुआ। अलग-अलग श्रेणियों की दौड़ को निर्धारित अंतराल पर रवाना किया गया। मैराथन के सफल आयोजन के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे रूट पर दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। धावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर अस्थायी चिकित्सा शिविर लगाए गए थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों और कार्डियोलॉजिस्ट की टीम मौजूद रही। 10.5 किलोमीटर बिंदु पर एंबुलेंस और चिकित्सकों की विशेष व्यवस्था की गई थी, जबकि पूरे मार्ग पर दो एंबुलेंस लगातार गश्त करती रहीं।

# बसपा से अलग हुए नेताओं ने बनाया नया मंच, 'बहुजन शोषित संघर्ष समिति' और 'बहुजन सेना' का गठन

## पूर्व प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में घोषणा, 20 अप्रैल को पटना में महाजुटान की तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** बिहार में बहुजन समाज पार्टी से अलग हुए नेताओं के एक समूह ने नया सामाजिक-राजनीतिक मंच बनाने की घोषणा की है। पूर्व प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में 'बहुजन शोषित संघर्ष समिति (BS-4)' और 'बहुजन सेना' का गठन किया गया है। संगठन का उद्देश्य बहुजन, दलित, पिछड़े और वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा करना और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करना बताया गया है। इस मौके पर नेताओं ने 20 अप्रैल को पटना में एक बड़े महाजुटान के आयोजन की भी घोषणा की। बताया गया कि इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से बहुजन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। अनिल कुमार ने कहा कि राज्य की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ हो रहे समझौते से बहुजन समाज में असंतोष बढ़ा है। उनका आरोप है कि सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया में आम जनता और बहुजन समाज की आवाज को नजरअंदाज किया गया है। इसी कारण सामाजिक न्याय और सम्मान की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए एक नए और मजबूत सामाजिक संगठन की आवश्यकता महसूस की गई। उन्होंने बताया कि संगठन बहुजन समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से काम करेगा और महान समाज सुधारकों के विचारों से प्रेरणा लेगा। इनमें भीमराव अंबेडकर, कांशीराम, पेरियार ई. वी. रामासामी, सावित्रीबाई फुले और जगदेव प्रसाद जैसे नेताओं के आदर्श शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों का सपना एक ऐसे समाज का निर्माण करना था जहां समानता, सम्मान और सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो। अनिल कुमार ने बताया कि 'बहुजन सेना' राज्य में कहीं भी दलित, पिछड़े और वंचित समाज के लोगों के साथ अत्याचार या अन्याय की घटना होने पर तुरंत वहां पहुंचकर पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे मामलों में पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाता, ऐसे में संगठन उनकी आवाज बनेगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन भूमि, आरक्षण और रोजगार जैसे अहम मुद्दों को भी मजबूती से उठाएगा। तीन डिसमिल जमीन की योजना, आरक्षण के अधिकार और युवाओं के लिए रोजगार के सवालों पर बहुजन समाज की आवाज को मजबूत किया जाएगा। साथ ही आने वाले समय में पूरे बिहार में संगठन का विस्तार किया जाएगा। इस मौके पर संजय मंडल, रंजन कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा, अमर आजाद पासवान, सुशील कुशवाहा, अजय कुमार और गौतम आनंद समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उप कारागार खूंटी में जेल अदालत और विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




**खूंटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के तत्वावधान में रविवार को उप कारागार, खूंटी में जेल अदालत एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कारागार में निरुद्ध बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा जेल अदालत के महत्व के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने बंदियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई तथा यह बताया गया कि प्रत्येक बंदी को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। साथ ही न्याय तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करने में जेल अदालत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अमित आकाश सिन्हा ने बंदियों को अपने मामले के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सदर अस्पताल, खूंटी के डॉ एरोन होरो एवं उनके सहायक चिकित्सकों के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें बंदियों का रक्तचाप, रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में कमलेश बेहरा, सचिव, डीएलएसए, अमित आकाश सिन्हा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम, डॉ. एरोन होरो, चिकित्सक सदर अस्पताल खूंटी, सहित विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता, डेप्युटी चीफ नम्रता कुमारी, जेल इंचार्ज जीवन एक्का, पैरा लीगल वॉलंटियर्स संजय हस्सा, जेल पीएलवी एवं जेलकर्मी उपस्थित रहे। जेल अदालत में निस्तारण के लिए कोई उपयुक्त मामला प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद बंदियों को जेल अदालत के महत्व तथा न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में विधिक सेवा प्राधिकरणों की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। यह जानकारी डालसा सचिव कमलेश बेहरा की ओर से दी गई।

### रांची सदर अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर की जटिल सर्जरी सफल, बोकारो की महिला को मिली नई जिंदगी



**रांची।** रांची सदर अस्पताल के डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों की टीम ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित 44 वर्षीय महिला की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक कर उसे नई जिंदगी दी है। बोकारो निवासी इस महिला के मस्तिष्क में अत्यंत संवेदनशील स्थान पर ट्यूमर था, जिसे सफल ऑपरेशन के जरिए हटाया गया। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात रंजन ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मरीज के मस्तिष्क के बायीं कनपटी वाले हिस्से में ट्यूमर था। मेडिकल दृष्टि से यह स्थान बेहद संवेदनशील और जटिल माना जाता है। ऐसे हिस्से में सर्जरी करना डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती होता है, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सावधानी और कुशलता के साथ ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन अस्पताल के न्यूरो सर्जन डॉ. अशोक मुंडा के नेतृत्व में किया गया। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने विशेष सतर्कता बरती, जिसके कारण ट्यूमर को सुरक्षित तरीके से निकाल लिया गया और मरीज को किसी प्रकार की जटिलता नहीं हुई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। इस उपलब्धि पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात रंजन, उपाधीक्षक डॉ. प्रभात कुमार, बिमलेश सिंह और डॉ. एके झा ने डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता टीमवर्क, अनुभव और समर्पण का परिणाम है। सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों ने समन्वय के साथ काम करते हुए इस चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफल बनाया। इस महत्वपूर्ण सर्जरी में एनेस्थेटिस्ट डॉ. नीरज, डॉ. वसुधा और डॉ. कौशल की भी अहम भूमिका रही। वहीं ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट सिस्टर नेली, मुकेश और अमित ने भी सर्जरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इस तरह की सफल सर्जरी यह साबित करती है कि सरकारी अस्पतालों में भी विशेषज्ञ डॉक्टरों और बेहतर चिकित सुविधाओं के बल पर गंभीर और जटिल बीमारियों का सफल इलाज संभव है। मरीज और उसके परिजनों ने डॉक्टरों और पूरे अस्पताल प्रशासन के प्रति आभार जताया है।

### खेल आदिवासी समाज की परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्साः राम सूर्या मुंडा



**खूंटी।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने मुरहू प्रखंड की इंदीपीढ़ी पंचायत के तपिंगसरा गांव में रविवार को खेल मैदान निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत आदिवासी परंपरा के अनुसार हुई, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के साथ विधायक का स्वागत किया। विधायक ने गांव के पाहन और ग्राम प्रधान गौमया मुंडा ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर फीता काटा तथा नारियल फोड़कर खेल मैदान निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि खेल आदिवासी समाज की परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। मुंडा समाज में खेल की समृद्ध परंपरा रही है और यहां के युवाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कई अवसर और योजनाएं उपलब्ध करा रही है। युवाओं को इन अवसरों का सदुपयोग कर खेल को स्वास्थ्य और आय के साधन के रूप में अपनाना चाहिए।सीइंदीपीढ़ी पंचायत के मुखिया सुखराम सरूकद ने खिलाड़ियों और नवयुवकों से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आजकल गांव-गांव में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है, लेकिन कई जगह युवाओं का ध्यान केवल खस्सी-बांटा और मनी प्राइज तक ही सीमित रह जाता है। कई बार खेल के बाद नशे की प्रवृत्ति भी बढ़ जाती है, जिससे युवाओं का स्वास्थ्य प्रभावित होता है और वे अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। इसमें सुधार करने की जरूरत है। कार्यक्रम में झामुमो के जिला सचिव सुशील पाहन, उपाध्यक्ष सनिका बोदरा, मुरहू के विधायक प्रतिनिधि डिक्सन पूर्ति, ग्राम प्रधान गौमया मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष सालन ओड़ेया, करमसिंह ओड़िया, साऊ सोय, फूलचंद कांडीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# पथरी के ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के बाराद्वारी स्थित नेफ्रो यूरोलॉजी एंड स्टोन सेंटर क्लिनिक में पथरी के ऑपरेशन के बाद एक मरीज की मौत हो जाने से रविवार को जमकर हंगामा हुआ। परिजनों और स्थानीय लोगों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। जानकारी के अनुसार पोटका थाना क्षेत्र के आसनबनी निवासी 50 वर्षीय पोरेस भगत को किडनी में पथरी की समस्या थी। इलाज के लिए वे बाराद्वारी स्थित नेफ्रो यूरोलॉजी एंड स्टोन सेंटर पहुंचे थे, जहां उन्होंने डॉक्टर डी.के. मिश्रा से परामर्श लिया। गुरुवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और शुक्रवार दोपहर उनका ऑपरेशन किया गया। बताया जाता है कि ऑपरेशन के बाद शनिवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी और पेट भी असामान्य रूप से फूलने लगा। मरीज की स्थिति गंभीर देख परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) ले जाने की बात कहने लगे, लेकिन अस्पताल के चिकित्सकों ने भरोसा दिलाया कि मरीज की हालत संभल जाएगी। इसी बीच शनिवार देर रात मरीज की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे और रविवार सुबह अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे। स्थिति तनावपूर्ण होते देख पुलिस को बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल प्रबंधन और परिजनों के बीच बातचीत कराई गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस मामले में डॉ. डी.के. मिश्रा ने मृतक के परिजनों से कहा कि यदि उन्हें इलाज को लेकर कोई संदेह है तो वे पोस्टमार्टम करवा सकते हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के वास्तविक कारण का पता चल जाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## विद्या विहार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया जमशेदपुर का शैक्षणिक भ्रमण



**एजेंसी। खूंटी**

विद्या विहार पब्लिक स्कूल, तोरपा के विद्यार्थियों ने शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत औद्योगिक नगरी जमशेदपुर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया। भ्रमण के बाद छात्र-छात्राओं का दल देर रात तोरपा लौट आया। विद्यालय के प्राचार्य ने रविवार को बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबों से बाहर निकलकर व्यावहारिक ज्ञान और वास्तविक अनुभव प्रदान करना था, ताकि वे औद्योगिक और प्राकृतिक स्थलों के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी प्राप्त कर सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जुबली पार्क, टाटा जूलॉजिकल पार्क (चिड़ियाघर), चांडिल डैम तथा टाटा मोटर्स सहित अन्य आधुनिक औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्हें औद्योगिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और शहर की संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें भी बताई गईं। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकगण भी मौजूद थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न स्थलों की जानकारी दी और भ्रमण को सफल बनाने में सहयोग किया।

## जेआईआईटी एकेडमी में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह, 70 विद्यार्थियों को मिला कंप्यूटर सर्टिफिकेट

**एजेंसी। खूंटी**




तोरपा रोड स्थित खूंटी टोली में जेआईआईटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर में रविवार को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक वर्ष के एडवांस कोर्स, छह माह के डिप्लोमा कंप्यूटर कोर्स सहित विभिन्न पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्र के निदेशक बिरेंद्र नाग द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुई। समारोह के दौरान कुल 70 विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स पूरा करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र के साथ विशेष उत्कृष्टता पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में उदय आनंद और जेम्स चोंड़े को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, साहिल जायसवाल को द्वितीय स्थान तथा अर्जुन टूटी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निदेशिका बुलबुल आईच ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कंप्यूटर शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में कंप्यूटर ज्ञान प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यक हो गया है और इससे युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर खुलते हैं। इस मौके पर केंद्र निदेशक बिरेंद्र नाग ने बताया कि आने वाले समय में एडीसीए, डीटीपी, टैली, डिजिटल मार्केटिंग, टाइपिंग सहित अन्य कंप्यूटर कोर्स भी संचालित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों को कम शुल्क में प्रशिक्षण दिया जाएगा। समारोह में सहायक शिक्षिका मोनी रानी, गणेश, रोजलिन प्रिसिका, पुष्पा कुमारी, अभिनव, पूर्वी रानी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रांची में यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूकता अभियान, बाइक रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**एजेंसी। रांची**




आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रांची में यातायात पुलिस ने रविवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत लोगों को सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की गई। अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट पहनकर बाइक चलाने, कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, ट्रिपल राइडिंग नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने तथा तेज और लापरवाही से गाड़ी नहीं चलाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाले हादसों और नुकसान के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत शहर में बाइक रैली भी निकाली गई। यह रैली बिरसा चौक से शुरू होकर अरगोड़ा चौक होते हुए फिरायालाल चौक तक पहुंची। इस दौरान आम लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर भी लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। यह अभियान वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर चलाया गया, जबकि यातायात पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस की टीम ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर रांची नगर क्षेत्र के कई पुलिस उपाधीक्षक, यातायात पुलिस के अधिकारी, स्थानीय थाना प्रभारी, ट्रैफिक प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भी मौजूद रहे।

## राम नवमी के रंग में रंगने लगा है खूंटी जिला

**एजेंसी। खूंटी**

जैसे जैसे राम नवमी का पर्व नजदीक आता जा रहा है, वैसे वैसे खूंटी जिला इसके रंग में रंगता जा रहा है। जिले में राम नवमी पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक श्रद्धालुओं और विभिन्न पूजा समितियों की ओर से उत्सव को भव्य और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारी की जा रही है। जगह-जगह अखाड़ा समितियों की ओर से बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिसमें जुलूस, शोभायात्रा तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है। खूंटी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में राम नवमी के अवसर पर निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई स्थानों पर अखाड़ों के युवाओं की ओर से लाठी, तलवार और अन्य पारंपरिक करतबों का अभ्यास भी शुरू कर दिया गया है। मंदिरों और चौक-चौराहों को सजाने-संवारने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। प्रशासन भी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह सतर्क है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से विभिन्न पूजा समितियों और अखाड़ा समितियों के साथ समन्वय बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की भी तैयारी की जा रही है। श्रीराम नवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप कुमार साहू और महासचिव जितेंद्र कश्यप ने बताया का कि राम नवमी खूंटी जिले का प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है, जिसे हर वर्ष बड़े उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना और शोभायात्रा में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। जिले में पर्व को लेकर धार्मिक माहौल बना हुआ है और बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। बताया गया कि 17 और 24 मार्च को मंगलवारी जुलूस निकाला जाएगा और 27 मार्च को पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। 28 मार्च को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# चाईबासा मंडल कारा गेट फायरिंग कांड का खुलासा, सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़ा एक आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




पश्चिमी सिंहभूम जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित चाईबासा मंडल कारा के मुख्य गेट के पास हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित झारखंड के कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा के गिरोह से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) तरुण कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर 2024 को अज्ञात अपराधियों ने चाईबासा मंडल कारा के मुख्य गेट के समीप फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सदर थाना कांड संख्या 79/2024, दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 तथा 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर अपराधियों की पहचान की। इसके बाद इस कांड में शामिल समीर अंसारी उर्फ नसरू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के महुडंडवा गांव का निवासी है। उसके पिता का नाम स्वर्गीय जसीम अंसारी बताया गया है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में समीर अंसारी ने घटना में शामिल अन्य अपराधियों के नामों का भी खुलासा किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि सभी आरोपित झारखंड के कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा के गिरोह से जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त काले रंग की एक पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस मोटरसाइकिल के संबंध में भी आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि समीर अंसारी का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। उसके खिलाफ शहर थाना डाल्टनगंज में कांड संख्या 33/2025, दिनांक 13 जनवरी 2025 को धारा 111(2)(ii) तथा 25(1-बी)(ए)/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित समीर अंसारी उर्फ नसरू को रविवार 15 मार्च 2026 को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, इस मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है। इस मामले में की गई छापेमारी में सदर थाना प्रभारी सह डीएसपी तरुण कुमार के साथ पुलिस अवर निरीक्षक उपेंद्र नारायण सिंह, अवर निरीक्षक श्रीकांत कुमार तथा सदर थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## रांची सहित झारखंड के कई जिलों में मौसम बदला, 19 मार्च तक बारिश-आंधी की संभावना, येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार दोपहर बाद मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई जिलों में 19 मार्च तक गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना है। इस स्थिति को देखते हुए विभाग ने कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि 16 मार्च को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों तथा उनसे सटे मध्यवर्ती और पूर्वी इलाकों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसको लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना भी जताई गई है। इसके अलावा राज्य के पश्चिमी जिलों में भी गर्जन के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 17 और 18 मार्च को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर बाकी हिस्सों में भी तेज हवा, गर्जन और हल्की बारिश हो सकती है। इसी को देखते हुए विभाग ने 17 से 19 मार्च तक कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 15.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम 39.4 और न्यूनतम 18.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 18.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 38.8 डिग्री और न्यूनतम 21.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, तेज आंधी और वज्रपात के समय खुले स्थानों में न रहने की सलाह दी है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोर की मौत

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सुंदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदादा के पास रविवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मृतकों की पहचान हिस्कू गांव निवासी 16 वर्षीय दुर्गा हेंब्रम और केडो गांव निवासी 15 वर्षीय मार्शल सोरेन के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों किशोर हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान कुदादा के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों किशोरों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़कर कुछ देर के लिए बंधक भी बना लिया और जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही सुंदरनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ट्रक चालक को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद दोनों किशोरों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद पर काले कपड़े पहनें, नमाज में काली पट्टी बांधें: आजम खान

**रामपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की जेल में बंद समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान ने इस साल ईद के त्यौहार को लेकर एक बड़ा और भावुक आह्वान किया है। शनिवार को जिला कारागार में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम से मुलाकात करने पहुंचे सपा नेताओं ने बाहर आकर मीडिया को चौंकाने वाली जानकारी दी। आजम खान ने मुस्लिम समुदाय, विशेषकर सुन्नी मुसलमानों से अपील की है कि वे इस बार ईद की नमाज के



दौरान काले कपड़े पहनें या बांह पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएं। मुलाकात के बाद बाहर आए मुरादाबाद के सपा नेता यूसुफ मलिक ने आजम खान के संदेश को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आजम खान ईरान में हुए हालिया घटनाक्रम से बेहद व्यथित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल और अमेरिका के संदर्भ में ईरान में जो 160 बच्चियों के साथ दुखद हादसा हुआ है, आजम खान ने उसे पूरी इंसानियत के लिए एक बड़ा घाव बताया है। आजम खान का मानना है कि जो बच्चियां वहां शहीद हुईं, वे भी हमारी अपनी बेटियों जैसी थीं। उनकी मौत पर शोक व्यक्त करना और दुनिया का ध्यान खींचना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

### नोएडा में 3500 रजिस्ट्री कर 3035 करोड़ का हुआ गलत लेन-देन

**नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर के निबंधन विभाग में आयकर की जांच में कई कमियां




उजागर हुई हैं। बीते चार वर्षों में एक हजार से अधिक पैन कार्ड गलत टाइपिंग और अन्य त्रुटियों की वजह से गलत फीड हुए। 2500 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्री कराते वक्त गलत पैन कार्ड लगाए। यह कार्य एजेंट और बैनामा लेखकों ने गांव की भूमि और जीपीए ( जनरल पावर ऑफ अटार्नी ) में किए। रजिस्ट्री के वक्त खसरे की दूसरी जगह रजिस्ट्री हुई। इस रजिस्ट्री में गलत पैन कार्ड लगाया गया। यह पैन कार्ड गलत थे या किसी और व्यक्ति के नाम से थे। आयकर विभाग की जांच में गौतमबुद्ध नगर के रजिस्ट्री विभाग में बडी गडबडियां सामने आई हैं। सेक्टर-33 स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय शनिवार को भी खुला। आयकर की जांच के बाद यहां गलत फीड हुए पैन कार्ड को सही से फीडिंग करना और रजिस्ट्री में गलत लगे पैन कार्ड का रिकॉर्ड खंगाया गया। इस तरह के 3500 से अधिक रजिस्ट्री कराने वालों की दस्तावेजों समेत जानकारी आयकर को सौंपी जाएगी। गांव में आबादी समेत डूब क्षेत्र में अरबों की कीमती जमीन लोगों को बेची गई। यहां हुई रजिस्ट्रियों में गलत या फर्जी पैन कार्ड का उपयोग हुआ। बीते चार वर्षों ऐसे हजारों मामले दर्ज हुए। निबंधन विभाग के पैन कार्ड की जांच का कोई एक्सेस नहीं होने से यह गड़बडियां पकडी नहीं जा सकीं।

# पंजाब की समृद्धि से बिहार के विकास की सीख, अमृतसर यात्रा ने दिखाए नए रास्ते

**अमृतसर(पंजाब)।** पंजाब की धरती केवल धार्मिक आस्था, वीरता और परंपरा की पहचान ही नहीं है, बल्कि यह कृषि समृद्धि, सामाजिक सहयोग और मजबूत विकास मॉडल का भी प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करती है। बिहार से प्रेस भ्रमण पर पंजाब गए पत्रकारों के दल में शामिल सोन वर्षा वाणी के प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार ने बताया कि इस यात्रा के दौरान अमृतसर के ऐतिहासिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व के स्थलों को करीब से देखने और समझने का अवसर मिला। इस अनुभव ने यह एहसास कराया कि यदि योजनाबद्ध तरीके से संसाधनों का उपयोग किया जाए तो बिहार जैसे राज्य भी विकास के नए आयाम स्थापित कर सकते हैं। प्रेस भ्रमण के दौरान पत्रकारों को अमृतसर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत से परिचित होने का अवसर मिला। सबसे पहले दल ने विश्व प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका। विशाल सरोवर के मध्य स्थित यह पवित्र स्थल न केवल सिख धर्म का प्रमुख तीर्थ है, बल्कि समानता, सेवा और मानवता का जीवंत उदाहरण भी है। सरोवर का शांत और निर्मल जल श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति का अनुभव कराता है। यदि इसे आस्था का सरोवर कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। स्वर्ण मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के लिए चलने वाला लंगर मानव सेवा की अद्भुत परंपरा का प्रतीक है। यहाँ धर्म, जाति और वर्ग का कोई भेद नहीं होता। जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से "वाहे गुरु" के चरणों में शीश झुकाता है, वह आत्मिक संतोष के साथ लौटता है। सरोवर के चारों ओर बनी सीढ़ियों पर बैठकर श्रद्धालु ध्यान और प्रार्थना में लीन दिखाई देते हैं। अमृतसर पहुंचकर स्वर्ण मंदिर के दर्शन करना कई वर्षों से मन में संजोई गई एक इच्छा के पूर्ण होने जैसा अनुभव रहा। इसके बाद दल ने स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा से जुड़े ऐतिहासिक स्थल जालियांवाला बाग का भ्रमण किया। यहाँ 13 अप्रैल 1919 की वह दर्दनाक घटना आज भी इतिहास के जीवंत दस्तावेज के रूप में मौजूद है, जब निहत्थे भारतीयों पर गोलियाँ बरसाई गई थीं। दीवारों पर आज भी दिखाई देने वाले गोलियों के निशान और शहीद स्मारक आज़ादी की कीमत का एहसास कराते हैं। उस समय भारत में अंग्रेजों का शासन था और ब्रिटिश सरकार ने दमनकारी रॉलेट एक्ट लागू किया था। इसी के विरोध में देशभर में आंदोलन चल रहे थे। बैसाखी के दिन हजारों लोग शांतिपूर्ण सभा के लिए जालियांवाला बाग में एकत्र हुए थे, लेकिन उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि कुछ ही क्षणों में यह स्थान ब्रिटिश शासन की क्रूरता का प्रतीक बन जाएगा। उसी समय ब्रिटिश अधिकारी रेजिनाल्ड डायर अपने सैनिकों के साथ वहाँ पहुँचा और बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया। चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। बाग चारों ओर से घिरा हुआ था और बाहर निकलने का रास्ता बहुत संकरा था। लोग अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे, कई लोग गोलियों से बचने के लिए बाग के कुएँ में कूद पड़े। कुछ ही मिनटों में सैकड़ों लोग शहीद हो गए और हजारों घायल हो गए। सरकारी आँकड़ों में मृतकों की संख्या कम बताई गई, लेकिन भारतीय स्रोतों के अनुसार यह संख्या कहीं अधिक थी।

इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और गति मिली। महान कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने इस नरसंहार के विरोध में ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गई "नाइटहुड" की उपाधि लौटा दी थी। जालियांवाला बाग परिसर में स्थित संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी कई ऐतिहासिक वस्तुएँ, दस्तावेज और चित्र सुरक्षित रखे गए हैं। यहाँ महान क्रांतिकारी उधम सिंह की स्मृतियाँ भी संजोकर रखी गई हैं, जिन्होंने इस नरसंहार का बदला लेने के लिए लंदन जाकर ब्रिटिश अधिकारी की हत्या की थी और बाद में उन्हें फाँसी दे दी गई। संग्रहालय में उनकी स्मृतियों को देखकर हर भारतीय का सिर श्रद्धा से झुक जाता है।

यात्रा के अंतिम चरण में दल भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित वाघा सीमा पहुँचा, जहाँ प्रतिदिन होने वाला संध्या ध्वज अवरोहण समारोह देशभक्ति की भावना से भर देता है। सीमा पर तैनात भारतीय जवानों की दमदार परेड और हजारों दर्शकों का जोश राष्ट्रप्रेम की अनूठी झलक प्रस्तुत करता है। रास्ते में वाल्मीकि मंदिर में भी दर्शन करने का अवसर मिला। इस यात्रा के दौरान पंजाब के विकास मॉडल और सामाजिक ढाँचे को भी करीब से समझने का मौका मिला। देश के अन्य राज्यों की तुलना में पंजाब लंबे समय से कृषि, डेयरी, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में मजबूत रहा है। हरित क्रांति के बाद आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर पंजाब ने देश के अन्न भंडार के रूप में अपनी पहचान बनाई। हालाँकि वर्तमान समय में यहाँ भी बेरोज़गारी, नशे की समस्या और कृषि संकट जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं, फिर भी मजबूत आधारभूत संरचना और उत्पादन क्षमता के कारण यह राज्य कई क्षेत्रों में आगे दिखाई देता है। यदि बिहार की तुलना पंजाब से की जाए तो बिहार के पास भी विशाल कृषि भूमि, युवा आबादी और प्रचुर श्रमशक्ति जैसी बड़ी संभावनाएँ मौजूद हैं। आवश्यकता है कि कृषि को आधुनिक तकनीक, बेहतर सिंचाई व्यवस्था, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और डेयरी विकास से जोड़ा जाए। साथ ही शिक्षा, कौशल विकास, छोटे और मझोले उद्योग तथा पर्यटन के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए तो बिहार भी आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर राज्य बन सकता है। यह यात्रा केवल धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भर नहीं थी, बल्कि यह अनुभव भी मिला कि बेहतर नीति निर्माण, सामाजिक सहयोग और संसाधनों के सही उपयोग से किसी भी राज्य को समृद्ध बनाया जा सकता है। पंजाब की उपलब्धियाँ और चुनौतियाँ बिहार जैसे राज्यों के लिए एक महत्वपूर्ण सीख प्रस्तुत करती हैं।

## चंडीगढ़ में तैरते सौर ऊर्जा संयंत्र

# जलाशयों से बन रही स्वच्छ बिजली

**चंडीगढ़।** देश में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे शहरों में चंडीगढ़ का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। यहां बिजली उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए जलाशयों के ऊपर तैरते सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इस परियोजना के माध्यम से सूर्य की ऊर्जा से बिजली का उत्पादन कर शहर के शहरी क्षेत्रों में उसका उपयोग किया जा रहा है।



चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए सेक्टर-39 जल शोधन केंद्र तथा धनास झील में तैरते सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इन जलाशयों की सतह पर विशेष तैरते मंचों के सहारे सौर पैनल लगाए गए हैं, जो सूर्य की किरणों को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं। इसके बाद यह बिजली विद्युत परिवर्तक यंत्र और विद्युत आपूर्ति तंत्र के माध्यम से शहर की बिजली व्यवस्था में शामिल कर दी जाती है।

विशेषज्ञों के अनुसार तैरते सौर ऊर्जा संयंत्र की तकनीक शहरी क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है, क्योंकि इसमें जमीन की आवश्यकता नहीं होती और जलाशयों का उपयोग कर ऊर्जा उत्पादन संभव हो जाता है। पानी की सतह पर लगाए गए सौर पैनलों के कारण जल का वाष्पीकरण भी कम होता है, जिससे जल संरक्षण में मदद मिलती है। साथ ही पानी की ठंडक के कारण सौर पैनलों की कार्यक्षमता भी अधिक बनी रहती है, जिससे बिजली उत्पादन बेहतर होता है। चंडीगढ़ में स्थापित इन तैरते सौर ऊर्जा परियोजनाओं से हर वर्ष लाखों यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन हो रहा है, जिससे शहर की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिल रही है। इसके साथ ही कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है। चंडीगढ़ प्रशासन सौर ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। शहर के सरकारी भवनों, संस्थानों और कई निजी भवनों की छतों पर भी छत आधारित सौर ऊर्जा प्रणाली लगाई गई है। प्रशासन का लक्ष्य शहर को हरित और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा मॉडल के रूप में विकसित करना है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि चंडीगढ़ का यह तैरता सौर ऊर्जा मॉडल देश के अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बन सकता है। सीमित भूमि वाले शहरी क्षेत्रों में जलाशयों का उपयोग कर सौर ऊर्जा उत्पादन की यह पहल भविष्य में स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर अमेरिकी एजेंसी का बड़ा दावा, पहले से ही खराब था विमान

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अमेरिका के एक हवाई सुरक्षा संगठन का दावा है कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना से जुड़े कई जरूरी दस्तावेज जांच अधिकारियों को दिए ही नहीं गए थे। ऐसे में इसकी जांच पर बड़े सवाल खड़े होते हैं। बता दें कि जून 2025 में हुई इस दुर्घटना में कम से कम 260 लोगों की जान चली गई थी।



जांचकर्ताओं को भेजे गए ईमेल में एविएशन सेफ्टी फाउंडेशन के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ईडी पियरसन ने कहा कि उसके हाथ कई ऐसे गुप्त दस्तावेज हाथ लगे हैं जिनसे पता लगता है कि विमान दुर्घटना के पीछे इलेक्ट्रिक फेल्योर कारण था। पियरसन ने कहा कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर रजिस्ट्रेशन वीटी-एएनबी के बारे में दस्तावेजों से पता चला है कि इसके इलेक्ट्रिक सिस्टम में पहले से ही खराबी चल रही थी। उन्होंने दावा किया कि इस विमान में लंबे समय से ही शॉर्ट सर्किट, धुआं निकलने और वायरिंग में दिक्कतें आ रही थीं। पियरसन ने कहा कि दुर्घटना का शिकार हुआ विमान कई बार इलेक्ट्रिक फाल्ट की वजह से उतारा जा चुका था। कई बार इसका पी100 पावर पैनल भी बदला गया था। विमान में बाएं इंजन से इलेक्ट्रिसिटी की सप्लाई होती थी। पियरसन ने कहा कि इस विमान को डिजाइन मोडिफिकेशन और सॉफ्टवेयर प्रोटेक्शन की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि एएआईबी ने घटना से नौ महीने पहले से ही कोई सिफारिश नहीं की थी। उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं ने भी ऐसा नैरेटिव बना दिया जिससे कि सारी जिम्मेदारी पायलट्स पर आ गई।

## हिमाचल में बदलेगा मौसम, छह दिनों के लिए बारिश का अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को प्रदेश में कांगड़ा, मंडी और शिमला में 40 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और ओलावृष्टि को लेकर 7रेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि लाहुल स्पीति और किन्नौर को छोड़कर बाकी स्थानों पर आंधी व वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में ऊंचे क्षेत्रों में कुछ एक स्थानों पर हिमपात की संभावना जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर 19 मार्च तक रहने का अनुमान है। इस दौरान 15 व 16 जबकि 18 व 19 मार्च को भारी और व्यापक वर्षा और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। शनिवार को प्रदेश की ऊंची चोटियों बारालाचा, कुंजुम और रोहतांग में हल्का हिमपात हुआ। जबकि शिमला में बादल छाए और दोपहर बाद मौसम साफ रहा। जबकि बाकी स्थानों पर धूप खिली रही। प्रदेश में दिन क तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आई है। धर्मशाला में 2 डिग्री की गिरावट जबकि शिमला में 1.9 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में शिमला का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया गया जो अन्य स्थानों की अपेक्षा सामान्य से सबसे अधिक 7.1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 33.6 डिग्री दर्ज किया गया है।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन अयोध्या आएंगी राष्ट्रपति

**अयोध्या , एजेंसी।** वर्ष प्रतिपदा तदनुसार 19 मार्च से एक तरफ जहां राम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का आगमन हो रहा है तो दूसरी तरफ उसी तिथि से चैत्र रामनवमी मेला का भी शुभारम्भ हो रहा है। इसी तिथि से वासंतिक नवरात्र का भी शुभारम्भ हो जाएगा। इसके अलावा वर्ष प्रतिपदा हिंदी नववर्ष का पहला दिन है। ऐसे स्वाभाविक रूप से रामलला के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ेगी जो कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन के लिए चुनौती हो सकती है।

प्यार से लेकर प्रमोशन तक 2026 का पूरा हाल जानें ?अभी पढ़ें

श्रद्धालुओं की इसी भीड़ को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में तय किया गया कि नवरात्र के प्रथम दिन वीआईपी पास के जरिए दर्शन निषिद्ध कर दिया गया है लेकिन आम श्रद्धालुओं को सामान्य दर्शन मार्ग से होने वाले दर्शन को बाधित नहीं किया जाएगा। निरंतर जारी रखेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने बताया कि सुबह छह बजे से देर शाम तक अनवरत दर्शन चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि रंगमहल बैरियर यानि क्रासिंग वन से श्रीराम यंत्र स्थापना समारोह में आमंत्रित अतिथियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। इस मार्ग से कोई अन्य नहीं प्रवेश पा सकेगा। उन्होंने जानकारी दी कि राम मंदिर में आयोजित समारोह में मंदिर आंदोलन के सहयात्रियों को नहीं आमंत्रित किया गया है बल्कि राम मंदिर निर्माण के लिए निधि समर्पण अभियान में शामिल



उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के कार्यकर्ताओं को ही आमंत्रित किया गया है जिनकी संख्या करीब साढ़े तीन हजार है। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद के अखिल भारतीय टोली के 45 पदाधिकारियों समेत तीन सौ संतों को भी आमंत्रित किया गया है।

वहीं इस समारोह में राम मंदिर निर्माण में लगी अलग-अलग एजेंसियों के अलग-अलग श्रेणियों के कर्मयोगियों के पारिवारिक सदस्यों सहित करीब 1800 लोगों को भी आमंत्रण भेजा गया है। तीर्थ महासचिव चंपतराय ने बताया कि यह आमंत्रण पूर्ण रूप से व्यक्तिगत है और हस्तांतरणीय नहीं है। इसके कारण आमंत्रित सदस्यों के साथ उनके सुरक्षा कर्मी अथवा अंगरक्षकों को प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि समारोह में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र व हथियार भी ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। उन्होंने जानकारी दी कि सिख परम्परा के आमंत्रित वह श्रद्धालु ही अपने पहचान के पांच चिन्हों जिनमें कटार शामिल हैं और कानूनी रुप में वैध है, उसे ले जाने की अनुमति है। वहीं मोबाइल को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। सभी अतिथि 18 मार्च को अयोध्या आ जाएंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने बताया कि यहां आमंत्रित अतिथियों के ठहरने एवं भोजन -जलपान की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से की गयी है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग गेस्ट हाउस व धर्मशालाओं में अतिथियों के लिए तीन हजार कमरे बुक कराए गए हैं। अलग-अलग जोन के अनुसार भोजनालय भी निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त 19 मार्च को कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी बनाई गयी।

### वैश्विक बाजार में धाक जमाने के लिए लुधियाना के साइकिल उद्योग का नया ब्लूप्रिंट तैयार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** 'पुर्जों से प्लेटफार्म तक विश्व बाजार के लिए पंजाब की अगली पीढ़ी की साइकिलें' विषय पर आयोजित 'साइकिल और ई-बाइक्स' सत्र में पंजाब के साइकिल उद्योग के विकास व विस्तार पर चर्चा हुई। एवन साइकिल के चेयरमैन और प्रबंधकीय निदेशक ओंकार सिंह पाहवा ने कहा कि पंजाब एक व्यवसाय अनुकूल वातावरण तैयार कर रहा है, जिससे उद्यमियों को अपने लक्ष्यों को साकार आसानी हो रही है। एमएसई के लिए विस्तारित स्व-प्रमाणीकरण और सिंगल-पाइंट रजिस्ट्रेशन जैसी प्रक्रिया प्रोजेक्ट को लगाने में तेजी लाएगी और निवेश को रोजगार, निर्यात तथा औद्योगिक उत्पादन में बदल देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 4,000 से अधिक एमएसएमई निर्माता और 100 से अधिक मध्यम और बड़े साइकिल निर्माता प्रतिवर्ष लगभग 2.2 मिलियन साइकिलों का उत्पादन करते हैं, जिससे भारत दुनिया के सबसे बड़े साइकिल उत्पादक देशों में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि पंजाब के पास कंपोनेंट्स और कच्चे माल की बड़ी क्षमता है तथा विश्वस्तरीय टायर निर्माण क्षमता इस क्षेत्र को और मजबूती प्रदान करती है।

# चंडीगढ़ की स्मार्ट परिवहन व्यवस्था और सुव्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं बनीं मॉडल

- **यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल प्रदर्शन पट्ट, यात्री सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित टिकट काउंटर और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध है।**

**चंडीगढ़।** किसी भी राज्य के समग्र और संतुलित विकास की बुनियाद उसकी मूलभूत व्यवस्थाओं पर निर्भर करती है। जब किसी प्रदेश में परिवहन व्यवस्था सुदृढ़ और सुगम होती है, स्वास्थ्य सेवाएँ आम नागरिकों के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण होती हैं, विधि-व्यवस्था मजबूत और भरोसेमंद होती है तथा शिक्षा प्रणाली आधुनिक और प्रभावी होती है, तब विकास का प्रभाव सीधे आम जनजीवन में दिखाई देता है। ऐसे राज्यों में विकास केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी स्पष्ट सुधार होता है। देश के विभिन्न राज्यों की वर्तमान स्थिति और वहाँ हो रहे निरंतर विकास को देखने पर यह स्पष्ट होता है कि समय के साथ विकास के मापदंड भी बदल रहे हैं। अब विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि बेहतर सार्वजनिक परिवहन, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण तथा रोजगार के अवसरों की उपलब्धता भी विकास के महत्वपूर्ण संकेतक बन चुके हैं। जिन राज्यों में इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया है, वहाँ सामाजिक और आर्थिक प्रगति भी तेज़ी से हुई है। इन सबके पीछे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सरकार की इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नीतियों की होती है। जब सरकार जनहित को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को ईमानदारी से लागू करती है और नागरिक भी सहयोग की भावना से विकास कार्यों में भागीदारी निभाते हैं, तब किसी भी राज्य के विकास को नई गति मिलती है। यदि चंडीगढ़ की बात करें तो यहाँ विभिन्न नागरिक सेवाओं का सुव्यवस्थित और तकनीक आधारित स्वरूप देखने को मिलता है। शहर में सेक्टर-43 बस टर्मिनल पर विद्युत बसों, आधुनिक नियंत्रण प्रणाली और स्वचालित सफाई व्यवस्था जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, वहीं सेक्टर-16 सरकारी अस्पताल बेहतर प्रबंधन और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का उदाहरण प्रस्तुत करता है। चंडीगढ़ देश के उन चुनिंदा शहरों में शामिल है जहाँ शहरी नियोजन, सार्वजनिक परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं का संतुलित विकास देखने को मिलता है। प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा आयोजित प्रेस भ्रमण के दौरान बिहार से आए पत्रकारों ने शहर की परिवहन व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया। इस दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि तकनीक आधारित प्रबंधन, सुव्यवस्थित ढांचा और प्रशासनिक प्रतिबद्धता के कारण चंडीगढ़ में नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता काफी बेहतर है।




### सेक्टर-43 बस टर्मिनल : आधुनिक परिवहन प्रबंधन का केंद्र

चंडीगढ़ का सेक्टर-43 अंतरराज्यीय बस टर्मिनल देश के सबसे सुव्यवस्थित बस टर्मिनलों में गिना जाता है। यहाँ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। बस टर्मिनल परिसर साफ-सुथरा, व्यवस्थित और तकनीक आधारित प्रबंधन से संचालित दिखाई देता है। बसों के संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम के पास है, जो शहर और आसपास के क्षेत्रों में नियमित बस सेवा प्रदान करता है। परिवहन उपक्रम का नियंत्रण कक्ष आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जहाँ से बसों की गतिविधियों, समय सारिणी और संचालन पर लगातार निगरानी रखी जाती है। डिजिटल प्रदर्शन पट्ट, यात्री सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित टिकट काउंटर और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था इस बस टर्मिनल को और प्रभावशाली बनाते हैं।

### 100 विद्युत बसों की शुरुआत : पर्यावरण अनुकूल पहल

चंडीगढ़ प्रशासन सार्वजनिक परिवहन को और आधुनिक तथा पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए 100 विद्युत बसों के संचालन की योजना पर कार्य कर रहा है। इनमें से लगभग 40 बसें बस टर्मिनल परिसर में पहुँच चुकी हैं और जल्द ही उनका नियमित संचालन शुरू किया जाएगा। इन बसों में दिव्यांग और वृद्ध यात्रियों के लिए निम्न तल प्रवेश व्यवस्था, महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें, चालक को संकेत देने की डिजिटल प्रणाली, यात्रियों के लिए डिजिटल सूचना पट्ट तथा आरामदायक सीटों जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बस टर्मिनल परिसर में विद्युत बसों के लिए आधुनिक चार्जिंग प्रणाली स्थापित की गई है। इसके अलावा बसों की सफाई के लिए स्वचालित बस धुलाई मशीन भी लगाई गई है, जिससे एक से डेढ़ मिनट के भीतर पूरी बस की सफाई हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बिहार में भी आधुनिक बस टर्मिनलों का विकास किया जाए, बसों की वैश्विक स्थान निर्धारण प्रणाली आधारित निगरानी व्यवस्था लागू की जाए और विद्युत बसों को बढ़ावा दिया जाए, तो परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार संभव है। इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, प्रदूषण कम होगा और यात्रियों को सुरक्षित तथा सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। चंडीगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था भी उतनी ही प्रभावशाली है जितनी इसकी परिवहन प्रणाली। शहर के प्रमुख सरकारी अस्पताल सेक्टर-16 में मरीजों के लिए सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हैं। यह अस्पताल बहु-विशेषता चिकित्सा सेवाओं के लिए जाना जाता है। यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं, लेकिन सुव्यवस्थित प्रबंधन के कारण चिकित्सा सेवाओं में अव्यवस्था दिखाई नहीं देती।

अस्पताल में मरीजों के पंजीकरण की डिजिटल व्यवस्था, अलग-अलग विभागों के लिए सुव्यवस्थित काउंटर और आधुनिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध हैं। चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग और हड्डी रोग जैसे विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग वार्ड और बाह्य रोगी विभाग संचालित होते हैं। आपातकालीन सेवाएँ भी अत्यंत सक्रिय और व्यवस्थित हैं। अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा उपकरण, प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम और नर्सिंग कर्मियों की उपलब्धता मरीजों के बेहतर उपचार को सुनिश्चित करती है। साथ ही अस्पताल परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्थित वार्ड, दवा वितरण व्यवस्था और जांच केंद्र स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाते हैं। मातृत्व और नवजात शिशु देखभाल की सुविधाएँ भी यहाँ बेहतर मानी जाती हैं। प्रसव के बाद महिलाओं और नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य जांच के साथ जन्म प्रमाण पत्र और आधार पंजीकरण की प्रक्रिया भी एक साथ पूरी की जाती है, जो सुव्यवस्थित स्वास्थ्य व्यवस्था का उदाहरण है। प्रेस भ्रमण के दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि योजनाबद्ध विकास, तकनीक का उपयोग और प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाया जा सकता है। चंडीगढ़ की परिवहन और स्वास्थ्य व्यवस्था इसका जीवंत उदाहरण है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि देश के अन्य राज्य, विशेषकर बिहार, इस प्रकार के मॉडल को अपनाते हैं तो वहाँ भी शहरी व्यवस्था, यातायात प्रणाली और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### तेल-गैस निर्भरता घटाने पर मोदी सरकार का फोकस, दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक रैली में कहा कि सरकार खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीयों तक हरसंभव सहायता पहुंचाएगी, उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं, युद्ध की वजह से पैदा हुए ऊर्जा संकट का हवाला देते हुए बताया कि इसलिए आत्मनिर्भरता जरूरी है। इस तरह से मौजूदा संकट में सरकार ने लोगों में भरोसा जताने और भविष्य की तैयारी का संदेश दिया है।सरकार का भरोसा– सरकार लगातार कह रही है कि देश में तेल–गैस की कमी नहीं है। लेकिन, रसोई गैस को लेकर चिंता तो फैल ही चुकी है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ जैसे महानगरों में होटल–रेस्तरां ने गैस सप्लाई में रुकावट की शिकायत की है। कमर्शल एलपीजी की सप्लाई कई जगह रुक गई है। हालांकि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि घरों में पहले की तरह ही गैस आपूर्ति की जा रही है और घबराने की जरूरत नहीं।परीक्षा का समय– सरकार ने एलपीजी उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसी तरह, रूस से 3 करोड बैरल कच्चा तेल खरीदा गया है। चूंकि होर्मुज स्ट्रेट बंद है, तो दूसरे रास्तों से तेल मंगाया जा रहा है। तेल–गैस की आपूर्ति सुचारू रखने के लिए ये सारे कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन, यह बात भी समझने वाली है कि युद्ध जिस स्तर पर फैल चुका है, इसका असर किसी न किसी रूप में तो पड़ेगा ही। भारत जैसे देशों के लिए, जो अपनी जरूरत का ज्यादातर पेट्रोलियम आयात करते हैं, यह परीक्षा का समय है। आत्मनिर्भरता की ओर– संकट के मौके सबक भी लेकर आते हैं। तो भारत के लिए सबक क्या है? पीएम ने आत्मनिर्भरता की बात कही। भारत की जरूरत और घरेलू उत्पादन को देखते हुए तेल–गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर होना तो मुश्किल होगा, लेकिन आयात पर अति–निर्भरता जरूर कम की जा सकती है। सौर और पवन जैसी रिनेवल एनर्जी को ज्यादा तेजी से प्रमोट करने का वक्त है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना होगा। इससे पेट्रोल–डीजल का बिल तो कम होगा ही, पर्यावरण में भी सुधार होगा।ज्यादा रिजर्व– एक और जरूरी कदम है स्ट्रैटिजिक ऑयल रिजर्व को बढ़ाना। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले दिनों बताया था कि भारत का पेट्रोलियम रिजर्व 74 दिनों की जरूरत पूरी कर सकता है। वैसे इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी के मुताबिक 90 दिनों का रिजर्व होना चाहिए। यह मामला देश की अर्थव्यवस्था के साथ–साथ सुरक्षा से भी जुड़ा है।

*आईआरजीसी ने कहा है कि ओमान और ईरान के बीच से गुजरने वाले समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले किसी भी जहाज को आग लगा दी जाएगी। क्योंकि ईरान अच्छे से जानता हैं कि इस मार्ग के बंद होने से तेल की वैश्विक कीमतें बहुत तेज़ी से दुनिया भर में बढ़ सकती है। जिसके चलते अमेरिका व इज़रायल पर युद्ध रोकने का दवाब बढ़ेगा।*

## अमेरिका-इज़रायल, ईरान के भीषण युद्ध से तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया

(दीपक कुमार त्यागी )

दुनिया के साथ-साथ आगामी दिनों में इस युद्ध का भारत पर भी जबरदस्त प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना हैं क्योंकि युद्ध से प्रभावित अलग-अलग देशों में लगभग 1 करोड़ से भी अधिक भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिन लोगों को सुरक्षित निकाल कर भारत लाना बड़ी चुनौती है। जिस दौर में पूरी दुनिया में हर देश के हुक्मरान अपने-अपने देश का सर्वांगीण विकास करने का ढिंढोरा पीट रहे हो, उस दौर में विकास के नाम पर हथियारों की एक ऐसी तेज़ दौड़ दुनिया में चल रही है, जिसने अभी तक तो कई देशों में भीषण युद्ध तक भी करवा दिया है और कई देशों को युद्ध के मुहाने पर लाकर के खड़ा कर दिया है, दुनिया भर में आधुनिक हथियारों व तकनीक के दम पर 21वीं सदी में युद्ध की तरह-तरह की पटकथाएं लिखी जा रही है। लेकिन 21वीं सदी के आधुनिक युग में दुनिया में एक सबसे बड़े सैन्य टकराव की मज़बूत नींव रखने वाले ईरान, इज़रायल और अमेरिका का महायुद्ध अगर जल्द ही नहीं रुका तो यह पूरी दुनिया के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकता है, यह युद्ध एकबार फिर से दुनिया का नक्शा बदलने वाला साबित हो सकता है। यह युद्ध शुरुआती चंद घंटों के बाद ही भीषण युद्ध के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है, मीडिया सूत्रों के अनुसार इस युद्ध में सभी पक्षों को पहले दिन से ही जान-माल का भारी नुक़सान हुआ था, जो एक हफ्ता बीतने के बाद अब भी निरंतर जारी है। युद्ध क्षेत्र से बड़े पैमाने पर लोग बहुत ही तेज़ी के साथ से विस्थापित होते जा रहे हैं, विस्थापित होते हुए इन सभी लोगों के लिए राहत व पुनर्वास कैंपों के साथ-साथ रोटी, आवास व इलाज़ आदि की व्यवस्था करना दुनिया के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभी तक के छः दिनों के इस युद्ध में ईरान में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ सेना के सर्वोच्च कमांडरों, सैन्यकर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम लोग भी इस भीषण युद्ध की विभिषिका की भेंट चढ़ चुके हैं, वहीं इज़रायल व अमेरिका के साथ-साथ अन्य देशों को भी जान-माल की भारी क्षति उठानी पड़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से दुनिया के सामने आये इन मौत के आंकड़ो पर नज़र डालें तो मात्र छः दिनों के अब-तक के इस भीषण युद्ध में ईरान में 1045, लेबनान में 50, इजरायल में 11, जॉर्डन में 5, कुवैत में 4, यूएई में 3, बहरीन में 1 और ओमान में 1 मौतें हो चुकी हैं। साथ ही ईरान के प्रचंड हमले से कुवैत में स्थित अमेरिका एंबेसी में 6 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है और जिस तेज़ी गति से यह युद्ध चल रहा है आने वाले दिनों में ईरान, इजरायल-अमेरिका के साथ-साथ यह भीषण युद्ध वैश्विक स्तर पर समीकरणों के बदलाव की एक नई नींव रख सकता है। दुनिया के साथ-साथ आगामी दिनों में इस युद्ध का भारत पर भी जबरदस्त प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना हैं क्योंकि युद्ध से प्रभावित अलग-अलग देशों में लगभग 1 करोड़ से भी अधिक भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिन लोगों को सुरक्षित निकाल कर भारत लाना बड़ी चुनौती है। वहीं खाड़ी देशों से जिस तरह से भारतीय बिजनेसमैन व कामगार हर माह भारी-भरकम धनराशि कमाकर भारत भेजते हैं, आने वाले दिनों में उस धनराशि में भारी कमी होने की संभावना है। वहीं तेल की कीमतों में लगती तेज़ी की आग से दुनिया के साथ भारत में भी मंहगाई का वेग बढ़ने की पूरी संभावना है और युद्ध की विभीषिका से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में में कमी होने की पूरी संभावना है, जो विकास के पथ पर बहुत ही तेज़ी से अग्रसरित भारत के लिए उचित नहीं है। वहीं जिस तरह से आधुनिक हथियारों से सुसज्जित अमेरिका सेना की एक पनडुब्बी ने हिन्द महासागर क्षेत्र में आकर के ईरानी नौसेना के जहाज़ को निशाना बनाकर के ईरान के सैकड़ों नौसेनिकों को मार डाला है, वह भारत की संप्रभुता के लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण स्थिति है और भारत को भी इस युद्ध में शामिल करने की एक बड़ी साज़िश लगती है। हालांकि भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर लगी हुई हैं कि क्या आने वाले दिनों में ईरान, इज़रायल और अमेरिका के बीच कूटनीति की मेज पर इस युद्ध का कोई तात्कालिक या दीर्घकालिक समाधान निकलेगा या फिर एक दर्जन से अधिक देशों में ड्रोन व बैलिस्टिक मिसाइलों के जलते हुए घातक बारूद की तीक्ष्ण गंध आने वाले दिनों प्रतिशोध की प्रचंड ज्वाला के साथ एक और भीषण विश्वयुद्ध की पटकथा को इतिहास में दर्ज करेगी। इस युद्ध क्षेत्र के हालातों को देखकर के लगता है कि हथियारों की होड़ व प्रतिशोध की आग में मानवीय संवेदनाएं व इंसानियत का बहुत ही तेज़ी से त्याग होता जा रहा है। हालांकि इन घातक हमलों पर ईरान कह रहा है कि मध्य-पूर्व के यह सभी इस्लामिक देश उसकी बैलिस्टिक मिसाइलों के निशाने पर इसलिए आ गए हैं, क्योंकि इन सभी देशों में अमेरिका के सैन्य बेस व जंगी जहाज मौजूद हैं, इन सभी सैन्य बेसों का उपयोग ईरान के खिलाफ़ इज़रायल व अमेरिका के द्वारा की गई साझा सैन्य कार्रवाई में हुआ है, इसलिए ईरान भी आत्मरक्षा के लिए खाड़ी देशों में बने इन सभी सैन्य बेसों व जंगी जहाज़ों के बेड़ों को निशाना बना रहा है, ना कि उन देशों को निशाना बना रहा है। लेकिन ईरानी हमलों के पीछे की कटु सच्चाई यह भी है कि वह अमेरिका व इज़रायल के खाड़ी देशों में बने हुए बड़े-बड़े आर्थिक प्रतिष्ठानों, डाटा सेंटरों व एंबेसी आदि को निशाना बनाकर के दुश्मन देशों को आर्थिक रूप से भारी क्षति पहुंचाने की मंशा रखता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरानी सेना भी कह रही है कि अमेरिका और इज़रायल के द्वारा ईरान पर किए जा रहे बड़े पैमाने पर हमलों के जवाब में ईरान सेना ने भी अमेरिका व इज़रायल के पिट्ठू बने हुए कुछ खाड़ी देशों के क्षेत्र में हमले शुरू कर दिए हैं। वहीं जान-माल की भारी क्षति के बावजूद भी ईरान युद्ध भूमि में अपने घातक ड्रोन व घातक बैलिस्टिक मिसाइलों से जमकर सटीक निशाने लगा रहा है। जिन हमलों पर ईरान का शासन-प्रशासन, विदेश व रक्षा मंत्रालय और सेना के शीर्ष कमांडर लगातार कह रहे हैं कि ईरान अपनी आत्मरक्षा के लिए युद्ध भूमि में सभी सैन्य तरीक़ों का इस्तेमाल ऐसी ही करता रहेगा। जिससे ख़फ़ा होकर के ताकत के मद में चूर अमेरिका व इज़रायल ईरान के भूगोल को बदल कर के धरा से उसका अस्तित्व ही मिटाने पर अमादा है। वहीं भीषण युद्ध के हालात में ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अपने बयान में कहा कि ईरान अमेरिका-इज़रायल के हमलों की जवाबी कार्रवाई में प्रॉमिस 4 अभियान के तहत इज़रायल व अमेरिकी सैन्य ठिकानों और संपत्तियों को निशाना बना रहा है। मीडिया सूत्रों के अनुसार ईरान के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों व मंशा के अनुरूप ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दुनिया भर में तेल खपत का पांचवां हिस्सा तेल पहुंचाने के एक महत्वपूर्ण मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की घोषणा भी कर दी है।

## भारतीय रसोईघर तक आई ईरान–इजरायल युद्ध की आंच

दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं, लेकिन उसकी आंच में आम लोग झुलसते हैं। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद इस युद्ध का दायरा जिस स्वरूप में फैला है, उसका असर अब आशंका के अनुरूप सामने आना शुरू हो चुका है। समस्या यह है कि दुनिया के ज्यादातर देश आमतौर पर हर समय इतनी पूर्व–सावधानी नहीं बरतते हैं कि युद्ध से उपजी आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपायों को लेकर अपनी ओर से अगले कई महीनों के लिए पूरी तैयारी रखें। कई बार अचानक पैदा होने वाले हालात में पहले आपूर्ति का मोर्चा बाधित होता है। उसके बाद आम लोगों के जीवन–बसर के लिए अनिवार्य चीजों की कमी शुरू हो जाती है और फिर उसका असर बाहर भी दिखने लगता है, जिसमें लोगों के बीच रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की समस्या को लेकर चिंता ज्यादा बढ़ जाती है। इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले के दस दिन बाद कई देशों में लगभग यही स्थिति बन रही है। जहां तक भारत का सवाल है, तो जब से ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते को रोका है, तब से तेल टैंकरों की आवाजाही और गैस की आपूर्ति भी व्यापक रूप से बाधित हुई है। इसके अलावा, ईरान ने जवाबी हमले के तौर पर जिस तरह खाड़ी के कई देशों के तेल रिफाइनरियों पर हमले किए, उसके बाद कच्चे तेल का संकट ज्यादा गहरा गया है।हालांकि होर्मुज मार्ग पर ईरान के रुख के बाद यह साफ हो गया था कि अगर यह युद्ध थोड़ा लंबा खिंचा, तो दुनिया के कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। तेल और गैस के अभाव की वजह से न सिर्फ आम जनजीवन में अफरा–तफरी पैदा होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर आर्थिक संकट खड़ा होगा। इसी क्रम में भारत में अब यह साफ दिखने लगा है कि अगर सरकार की ओर से जल्दी ही कोई उपयुक्त कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति जटिल हो सकती है।

## अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

(प्रह्लाद सबनानी)

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन - अमेरिका को पुनः महान बनायें - के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया। ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं। ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं। ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6032

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6031

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 6032

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 18 जुलाई 1996 को वर्तमान दौर की इस महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने जन्म लिया (5)
5. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी लीमा है (2)
7. भास्कर, रवि, दिनपति, सूर्य (4)
9. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य, शुद्ध वायु (3)
11. इसे उर्दू में हिना कहते है, रंजिका (3)
12. लार, वार्निश, साल (2)
13. पदचिन्ह, चरण, कदंब (3)
15. अकुलीनता, अधमता, दर्जुनता (3)
17. पटना से करीब 90 किमी दूर जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है(2)
18. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
19. अनुभवी, प्रवीण, सतर्क (4)
22. घेराबंदी, सीमातिकरण करना (3)
23. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक भारतीय टीवी अभिनेत्री व वर्तमान दौर की भाजपा महिला नेत्री (5)
2. उपासना गृह, देवालय, इबादतगाह (3)
3. तृणजाति का एक पौधा जिनके बीज से चावल निकलते है (2)
4. परेशान होना, छकना, तंग आना (7)
6. पसंदगी, इच्छा, दिलचस्पी (2)
8. करूणा, दया, तरस (3)
10. पृथ्वी पर विचरने वाले प्राणी (4)
14. हवा, सचल वायु, अलमस्त हव, नसीम (3)
16. मुगल सम्राट अकबर के एक दरबारी रत्न जिनका मूल नाम रामतनु पाण्येय था (4)
17. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट से स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
20. शिकायत, उपालंभ, गिला (3)
21. जो रिश्तें में माता की बहन पति हों (2)

### वर्ग पहेली 6031 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | न | लैं | ड | | श | ह | द |
| रो | | गि | ल | म | | वा | र |
| जा | व | क | | र | क | म | |
| बा | ल | | | ह | ला | ह | ल |
| द | या | लु | | म | | ल | ट |
| | का | | च | | ज | | क |
| स | र | का | र | | मै | दा | न |
| ख्वा | | | स | र | का | ना | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन चिंता भरा रहेगा। किसी कारण से आपको चिंता या भय हा सकता है। सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। हालांकि कार्यक्षेत्र में आप पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम के पूरा होने से आपमें आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में स्थिति सामान्य दिखाई दे रही है। हालांकि खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा।

### वृष
आज का दिन आर्थिक मजबूती दिलाएगा। परिवार में सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां आपको मिल सकती है। धन लाभ के योग बनते दिख रहे हैं। परिवार के साथ बिताया समय आपको खुशी दिलाएगा। परिवार और जीवनसाथी का पूरा सहयोग आपको प्राप्त होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। दिनचर्या संतुलित रखने से सेहत और अच्छी रहेगी।

### कर्क
आज दिन रचनात्मक कार्यों में सफलता दिलाएगा। सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का मौका आपको मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रगति होगी साथ ही नए अवसर भी आएंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। हालांकि इस दौरान आपका पारिवारिक माहौल भी खुशनुमा रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग आपको मिलेगा। सेहत में सुधार होगा।

### सिंह
आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। घर-परिवार से जुड़े कार्यों में आपको अधिक थोड़ा समय देने की जरूरत है। सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी। करियर में आपको कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएंग। मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। पारिवारिक जीवन आपको सुखद रह सकता है।

### मिथुन
आज का दिन शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला रहेगा। संतान से जुड़ी आपको गुड न्यूज मिल सकती है। करियर में आपको प्रगति मिलेगी। आर्थिक स्थिति संतुलित रहने की उम्मीद है। परिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। ऊर्जा बनी रहने से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### कन्या
आज दिन सम्मान या उपहार दिलाने वाला रहेगा। महिला अधिकारी या घर की महिला मुखिया का सहयोग आपको प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में उम्मीद से ज्यादा लाभ आपको मिलेगा। लव लाइफ आपकी बढ़िया रहेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा।

### तुला
आज रिश्तेदार या परिचित से मतभेद हो सकता है। हालांकि इस दौरान आपके प्रयास भी सफल होंगे। सेहत में सुधार होगा। करियर के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयास अच्छे परिणाम रहेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से सामान्य रहेगी। अनावश्यक खर्चों से बचने की सलाह आपको दी जा रही है।

### वृश्चिक
आज आपका भाग्य चमकेगा। कहीं से कोई सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक में प्रगति हो सकती है। करियर में नए मौके आपको मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति आपकी मजबूत होगी। यदि लव लाइफ में हैं तो आपको परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। रिश्तों में मधुरता आएगी साथ ही परिवार का सहयोग आपको मिलेगा। मानसिक तनाव से बचने के लिए ध्यान और योग का सहारा लें।

### मकर
आज दिन सामान्य रहेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी। परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में व्यस्त रह सकते हैं। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो कार्यक्षेत्र में आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा। आर्थिक पक्ष आपका ठीक रहेगा। दांपतय जीवन में साथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। हालांकि इस दौरान खर्च भी बढ़ सकते हैं। पारिवारिक रिश्तों में आपकी मधुरता बढ़ेगी।

### कुंभ
आज का दिन उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी कराएगा। ससुराल पक्ष से आपको सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। हालांकि इस दौरान खर्च भी बढ़ सकते हैं। पारिवारिक रिश्तों में आपकी मधुरता बढ़ेगी। दिनचर्या संतुलित रखने की सलाह आपको दी जा रही है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तों में सकारात्मकता बढ़ेगी। स्वास्थ्य आपका सामान्य रहेगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत मिलते दिख रहे हैं। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। राजकीय कार्यों में आपको वरिष्ठ जनों का सहयोग मिल सकता है। यदि आप नौकरीपेशा हैं या व्यापार हैं तो आपकी कार्य कौशलता में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति में आपकी सुधार हो सकता है। आय के नए अवसर आपको मिल सकते हैं।

### मीन
आज का दिन शुभ संकेत लेकर आया है। व्यावसायिक प्रयास आपके सफल होंगे। सकारात्मक कार्यों में अच्छे परिणाम मिलने लगेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। ?यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको प्रयास करने पर भी फल मिलेगा। नौकरी और व्यापार में किए गए प्रयास सफल होंगे और नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लाभ के मौके मिलेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# सफलता का कोई सीक्रेट नहीं, सब कुछ कड़ी मेहनत से हासिल होता है : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट या सीक्रेट नहीं होता और हर उपलब्धि के पीछे कड़ी मेहनत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय पुरुष और महिला टीमों द्वारा जीते गए आईसीसी खिताब भविष्य में और बड़ी सफलताओं की शुरुआत साबित होंगे। रोहित ने कहा कि मैदान पर खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ पर्दे के पीछे काम करने वाले सपोर्ट स्टाफ और अन्य लोगों का योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है।

**खिलाड़ियों के साथ सपोर्ट स्टाफ का भी बड़ा योगदान** –रोहित शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करना आसान नहीं होता और इसके लिए खिलाड़ियों को लगातार मेहनत करनी पड़ती है। उन्होंने बताया कि केवल मैदान पर खेलने वाले खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि टीम मैनेजमेंट, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी भी सफलता के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। रोहित के अनुसार टीम की उपलब्धियों का श्रेय सभी लोगों को मिलना चाहिए।

**पुरुष और महिला क्रिकेट की सफलता पर गर्व** – रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट की हालिया सफलताओं पर खुशी जताते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश का झंडा लगातार ऊंचा लहराया है। उन्होंने कहा कि केवल पुरुष क्रिकेट ही नहीं बल्कि



महिला क्रिकेट ने भी शानदार प्रदर्शन किया है और विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। रोहित के मुताबिक भारतीय महिला टीम की उपलब्धियां भी उतनी ही प्रेरणादायक हैं जितनी पुरुष टीम की।

**टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत की याद** – उल्लेखनीय है कि आईसीसी मैंस टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने खिताब जीता था। इसके बाद मार्च 2025 में भारत ने आईसीसी चैंपियस ट्राफी 2025 भी अपने नाम किया। इन जीतों के बाद भारतीय क्रिकेट में आत्मविश्वास और उत्साह का नया माहौल बना।

**अंडर-19 टीमों ने भी जीते विश्व कप** – भारत की जूनियर टीमों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। पुरुष अंडर-19 टीम ने हाल ही में आईसीसी अंडर टी-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता, जिसकी कप्तानी आयुष म्हात्रे ने की। वहीं महिला अंडर-19 टीम ने भी 2025 में खिताब जीता, जिसकी कप्तान निकी प्रसाद थीं।

**अगला बड़ा टूर्नामेंट महिला टी20 विश्व कप** – भारतीय क्रिकेट के लिए अगला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट आईसीसी वूमेन टी-वर्ल्ड कप होगा, जो 12 जून से ब्रिटेन में शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में भारत को ग्रुप-1 में पाकिस्तान, नीदरलैंड, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के साथ रखा गया है।

# हेड कोच का ऋषभ पंत को जोरदार समर्थन, बोले- चैंपियन ज्यादा देर तक नहीं रुकते

**लखनऊ (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने टीम के कप्तान ऋषभ पंत का जोरदार समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ी कभी भी लंबे समय तक खराब दौर में नहीं रहते और पंत भी जल्द अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापसी करेंगे। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने वाला है और उससे पहले टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि पंत इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**पंत की फॉर्म को लेकर चिंता नहीं- लैंगर** – जस्टिन लैंगर ने पंत की हालिया फॉर्म को लेकर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए कहा कि टीम को अपने कप्तान पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के आखिर में पंत ने कुछ बेहतरीन पारियां खेली थीं और टीम को उम्मीद है कि वह इस सीजन भी उसी अंदाज में बल्लेबाजी करेंगे। लैंगर के मुताबिक, बड़े खिलाड़ी मुश्किल दौर से जल्दी बाहर निकल आते हैं और पंत भी उनमें से एक हैं।

**युवराज सिंह के साथ की खास ट्रेनिंग** – आईपीएल 2026 से पहले ऋषभ पंत ने अपनी तैयारी को और मजबूत करने के लिए मुंबई में विशेष ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। यह ट्रेनिंग उस समय हुई जब पंत पिछले कुछ समय से चोट की समस्या से जूझ रहे थे। लैंगर ने बताया कि अभ्यास सत्र से मिली शुरुआती रिपोर्ट बेहद सकारात्मक है और पंत शारीरिक तथा मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं।

**चोट के बाद वापसी की तैयारी** – 26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे हैं। वडोदरा में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाली वनडे सीरीज से पहले एक अभ्यास सत्र के दौरान उन्हें साइड स्ट्रेन की चोट लगी थी। इसके बाद से वह रिकवरी और फिटनेस पर



काम कर रहे हैं ताकि आईपीएल 2026 में पूरी तरह फिट होकर उतर सकें।

**एलएसजी को पंत से बड़ी उम्मीद** – लखनऊ सुपर जायंट्स को इस बार अपने कप्तान से काफी उम्मीदें हैं। पिछले सीजन में टीम का प्रदर्शन खास नहीं रहा था और एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। ऐसे में फ्रेंचाइजी चाहती है कि पंत इस बार मिडिल ऑर्डर की मजबूत कड़ी बनकर टीम को बेहतर नतीजे दिलाएं।

**आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी** – ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। एलएसजी ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा था, जो लीग के इतिहास का सबसे बड़ा कॉन्ट्रैक्ट माना जाता है। हालांकि पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। आईपीएल 2025 में उन्होंने 14 मैचों में 269 रन बनाए थे और उनका स्ट्राइक रेट 133.16 रहा।

**पिछले सीजन की शानदार पारी** – हालांकि सीजन के आखिरी मुकाबले में पंत ने शानदार वापसी के संकेत दिए थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेली थी। इसके बावजूद टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी और सातवें स्थान पर ही रही।

**आईपीएल में शानदार रिकॉर्ड** – हालिया चुनौतियों के बावजूद ऋषभ पंत का आईपीएल रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। उन्होंने आईपीएल में अब तक 110 से ज्यादा मैचों में 3200 से अधिक रन बनाए हैं। उनका करियर स्ट्राइक रेट 145 से ज्यादा है। पंत के नाम टूर्नामेंट में 2 शतक और 19 अर्धशतक भी दर्ज हैं, जो उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक विकेटकीपर बल्लेबाजों में शामिल करता है।

# पूजा गहलोत की कुश्ती के खिलाफ थे पिता, हालात से लड़कर बनाई पहचान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने से पहले कई लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं। भारत की होनहार महिला पहलवान पूजा गहलोत ने अखाड़े में उतरने से पहले कई ऐसी ही जंग लड़ी। आर्थिक तंगी के साथ-साथ पूजा के पिता उन्हें कुश्ती खेलते हुए नहीं देखना चाहते थे। हालांकि, पूजा के बुलंद हौसलों के आगे एक दिन पिता को भी झुकना पड़ा। पूजा गहलोत का जन्म दिल्ली के लांपुर गांव में हुआ। बचपन से ही पूजा को खेलों में खास रुचि थी। कुश्ती का खेल पूजा के दिल के थोड़ा ज्यादा करीब था। हालांकि, उस दौर में लड़कियों का कुश्ती खेलना सामान्य बात नहीं माना जाता था। खुद पूजा के पिता नहीं चाहते थे कि वह इस खेल में करियर बनाएं। पूजा की प्रतिभा को चाचा धर्मवीर सिंह ने पहचाना, और वह ही उनको महज 6 साल की उम्र में अखाड़े लेकर गए। पिता की सख्ती के चलते पूजा ने पहले वॉलीबॉल खेलना शुरू किया लेकिन बाद में वह कुश्ती के खेल में रम गईं। चाचा धर्मवीर ने पूजा को कुश्ती की बारीकियां सिखाईं और इसके बाद पूजा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूजा ने 2017 में एशियन जूनियर चैंपियनशिप में लाजवाब प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। पूजा गहलोत पहली बार साल 2019 में सुर्खियों में आईं। उन्होंने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक को अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप से पहले कंधे की चोट के कारण पूजा को दो साल तक कुश्ती से दूर रहना पड़ा था। हालांकि, पूजा ने जबरदस्त वापसी करते हुए हर किसी को दिखाया कि वह इस खेल के लिए ही बनी हुई हैं। साल 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स में पूजा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने को मिला।

### एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप

# इंग्लैंड ने फाइनल में भारत को 2-0 से हराया

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर रही। शनिवार को हैदराबाद के जीएमसी बालायोगी हॉकी ग्राउंड में हुए फाइनल मुकाबले में टीम को इंग्लैंड के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की ओर से ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) और एलिजाबेथ नील (43वें मिनट) ने गोल किए। भारत ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। नवनीत कौर ने शुरुआती दो मिनट के अंदर ही अपनी टीम के लिए एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। हालांकि, इस सेट पीस से उन्होंने जो ड्रैग फ्लिक लगाई, उसे इंग्लैंड की गोलकीपर ने रोक दिया। मेजबान टीम ने जबरदस्त अनुशासन दिखाया। उन्होंने अपने डिफेंस को मजबूत बनाए रखा और साथ ही विरोधी टीम के पाले में भी सेंध लगाने की कोशिशें जारी रखीं। हालांकि, पहले क्वार्टर के आखिर में इंग्लैंड ने मैच में अपनी पकड़ मज़बूत कर ली और दो मिनट शेष रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। ग्रेस बाल्सडन (13वें मिनट) ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने अपनी ड्रैग फ्लिक से गोल किया और इस टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर से अपना पांचवां गोल दागते हुए इंग्लैंड को 1-0 की बढ़त दिला दी।दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर जैसा ही रहा। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों ही टीमों ने एक-दूसरे को ज्यादा मौके नहीं दिए। पहले हाफ में 8 बार सर्कल में घुसने के बावजूद भारत ने इंग्लैंड के डिफेंस को तो चुनौती दी, लेकिन वह इंग्लैंड की गोलकीपर को भेदने में नाकाम रहा। इसका फायदा उठाते हुए मेहमान टीम हाफ टाइम तक अपनी एक गोल की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रही। बढ़त हासिल करने के बाद, इंग्लैंड ने गेंद को बेहतरीन तरीके से पास किया और मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। भारत को दबाव बनाने के कुछ मौके मिले, लेकिन मेहमान टीम का डिफेंस मजबूती से डटा रहा।

### चैंपियंस ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान

# सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। लगभग दो दशक लंबे करियर के बाद उन्होंने रविवार को अपने इंटरनेशनल करियर को अलविदा कह दिया।सरफराज पाकिस्तान के उन खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं जिन्होंने टीम को कई यादगार जीत दिलाई और खासकर आईसीसी चैंपियंस ट्राफी 2017 में ऐतिहासिक खिताब जिताकर बड़ी पहचान बनाई।

**तीनों फॉर्मेट में शानदार करियर** – सरफराज अहमद ने पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में क्रिकेट खेला। उन्होंने अपने करियर में 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले। इन मैचों में उन्होंने कुल 6,164 रन बनाए, जिसमें 6 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं।



### 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में दिलाई ऐतिहासिक जीत

सरफराज अहमद के करियर का सबसे बड़ा पल आईसीसी चैंपियस ट्राफी 2017 रहा। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को 180 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस जीत के साथ सरफराज पाकिस्तान के पहले कप्तान बने जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

### जूनियर और सीनियर स्तर पर भी जीता आईसीसी खिताब

सरफराज अहमद की कप्तानी की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि उन्होंने जूनियर और सीनियर दोनों स्तरों पर आईसीसी ट्रॉफी जीती। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2006 में पाकिस्तान की अंडर-19 टीम को खिताब दिलाया था। उस फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 38 रन से हराया था।

### 2007 में किया था डेब्यू, 2023 में खेला आखिरी मैच

सरफराज अहमद ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच 2007 में वनडे के रूप में खेला था। वहीं उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में खेला था। इसके बाद अब उन्होंने आधिकारिक रूप से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

### रिटायरमेंट पर सरफराज अहमद का भावुक संदेश

संन्यास की घोषणा करते हुए सरफराज अहमद ने कहा कि पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन्होंने अपने साथियों, कोच, परिवार और फैंस का धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट उनके दिल के बेहद करीब है और वह आगे भी किसी न किसी रूप में खेल का समर्थन करते रहेंगे।

### टी20 वर्ल्ड कप

# तीन डक के बाद भी नहीं टूटा भरोसा, गौतम गंभीर ने अभिषेक शर्मा को दी थी खास सलाह



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम की जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने युवा ओपनर अभिषेक शर्मा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बावजूद टीम मैनेजमेंट ने अभिषेक पर भरोसा बनाए रखा। गंभीर ने बताया कि उन्होंने युवा बल्लेबाज को डर के बिना अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी थी।

**खराब शुरुआत के बावजूद टीम का भरोसा** – टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मुकाबलों में अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह लगातार तीन मैचों में डक पर आउट हो गए थे। इसके बाद उनकी फॉर्म को लेकर काफी सवाल उठने लगे थे। हालांकि टीम मैनेजमेंट ने उन्हें लेकर कोई संदेह नहीं जताया और उन्हें लगातार समर्थन दिया।

**गंभीर ने अपने करियर का उदाहरण दिया** – गौतम गंभीर ने अभिषेक को समझाने के लिए अपने करियर का एक अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि 2014 के आईपीएल सीजन में वह खुद भी खराब दौर से गुजरे थे और लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुए थे। गंभीर ने कहा कि कई बार खिलाड़ी फॉर्म में होते हैं, लेकिन रन नहीं बन पाते। इसलिए सिर्फ स्कोरकार्ड देखकर किसी खिलाड़ी का आकलन करना सही नहीं होता।

**'20-30 गेंद खेलने के बाद ही पता चलता है फॉर्म'** – गंभीर के अनुसार किसी बल्लेबाज की फॉर्म का सही अंदाजा तब ही लगाया जा सकता है जब वह क्रीज पर कुछ समय बिताए।उन्होंने कहा कि जब तक बल्लेबाज 20 से 30 गेंदों का सामना नहीं करता, तब तक यह कहना मुश्किल होता है कि वह फॉर्म में है या नहीं। इसी वजह से उन्होंने अभिषेक को अगले मैच में और भी ज्यादा आक्रामक खेलने की सलाह दी।



# कार्लोस अल्कारेज को मिली हार

### मेदवेदेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में दी मात

**इंडियन वेल्स , एजेंसी।** रूस के डेनिल मेदवेदेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्कारेज को मात दी। इस तरह अल्कारेज को 16 मैचों बाद पहली हार का सामना करना पड़ा।

डेनिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह अल्कारेज का 16 मैचों से चला आ रहा विजयी अभियान समाप्त हो गया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया।

### मेदवेदेव का अब सिनर से होगा सामना

फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले अल्कारेज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

### आईसीसी का कड़ा एक्शन

# पाकिस्तानी बल्लेबाज सलमान अली आगा को लगी फटकार, खाते में जुड़ा डिमेरिट पॉइंट

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान अपना आपा खोना पाकिस्तानी क्रिकेटर सलमान अली आगा को भारी पड़ गया है। आईसीसी ने आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उन्हें आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है। शुक्रवार को ढाका में खेले गए मैच के दौरान सलमान आगा को बांग्लादेशी कप्तान मेहदी हसन मिराज ने रन आउट किया था। इस विवादित रन आउट को आगा ने 'खेल भावना के खिलाफ' माना। आउट होकर पवेलियन लौटते समय उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए हेलमेट और ग्लव्स सीमा रेखा (बाउंड्री) के पास फेंक दिए थे। अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघनः उन्हें आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का दोषी पाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खेल सामग्री या उपकरणों के साथ दुर्व्यवहार से संबंधित है।



## न्यूज बाइट्स

### जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, पिता-बेटी जख्मी

**रफीगंज (औरंगाबाद )(नि. सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के गरवा गांव में रविवार दोपहर जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में पिता और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। घायलों की पहचान गरवा गांव निवासी जगरनाथ सिंह और उनकी पुत्री खुशी कुमारी के रूप में हुई है। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा किया गया। बताया जा रहा है कि इस झड़प में दूसरे पक्ष के कुछ लोग भी घायल हुए हैं, हालांकि वे इलाज के लिए सदर अस्पताल नहीं पहुंचे, जिससे उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है। घायल जगरनाथ सिंह ने बताया कि वह अपनी जमीन पर मकान निर्माण का काम करा रहे थे। इसी दौरान उनके गोतिया हरे कृष्ण सिंह, शंकर सिंह, देवती देवी और रेणु देवी वहां पहुंच गए और जबरदस्ती निर्माण कार्य रुकवाने लगे। विरोध करने पर सभी लोग आक्रोशित हो गए और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में जगरनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पिता की पिटाई होते देख उनकी पुत्री खुशी कुमारी बीच-बचाव करने पहुंची, लेकिन आरोप है कि हमलावरों ने उसकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल पिता-बेटी को इलाज के लिए पहले रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया।

### मद्यनिषेध मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** मद्यनिषेध से जुड़े मामले में संलिप्त तीन अभियुक्तों को औरंगाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उपहारा थाना की पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त मद्यनिषेध से संबंधित कांड में शामिल थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझियावां गांव में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा

# छज्जा गिरने से दो की मौत, 25 घायल



सत्यनारायण सिंह
मृतक



अखिलेश्वर यादव
मृतक



**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझियावां गांव में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। जयमाल के कार्यक्रम के बीच अचानक मकान का छज्जा (पोर्टिको) भरभराकर गिर पड़ा। इस दुर्घटना में मलबे के नीचे दबने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 25 लोग घायल हो गए। शादी की खुशियों के बीच हुई इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार, मंझियावां गांव निवासी रामव्यास सिंह की बेटी की शादी थी। बारात गोह थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से आई हुई थी। द्वारपूजा के बाद जयमाल का कार्यक्रम चल रहा था और बड़ी संख्या में ग्रामीण व मेहमान समारोह में शामिल थे। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल के पास बने मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। छज्जा गिरते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और मलबा नीचे बैठे लोगों पर गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान सत्यनारायण सिंह और अखिलेश्वर यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों मृतक रिश्ते में दुल्हन के भाई थे। अखिलेश्वर यादव झारखंड के धनबाद में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। सत्यनारायण सिंह खेती-किसानी से जुड़े हुए थे।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने मिलकर मलबा हटाया और उसमें दबे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घायलों का इलाज दाउदनगर, ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य हायर सेंटरों में चल रहा है। शादी समारोह में मौजूद कुणाल प्रताप सिंह और अभिमन्यु यादव ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अखिलेश्वर यादव अपने भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। उनकी एक बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी और बेटे की शादी अभी बाकी थी। वहीं सत्यनारायण सिंह की दो बेटियों की शादी हो चुकी है। इस दर्दनाक घटना के बाद शादी का माहौल पल भर में मातम में बदल गया और पूरे गांव में शोक पसरा हुआ है।

## सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

- भांजी की शादी में गया था, लौटते वक्त बाइक डिवाइडर से टकराई; चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुशी गांव निवासी एक युवक की झारखंड में सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपनी भांजी की शादी में शामिल होने गया था। देर रात घर लौटने के दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुदामा पासवान के 35 वर्षीय बेटे कमलेश कुमार के रूप में की गई है। मृतक के बड़े भाई संतोष पासवान ने बताया कि कमलेश कुमार पेशे से मैकेनिक था और जसोईया स्थित एक बड़ी वाहन एजेंसी में काम करता था। शनिवार की शाम वह झारखंड के सिमरवार गांव स्थित अपने बहनोई डोमन पासवान के घर भांजी की शादी में शामिल होने गया था। शादी समारोह के बाद देर रात वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। रात करीब दो बजे के बाद वह घर के लिए निकला। इसी दौरान झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र स्थित हरिहरगंज-अंबा बाइपास पर एनएच-139 के पास निर्माणाधीन बायपास रोड के ओवरब्रिज के समीप उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी देर तक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। कुछ देर बाद पुलिस की गश्ती वाहन की नजर घायल कमलेश पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने उसे तत्काल हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इधर कमलेश के घर नहीं पहुंचने पर परिजन चिंतित हो गए और उसे फोन करने लगे, लेकिन वह कॉल नहीं उठा रहा था। बाद में सुजीत पासवान नामक व्यक्ति ने फोन कर परिजनों को बताया कि कमलेश का एक्सीडेंट हो गया है और उसे हरिहरगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे और उसे इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले आए। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे वाराणसी स्थित ट्रॉमा सेंटर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में डेहरी ऑन सोन के पास उसकी हालत और बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। कमलेश कुमार दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

वह अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें 7 वर्ष की एक बेटी, 6 साल का एक बेटा और 3 साल के दो जुड़वा बेटे शामिल हैं। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना अध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को दे दिया गया है।

## बिहार दिवस पर 17 से 23 मार्च तक औरंगाबाद में होंगी विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

बिहार दिवस 2026 के अवसर पर जिले में 17 से 23 मार्च तक विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश पर तथा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक एवं समग्र शिक्षा) अमृतेश आर्यन ने बताया कि बिहार दिवस समारोह के तहत जिले के विद्यालयों में गणित ओलंपियाड, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता सहित कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं की शुरुआत विद्यालय स्तर से की जा रही है। विद्यालय स्तर पर विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जबकि प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए 17 मार्च को आम्रपाली कला केंद्र, दानी बिगहा, औरंगाबाद में ऑडिशन एवं स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया है। इसमें जिले के सभी कोटि के विद्यालय अपने-अपने संस्थान से एक सामूहिक कार्यक्रम तैयार कर भाग लेंगे। सामूहिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह गान और समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसकी विषयवस्तु राष्ट्रीय भावना और देशभक्ति से संबंधित होगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन 18 मार्च को, जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 19 मार्च को तथा जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च को किया जाएगा। इन सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन आम्रपाली कला केंद्र, दानी बिगहा, औरंगाबाद में पूर्वाह्न 10 बजे से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च को पूर्वाह्न 10 बजे से खेल भवन, गांधी मैदान, औरंगाबाद में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अमृतेश आर्यन ने बताया कि गणित ओलंपियाड, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में केवल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम विजेता ही भाग लेंगे, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले के सभी कोटि के विद्यालयों से एक-एक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इन सभी प्रतियोगिताओं में सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रखंडों के छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक परिभ्रमण भी कराया जाएगा। इसके अंतर्गत रफीगंज एवं मदनपुर प्रखंड के छात्र-छात्राओं को उमगा मंदिर, कुटुंबा एवं नवीनगर प्रखंड के छात्र-छात्राओं को नेचर सफारी देव, औरंगाबाद प्रखंड के छात्र-छात्राओं को देव सूर्य मंदिर, ओबरा एवं बारुण प्रखंड के छात्र-छात्राओं को सीतयोग इंजीनियरिंग कॉलेज तथा हसपुरा, दाउदनगर एवं गोह प्रखंड के छात्र-छात्राओं को देवकुंड मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## जिला विधिज्ञ संघ चुनाव : भारी मतों से सतीश कुमार स्नेही बने सहायक सचिव

- वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर यमुना प्रसाद सिंह, मो. अकमल हसन, अनील कुमार सिंह, संत सिंह और महेश प्रसाद सिंह विजयी हुए।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के चुनाव की मतगणना के अंतिम दिन सहायक सचिव पद के लिए मतों की गिनती पूरी की गई, जिसमें सतीश कुमार स्नेही ने भारी मतों से जीत दर्ज की। सहायक सचिव पद के लिए हुए चुनाव में सतीश कुमार स्नेही को 406 वोट प्राप्त हुए, जबकि श्यामनंदन तिवारी को 295 वोट, पवन कुमार सिंह को 280 वोट और मनोज कुमार सिंह को 220 वोट मिले। मतगणना के बाद सतीश कुमार स्नेही, श्यामनंदन तिवारी और पवन कुमार सिंह को इस पद पर विजयी घोषित किया गया। वहीं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए हुए चुनाव में यमुना प्रसाद सिंह, मो. अकमल हसन, अनील कुमार सिंह, संत सिंह और महेश प्रसाद सिंह विजयी घोषित हुए। इस पद के लिए हुए मतदान में यमुना प्रसाद सिंह को 270 वोट मिले, जबकि मो. अकमल हसन को 234 वोट, अनील कुमार सिंह को 214 वोट, संत सिंह को 179 वोट और महेश प्रसाद सिंह को 176 वोट प्राप्त हुए।

इसके अलावा ओंकार कुमार सिंह को 168 वोट, मिथलेश कुमार को 166 वोट, विपिन बिहारी मिश्रा को 130 वोट, संजय कुमार सिन्हा को 126 वोट, अम्बुज कुमार सिन्हा को 116 वोट, सुनील कुमार सिंह को 95 वोट तथा सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह को 90 वोट मिले। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने बताया कि मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के सभी अधिवक्ताओं और उम्मीदवारों को बधाई देते हुए विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं।

### अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक

रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)। रफीगंज शहर के कलाली मोड़ स्थित एक निजी भवन में रविवार को अंबेडकर विचार मंच की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई और भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन राजेंद्र कुमार राकेश ने किया। विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी और लालदेव पासवान ने तैयारियों पर चर्चा की जानकारी दी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए अगली बैठक में एक समिति (कमेटी) का गठन किया जाएगा। यह समिति कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगी और विभिन्न जिम्मेदारियां तय करेगी। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग और व्यापक जनभागीदारी पर जोर दिया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विनय सिंह, राजेंद्र कुमार राकेश, सरिता बौद्ध, उपेंद्र कुमार, रामाशीष प्रसाद, दयानंद दास, अर्जुन पासवान, शिव शंकर दास, कौशल्या देवी, जितेंद्र नारायण सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

सोन दियारा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह शराब भट्ठियां ध्वस्त

## एक हजार लीटर महुआ जावा नष्ट 170 लीटर देसी शराब बरामद

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र स्थित सोन दियारा में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई महादेवा गांव के पास चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान की गई। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने करीब एक हजार लीटर महुआ जावा को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा 170 लीटर देसी महुआ शराब तथा शराब बनाने में उपयोग होने वाले 12 छोटे-बड़े एल्यूमीनियम के तसले भी बरामद किए गए।

पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब निर्माण में लगे कारोबारी मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण, परिवहन और खरीद-बिक्री के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी हालत में अवैध कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी के साथ एसआई कुणाल कुमार, अंकित कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे।

## चैती छठ को लेकर औरंगाबाद के देव में तैयारियों की समीक्षा, पुलिस अधीक्षक ने दिए आवश्यक निर्देश

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**



आस्था और श्रद्धा के महापर्व चैती छठ को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक ने देव थाना क्षेत्र स्थित छठ पूजा स्थल, आवासन व्यवस्था और पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने छठ घाटों, श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग और भीड़ नियंत्रण के लिए किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चैती छठ के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं, इसलिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना बेहद जरूरी है। इस मौके पर सदर-02 के एसडीपीओ, यातायात डीएसपी, रक्षित डीएसपी, मुख्यालय-02 के डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी, देव थाना प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि चैती छठ बिहार का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें श्रद्धालु भगवान सूर्य और छठी मईया की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पर्व पर औरंगाबाद जिले के देव स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर में दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार यहां सूर्य भगवान की आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। प्रशासन द्वारा छठ पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है, ताकि श्रद्धालु श्रद्धा और सुरक्षा के साथ पूजा-अर्चना कर सकें।

### मद्यनिषेध को प्रभावी बनाने के लिए सघन वाहन जांच

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम तथा मद्यनिषेध कानून को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने संदिग्ध वाहनों की जांच की तथा वाहन चालकों से आवश्यक कागजात की पड़ताल की। साथ ही शराब के अवैध परिवहन की आशंका को देखते हुए वाहनों की विशेष रूप से तलाशी ली गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा मद्यनिषेध कानून के सख्ती से पालन के लिए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से भी कानून का पालन करने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की।

### झूलते तार की चपेट में आने से हाथी की मौत

बारुण (औरंगाबाद)(नि.सं.)। नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के मेंह पुल के पास नहर रोड पर झूल रहा 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली का तार करीब पांच वर्षों से झूल रहा है। ग्रामीणों द्वारा विभाग में बार-बार शिकायत करने के बावजूद इसे दुरुस्त नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण आवागमन करते हैं। किसान, मजदूर और ग्रामीण खेत की ओर जाने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। कई लोग सिर पर धान या गेहूं का बोझा लेकर गुजरते हैं, ऐसे में झूलते तार के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। मुखिया ने बताया कि शनिवार की शाम इसी झूलते बिजली तार की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत हो गई।

गायत्री मंत्र के मानसिक जाप का किया गया आयोजन

## आयोजित कार्यक्रम में आचार्यों ने बताया मंत्र जाप से मिलता है मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा

**निज संवाददामता | देव (औरंगाबाद)**



सौर तीर्थस्थल देव में रविवार को गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री मंत्र के मानसिक जाप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्वत आचार्यों ने गायत्री मंत्र के जाप के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में बताया गया कि गायत्री मंत्र का नियमित मानसिक जाप मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माना जाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और चिंता आम समस्या बनती जा रही है। ऐसे में लोग दवाइयों और परामर्श के साथ-साथ आध्यात्मिक उपायों की ओर भी रुख कर रहे हैं। आचार्यों ने कहा कि भारतीय परंपरा में 'ॐ' और गायत्री मंत्र को मानसिक शांति प्राप्त करने का एक प्रभावी माध्यम माना गया है। 'ॐ' और गायत्री मंत्र की ध्वनि से उत्पन्न आध्यात्मिक तरंगें सीधे मानव मन को प्रभावित करती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मंत्रों का नियमित जाप मानसिक शांति प्रदान करने के साथ-साथ मन को एकाग्र और सकारात्मक बनाने में भी सहायक होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की सरिता अग्रवाल, व्यवस्थापक गीता देवी, शांति देवी, अनीता देवी, ललित शर्मा, सचिव अपिश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष श्यामता प्रसाद यादव, अध्यक्ष रामसेवक जायसवाल तथा अमरेंद्र चौरसिया सहित सैकड़ों धर्म अनुरागियों ने भाग लिया।

